हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित



खेल

Page 11

**कोहली रूट को छोड़ा पीछे : केन विलियमसन ने टेस्ट क्रिकेट में रचा इतिहास**

देश

Page 10

**गुमशुदगी का पोस्ट वायरल होने पर बोलीं कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट-जिंदा हूं...**



शुक्ल पक्ष, ज्येष्ठा, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • रविवार • 01 दिसम्बर 2024 • वर्ष 26 • अंक 350 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 78,000 | ₹91,500 |



## आज का इतिहास

- 1933 : भारत में कोलकाता और ढाका के बीच पहले यात्री विमान सेवा की शुरूआत हुई।
- 2010 : भारतीय वैज्ञानिक और स्वदेशी आंदोलन प्रणेता राजीव दीक्षित का निधन हुआ।

## न्यूज बाइट्स

### पीयू के दीक्षांत समारोह में 30 छात्राओं को गोल्ड मेडल

**पटना (नि.सं.)।** पटना विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह शनिवार को पटना वीमेंस कॉलेज के वेरोनिका ऑडिटोरियम में किया गया। इसमें राज्यपाल विश्वनाथ आर्लेकर ने टॉपर छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। पटना विश्वविद्यालय के वार्षिक दीक्षांत समारोह में 47 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी गई। साथ ही 43 छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल दिया।

### बिहार के 5 जिलों में बनेगा टेक्नोलॉजी एक्सटेंशन सेंटर

**पटना (नि.सं.)।** मोदी कैबिनेट में मंत्री और बिहार के पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने कहा कि बहुत जल्द बिहार के पांच जिलों में टेक्नोलॉजी एक्सटेंशन सेंटर खोले जाएंगे। सबसे पहले इसका निर्माण गया जिले में किया जाएगा। गया के अलावा राजगीर, रोहतास, दरभंगा और सारण में भी टेक्नोलॉजी एक्सटेंशन सेंटर बनाये जाएंगे। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग के मंत्री जीतनराम मांझी ने ये घोषणा की। उन्होंने बताया कि टेक्नोलॉजी एक्सटेंशन सेंटर के लिए मंजूरी मिल गई है। इस योजना के तहत देशभर में फैले एमएसएमई केंद्र शामिल होंगे, जिन्हें तकनीकी सहायता प्रदान की जाएगी।

### बाइक पार्ट्स दुकान में पांच लाख की चोरी

**जहानाबाद (नि.सं.)।** जहानाबाद शहर के पटना-गया मुख्य मार्ग पर पीएनबी बैंक के पास स्थित रवि बुलेट सेंटर नामक मोटरसाइकिल पार्ट्स की दुकान में चोरों ने लगभग पांच लाख रुपये की चोरी कर ली। चोरी की यह घटना छत में दिए करकट को तोड़कर अंजाम दी गई। दुकान मालिक के हवाले से बताया गया कि चोरों ने 10 हजार रुपये नकद और पार्ट्स समेत कुल पांच लाख रुपये का सामान चुरा लिया। संचालक रवि कुमार ने बताया कि जब शनिवार को दुकान खोलने पहुंचे तो अंदर सारा सामान गायब पाया। छानबीन के दौरान देखा गया कि दुकान के ऊपर का करकट टूटा हुआ था, उसी से होकर चोरों ने दुकान में प्रवेश किया। घटना की सूचना नगर थाने की पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि ठंड बढ़ने के साथ ही चोरी की घटनाओं में भी इजाफा हो रहा है, जिससे व्यापारियों में भय का माहौल कायम हो गया है।

### महाराष्ट्र में 5 दिसंबर को होगा नई सरकार का शपथ ग्रहण

**मुंबई (महाराष्ट्र) (ए.)।** महाराष्ट्र में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह पांच दिसंबर को शाम पांच बजे होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी उपस्थित रहेंगे, लेकिन, अभी मुख्यमंत्री के नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। भाजपा के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने अपने एक्स हैंडल पर जानकारी दी है कि राज्य में महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह पांच दिसंबर को शाम पांच बजे दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में होगा। इसमें स्वयं पीएम मोदी भी उपस्थित रहेंगे।

केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मंत्री निर्मला सीतारमण ने की मधुबनी में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम की अध्यक्षता

# निर्मला सीतारमण ने 50294 लाभार्थियों में वितरित किए 1121 करोड़ की ऋण

- विभिन्न ग्रामीण सड़क परियोजनाओं के लिए नाबार्ड और सिडबी ने क्रमशः 155.84 करोड़ रुपये और 75.52 लाख रुपये से अधिक की मंजूरी की घोषणा की
- केंद्रीय वित्त मंत्री ने विशिष्ट नागरिकों को मैथिली और संस्कृत में संविधान की पांच-पांच प्रतियां कीं वितरित



निज संवाददाता | मधुबनी

केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण आज बिहार के मधुबनी में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में शामिल हुई, जहां 50294 लाभार्थियों को 1121 करोड़ रुपए के ऋण वितरित किए गए। श्रीमती सीतारमण ने शनिवार को यहां बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की उपस्थिति में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस दौरान 50294 लाभार्थियों को 1121 करोड़ रुपए के ऋण वितरित किए गए। इस मौके पर श्री चौधरी ने क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में मधुबनी आने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण को धन्यवाद दिया। साथ ही क्षेत्र में आर्थिक विकास के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री की देखरेख में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में किए जा रहे प्रयासों का विशेष रूप से उल्लेख किया।

क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम के दौरान 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के कुछ वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबीपीएमजेएवाई) कार्ड भी प्रदान किए गए। इस दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री ने प्रतिष्ठित नागरिकों को मैथिली और संस्कृत में संविधान की पांच-पांच प्रतियां भी वितरित कीं। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने विभिन्न ग्रामीण सड़क परियोजनाओं के लिए 155.84 करोड़ रुपये और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने 75.52 लाख रुपये से अधिक की राशि मंजूर करने की घोषणा की। बाद में श्रीमती सीतारमण ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ लगभग 25 स्टॉलों का भी दौरा किया, जिनमें बैंकों और नाबार्ड द्वारा वित्तपोषित उद्यमियों के विभिन्न स्थानीय उत्पादों और हस्तशिल्प को प्रदर्शित किया गया था।

बैंकों ने स्कूलों में बुनियादी ढांचे की बेहतरी के लिए कॉर्पोरेट-सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियों के तहत खास तौर पर लड़कियों के लिए बने स्कूलों में सहायता को भी मंजूरी दी। केंद्रीय वित्त मंत्री ने एक एम्बुलेंस को भी हरी झंडी दिखाई और सीएसआर के तहत विभिन्न गतिविधियों की घोषणा की गई। कार्यक्रम में सांसद रामप्रीत मंडल, संजय कुमार झा, डॉ. अशोक कुमार यादव, विधायक विनोद नारायण झा, सुधांशु शेखर और घनश्याम ठाकुर भी शामिल हुए।इसी तरह वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम. नागराजू, नाबार्ड के अध्यक्ष के.वी. शैजी, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एम.वी. राव, सिडबी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) मनोज मित्तल, डीएफएस के अतिरिक्त सचिव एम.पी. तंगिराला और एसबीआई के उप प्रबंध निदेशक (डीएमडी) सुरिंदर राणा ने भी क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में भाग लिया। स दौरान श्री एम. नागराजू और भारतीय स्टेट बैंक के डीएमडी ने जिले में वित्तीय समावेशन पहल के तहत बैंकों द्वारा किए गए प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी।

# मुख्यमंत्री ने चार दिवसीय राज्य स्तरीय कृषि यांत्रिक मेले का किया उद्घाटन

निज संवाददाता | पटना

पटना के गांधी मैदान में सीएम नीतीश कुमार ने चार दिवसीय राज्य स्तरीय कृषि यांत्रिक मेले का उद्घाटन किया। इस दौरान बिना नाम लिए लालू-राबड़ी शासनकाल पर जमकर निशाना साधा। सीएम ने कहा कि भूलिएगा मत याद कीजिए। नवंबर 2005 में हम सरकार में आए थे। उससे पहले कुछ काम होता था क्या। पत्रकारों से कहा कि आप लोगों की उम्र कम है, नहीं देखते हैं। पहले क्या था। आज इतने बड़े पैमाने पर मेले का आयोजन हो रहा है। 2006 में कृषि रोड मैप बनाया। किसान कई तरह से खेती कर रहे हैं। बिहार में बहुत अच्छे तरीके से काम हो रहा है। कृषि के क्षेत्र में कितना काम हुआ है। कभी कोई इतना कर पाया है। महिलाएं कितना अच्छे से काम कर रही हैं। सभी खुश हैं।

कार्यक्रम के दौरान सीएम नीतीश कुमार ने किसानों के लिए लगे स्टॉल का निरीक्षण भी किया। किसानों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने मंच से दूरी बनाई रखी। घूम-घूमकर पूरे मेले का जायजा लिया। मुख्यमंत्री के साथ कृषि मंत्री मंगल पांडेय, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, कृषि सचिव संजय अग्रवाल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। गांधी मैदान में 4 दिवसीय राज्य स्तरीय कृषि यांत्रिकीकरण मेला(एग्रो बिहार-2024) का आयोजन किया गया है। मेले में कई विभाग और संस्थानों की ओर से स्टॉल लगाए गए हैं। प्रति दिन किसान पाठशाला भी लगाया जाएगा। जहां कृषि वैज्ञानिक और विभागीय अधिकारी सरकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। साथ ही खेती करने के तरीके भी बताएंगे। किसानों को कृषि यंत्र से बुआई और कटाई करना भी सिखाया जाएगा।



### आधुनिक कृषि यंत्र की प्रदर्शनी

इस मेला में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित मशीन, गन्ना हार्वेस्टर, कीटनाशाक छिड़काव के लिए छोटे-बड़े ड्रोन, फसल कटाई से संबंधित कृषि यंत्र से लेकर बागवानी में उपयोग होने वाले छोटे-बड़े मशीनों की प्रदर्शनी लगाई है। संबंधित स्टॉल में कृषि यंत्र के बारे में पूरी जानकारी ले सकते हैं। मेले में कृषि यंत्रों के अलावा बीज निगम उद्यान, इक्रीसेट, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, कृषि विश्वविद्यालय की ओर से खेती के लिए बीज भी उपलब्ध करवा जा रहे हैं। इसके अलावा पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, सहकारिता विभाग, उद्योग विभाग, गन्ना उद्योग विभाग, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने स्टॉल भी लगाए हैं।

# व्यवसायिक वाहन चालकों और उनके परिवारों को दिया जाएगा चिकित्सा सेवाएं और बीमा का लाभ

निज संवाददाता | पटना

### योजना के नोडल पदाधिकारी होंगे राज्य परिवहन आयुक्त

वाहन चालक कल्याण योजना के अनुश्रवण और क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय कमेटी गठित की जाएगी। राज्य स्तर पर मुख्य सचिव कमेटी के अध्यक्ष, परिवहन सचिव उपाध्यक्ष तथा गृह, पथ निर्माण, स्वास्थ्य, श्रम विभाग और समाज कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव या प्रधान सचिव या सचिव इसके सदस्य जबकि राज्य परिवहन आयुक्त सदस्य सचिव होंगे। इसके साथ ही राज्य परिवहन आयुक्त राज्य स्तर पर योजना के नोडल पदाधिकारी होंगे। जिला स्तर पर जिला पदाधिकारी कमेटी के अध्यक्ष होंगे। मुख्यमंत्री वाहन चालक कल्याण योजना, व्यवसायिक वाहन चालकों और उनके परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना के अंतर्गत चालकों (बस, ट्रक, ऑटो, टैक्सी आदि) एवं उनके परिवारों को चिकित्सा सुविधाएं, जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा और वैकल्पिक दुर्घटना बीमा का लाभ मिलेगा।

व्यावसायिक वाहन चालकों सहित उनके परिवार को भी चिकित्सीय सुविधा और विभिन्न बीमा का लाभ देने की तैयारी तेज हो गई है। इसके साथ ही वाहन चालकों को भारी मोटर वाहन चालन का विशेष प्रशिक्षण के साथ-साथ रिफ्रेशर ट्रेनिंग दी जाएगी। वाहन चालकों और उनके परिवार की सुरक्षा और कल्याण तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग की ओर से मुख्यमंत्री वाहन चालक कल्याण योजना-2024 लायी गयी है। योजना के सफल संचालन के लिए सॉफ्टवेयर का काम चल रहा है। बहुत जल्द ही इस योजना का शुभारंभ किया जाएगा। हाल ही में कैबिनेट की बैठक से मुख्यमंत्री वाहन चालक कल्याण योजना की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस योजना के तहत सभी पंजीकृत वाहन चालक और उनके परिवार को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और उपचार में सहायता प्रदान करने के लिए बीमा योजना के अंतर्गत लाया जाएगा। आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य बीमा से आच्छादित किया जाएगा। इसके तहत सरकारी और निजी सूचीबद्ध अस्पतालों में इलाज के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख रुपये का निःशुल्क लाज संभव हो सकेगा। परिवहन मंत्री शीला कुमारी ने कहा, वाहन चालकों का समाज और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है। जोखिम भरे उतरदायित्व और सड़क सुरक्षा में इनकी भूमिका को देखते हुए उनके कल्याण के लिए परिवहन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री वाहन चालक कल्याण योजना का सूत्रण किया गया है।

### किसे मिलेगा लाभ

बस, ट्रक, ऑटो, तिपहिया, ई रिक्शा, टैक्सी के मालिक जो स्वयं चालक हो या किसी संस्था, व्यक्ति आदि का वाहन चलाता हों, छोटे मालवाहक वाहन (एलएमवी) के मालिक जो खुद चालक हों और बिहार में गाड़ी चलाते हैं।

# नवीनगर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय सिंह की गोली मारकर हत्या, क्षेत्र में हड़कंप



निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)

### पूर्व सांसद सुशील सिंह ने जताया दुख



औरंगाबाद भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने नवीनगर व्यापार मंडल अध्यक्ष अंकोरहा गांव निवासी संजय सिंह की गोली मारकर हत्या करने पर गहरा शोक प्रकट किया है पूर्व सांसद ने कहा कि मैं जिला प्रशासन से मांग करता हूं कि इनकी हत्या में शामिल अपराधी को पुलिस जल्द से जल्द गिरफ्तार करें बताते चले कि संजय सिंह जिनकी हत्या हुई है यह नवीनगर के पूर्व प्रमुख राजेन्द्र सिंह के भतीजे है एवं इनकी पत्नी अभी वर्तमान में पैक्स अध्यक्ष की पद पर निर्वाचित हुई है। जिला प्रशासन पूरी तत्परता के साथ इस केस में शामिल अपराधी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करें इनका निधन मेरे लिए बहुत दुःखद है। ईश्वर परिवार को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें जिनका निधन मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है जिसकी भरपाई नही हो सकता है। इस दुःख की घड़ी में मैं परिवार के साथ हूं।यह घटना बहुत ही दुखदायी है। इस घटना से मैं बहुत दुःखी हूं।

जिले के नवीनगर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। यह दिल दहला देने वाली घटना उस समय हुई जब संजय सिंह औरंगाबाद से अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में सोनौरा गांव के पास अपराधियों ने उन्हें घेर लिया और बुरी तरह से गोलियों से छलनी कर दिया। इस हादसे ने क्षेत्र में दहशत का माहौल बना दिया है और व्यापार मंडल के सदस्य शोक में डूबे हुए हैं। जानकारी के अनुसार, संजय सिंह को गोली मारने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। इस वारदात के बाद स्थानीय पुलिस और प्रशासन की ओर से पूरे क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है, ताकि अपराधियों को पकड़कर सख्त सजा दिलवाई जा सके। संजय सिंह के निधन से उनके परिवार में भी शोक की लहर है। उनकी पत्नी मीना देवी जो अंकोरहा की पैक्स अध्यक्ष हैं, इस दुखद घटना से बुरी तरह टूट चुकी हैं। उनके परिवार के लोग इस हत्याकांड के पीछे की असली वजह और अपराधियों की पहचान को लेकर पुलिस से जल्द कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं। यह घटना व्यापार मंडल सहित पूरे इलाके में एक बड़ा सवाल खड़ा करती है, और स्थानीय लोग इस हमले के पीछे की वजहों को जानने के लिए बेचैन हैं। अब यह देखना है कि पुलिस प्रशासन इस मामले को कैसे सुलझाता है और अपराधियों को पकड़ने में कितनी सफलता प्राप्त करता है।

# राज्य के 55 हजार राशन विक्रेता 17 को करेंगे प्रदर्शन

**पटना (नि.सं.)।** राज्य के 55 हजार जन वितरण विक्रेता अपनी आठ सूत्री मांगों के लिए 17 दिसंबर को पटना में प्रदर्शन करेंगे। फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के महामंत्री वरुण कुमार सिंह ने बताया कि प्रदर्शन में विक्रेता अपनी मांग रखेंगे। मांग नहीं मानी गई तो राशन विक्रेता हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे। राशन विक्रेताओं की आठ सूत्री मांगें हैं, इसमें 30000 प्रति माह मानदेय दिया जाए, दिल्ली और हरियाणा सरकार के तर्ज पर 300 प्रति क्विंटल डीलर मार्जिन मनी (कमीशन), पूर्व की भांति अनुकंपा पर अनुज्ञप्ति देना, विक्रेता के नॉमिनी को अनुज्ञप्ति में साझेदार बनाना, साप्ताहिक छुट्टी निलंबन आदेश लागू करना शामिल है। कहा कि मांगें नहीं माने जाने पर गर्दनीबाग में ही आमसभा कर एक जनवरी या एक फरवरी से हड़ताल पर जाने पर विचार किया जाएगा।

# लैंड सर्वे : अब बिना म्यूटेशन के होगी जमीन की मापी

निज संवाददाता | पटना



बिहार में लैंड सर्वे को लेकर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने नया आदेश जारी किया है। अब बिना म्यूटेशन कराए जमीन की नापी करवा सकते हैं। रैयत जमीन मापी के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मापी फीस का जमा नहीं करने पर एप्लीकेशन रद्द कर दिया जाएगा। मापी फीस को लेकर भी लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसके साथ आम लोग मापी के लिए रेवेन्यू कोर्ट मैनेजमेंट के जरिए भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### जमाबंदी में ऑनलाइन सुधार की सुविधा

पहले सरकारी जमीन, कोर्ट से पारित आदेश, विधि व्यवस्था से संबंधित मामले और लोक शिकायत निवारण में पारित आदेश में मापी को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश का अभाव था। नए आदेश में कहा गया है कि ई-मापी पोर्टल के ड्रॉप डाउन में ये चारों मामलों को जोड़ा जाएगा। इससे रैयतों को अपनी जमीन मापी की ऑथेंटिक कॉपी मिलने में सहूलियत होगी। इसके लिए प्रचार और प्रसार भी किया जाएगा। मीटिंग में ये निर्णय लिया गया है कि परिमार्जन में सुधार के बाद ही जमीनों की जमाबंदी होगी। विभाग की ओर से परिमार्जन प्लस पोर्टल के जरिए जमाबंदी में सुधार की सुविधा दी गई है। इनमें वैसी जमाबंदियों के डिजिटाइजेशन का भी प्रावधान है जो शुरूआती दौर में छूट गए थे।

### फीस जमा नहीं करने पर आवेदन रद्द कर दिया जाएगा

अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि बिना जमाबंदी के भी नापी का प्रावधान किया जाएगा। बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि एक अमीन प्रति दिन औसतन 3 मापी करेंगे। ये सभी रैयती भूमि से संबंधित मामले हैं। इनमें सरकारी जमीन की मापी शामिल नहीं है।

# अमेरिका से भारतीयों को झटका : विदेशी छात्रों को 20 जनवरी से पहले लौटना होगा वापस

- ट्रंप 20 जनवरी को लेंगे शपथ, किसी दिक्कत से बचने के लिए छात्रों को दी गई यह सलाह
- अमेरिका में 3.3 लाख से ज्यादा भारतीय पढ़ते हैं, इस समय चल रहा शीतकालीन अवकाश



> भारतीयों की मुसीबत बढ़ जाएगी। एमआइटी सहित अन्य विश्वविद्यालयों की ओर से यह सलाह ट्रंप प्रशासन की ओर से अवैध अप्रवासियों के बड़े पैमाने पर निर्वासन की चर्चा के कारण सामने आई है।

एजेंसी | नई दिल्ली

अमेरिका के उच्च शिक्षण संस्थानों ने विदेशी छात्रों और कर्मचारियों को 20 जनवरी से पहले शीतकालीन अवकाश से लौटने की सलाह दी है। इस दिन डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी (एमआइटी) सहित अन्य विश्वविद्यालयों की ओर से यह सलाह ट्रंप प्रशासन की ओर से अवैध अप्रवासियों के बड़े पैमाने पर निर्वासन की चर्चा के कारण सामने आई है। अनुमान है कि देश में एक करोड़ से अधिक अवैध आप्रवासी हैं। इंटरनेशनल एजुकेशनल एक्सचेंज पर ओपन डोर्स रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका में 11 लाख अंतरराष्ट्रीय छात्र हैं। इनमें 330,000 के साथ सबसे बड़ी संख्या भारतीयों की है। हायर एड इमिग्रेशन पोर्टल का अनुमान है कि वर्तमान में 400,000 से अधिक ऐसे छात्र वर्तमान में अमेरिकी उच्च शिक्षा में नामांकित हैं, जो बिना उचित दस्तावेज के यहां रह रहे हैं। एमआइटी की ओर से कहा गया कि जिनके पास वैध एफ वीजा है, उनके ट्रंप प्रशासन द्वारा किसी भी वीजा प्रतिबंध से प्रभावित होने की संभावना नहीं है। साथ ही बिना दस्तावेज वाले छात्रों के विदेश यात्रा की संभावना नहीं है। 2017 के ट्रंप प्रशासन के अनुभव को देखते हुए यह सतर्कता बरतने की सलाह दी जा रही है। ट्रंप प्रशासन ने 27 जनवरी 2017 को एक कार्यकारी आदेश जारी कर सात बहुसंख्यक मुस्लिम देशों के अप्रवासियों और गैर-आप्रवासी यात्रियों को 90 दिनों के लिए अमेरिका में प्रवेश से रोक दिया गया था।

धम्म शताब्दी के संदेश से गूंजेगा भारत, मेकोंग-गंगा सभ्यता के संबंध होंगे मजबूत

# भारत में धम्म के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चौथी धम्म यात्रा 2 से 10 दिसंबर होगी आयोजित

- धम्म यात्रा का समापन बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचे 5 दिसंबर 2024 को होगा

निज संवाददाता | पटना

### भिक्षुओं और विद्वानों की ऐतिहासिक यात्रा

20 से अधिक भिक्षु, बौद्ध विद्वान और विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर 2 दिसंबर को नई दिल्ली से इस यात्रा की शुरुआत करेंगे। इसके बाद यह यात्रा पटना, बोधगया (नालंदा) होते हुए वापस दिल्ली पहुंचेगी और फिर गुजरात की ओर जाएगी। इस यात्रा का मकसद मेकोंग और गंगा सभ्यताओं के गहरे सांस्कृतिक और धार्मिक संबंधों को मजबूत करना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में 21वीं शताब्दी को 'एशियाई शताब्दी' घोषित करते हुए बौद्ध धम्म की केंद्रीय भूमिका पर ज़ोर दिया था। अब उसी सोच को आगे बढ़ाते हुए, धम्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 2 दिसंबर से 10 दिसंबर 2024 तक एक ऐतिहासिक धम्म यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि धम्म के सार्वभौमिक संदेश को फैलाने का एक माध्यम है। इसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर शांति और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। साथ ही, यह यात्रा संघर्षों से बचने और मानवीय एकता का संदेश देने पर केंद्रित होगी। यात्रा का मुख्य आकर्षण 5 दिसंबर 2024 को बोधगया में होगा, जहां 'धम्म शताब्दी घोषणा पत्र' प्रस्तुत किया जाएगा। यह एक ऐसा आयोजन होगा जो धम्म सिद्धांतों को नई ऊंचाई तक ले जाएगा और इसे भू-राजनीतिक सीमाओं, धार्मिक मतभेदों और सांस्कृतिक भिन्नताओं से परे मानवता के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में पेश करेगा। इस कार्यक्रम का आयोजन बोधगया इंस्टिट्यूट 980 द्वारा किया जा रहा है। इसमें भारत और थाईलैंड के साझेदार संगठन जैसे विवेकानंद अंतरराष्ट्रीय फाउंडेशन, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ, थाई राजदूतावास, और थाई बौद्ध मंदिर का योगदान है। यह सहयोग भारत और थाईलैंड के सांस्कृतिक और धार्मिक संबंधों को भी नई दिशा देगा। धम्म शताब्दी का उद्देश्य केवल बौद्ध धर्म तक सीमित नहीं है। यह मानवता के लिए एक सार्वभौमिक संदेश है, जो सभी धर्मों के अच्छे कार्यों और शिक्षाओं को एक मंच पर लाता है। इस पहल का उद्देश्य शांति, समानता और वैश्विक संकटों के समाधान को प्राथमिकता देना है। इस ऐतिहासिक यात्रा का नेतृत्व डॉ. सुपाचाई वीराफुचोंग, महासचिव, बोधगया इंस्टिट्यूट 980 द्वारा किया जाएगा। यात्रा का समापन 5 दिसंबर को बोधि वृक्ष के नीचे होगा, जहां धम्म के संदेश को एक नई दिशा दी जाएगी। 'धम्म शताब्दी' एक नई शताब्दी का आगाज़ है, जिसमें मानवता भौगोलिक, धार्मिक और सांस्कृतिक सीमाओं से परे एकजुट होकर शांति और साझा समृद्धि के लिए काम करेगी। यह यात्रा इस दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी।

# एक हजार करोड़ का ब्रिटिश गुयाना डाक टिकट रहा आकर्षण का केन्द्र

निज संवाददाता | पटना

डाक टिकट प्रदर्शनी में भले 25 हजार टिकट को प्रदर्शित किया गया हो, लेकिन सबसे ज्यादा आकर्षण का केन्द्र ब्रिटिश गुयाना टिकट रहा। वर्तमान में इस टिकट की कीमत एक हजार करोड़ है। इस डाक टिकट की कीमत जाने के बाद लोगों के बीच कुतूहल रहा। लोग इस डाक टिकट को देखने के लिए दिन भर पहुंचते रहे। एक सेंट का यह ऑरिजनल डाक टिकट अमेरिका के एक व्यक्ति के पास है। लाल रंग का यह डाक टिकट 1796 में एक 12 वर्षीय बच्चे को उसके घर की सफाई के दौरान मिला था। डाक प्रदर्शनी में ब्रिटिश गुयाना डाक टिकट का पूरा इतिहास भी लिखा हुआ है, जिसकी जानकारी लेने भी लोग पहुंचते रहे। यह सबसे चिपकाने वाला टिकट है। यह टिकट अब पूरे विश्व में सिर्फ एक व्यक्ति के पास है। इसे 1850 में जारी किया गया था। यह टिकट 1980 में एक मिलियन डॉलर में बिका था। वर्तमान में इसकी कीमत एक हजार करोड़ है। बिहार सर्किल के फिलेटेलिस्ट के सहायक निदेशक रॉबिन चंद्रा ने बताया कि ब्रिटिश गुयाना को देखने के लिए लोगों में काफी कुतूहल रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### अब सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी नजर आएंगे आधुनिक संसाधन वाले कई स्कूल

**गया।** गया जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी अब आधुनिक संसाधन वाले विद्यालय नजर आएंगे। यहां दो चरण में 31 विद्यालयों का चयन पीएम श्री योजना अंतर्गत किया गया है। फिर तीसरे चरण के लिए शिक्षा विभाग के राज्य कार्यालय ने गया जिले के 697 प्रारंभिक विद्यालयों को शॉर्ट लिस्ट किया है। अंतिम रूप से चयनित विद्यालयों में 23 के बैंक अकाउंट खुल चुके हैं। फंडिग की प्रक्रिया चल रही है। यू-डायस से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय स्कूलों को शॉर्ट लिस्ट करती है। अब ये विद्यालय पंजीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन करेंगे। उसके बाद जिलास्तरीय समिति इस योजना के तहत अंतिम रूप से विद्यालयों का चयन करेगी। फिर इन्हें पीएम श्री स्कूल घोषित किया जाएगा। डीईओ ने इस बाबत सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश जारी किया है। संबंधित बीईओ अपने निर्देशन में शॉर्ट लिस्टेड स्कूलों से पांच दिसंबर तक पीएम श्री पोर्टल पर अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन करवाएंगे। विद्यालयों की पात्रता का आधार यू-डायस के आंकड़े हैं। इसलिए इन आंकड़ों को भी अद्यतन करने का आवश्यक निर्देश दिया गया है। विद्यालयों के आवेदन के बाद बेंच मार्क वाले विद्यालयों का सत्यापन 15 दिसंबर तक जिलास्तरीय कमेटी के द्वारा की जाएगी। प्रखंड स्तर पर पंजीयन के क्रम में ध्यान रखा जाएगा कि विद्यालय में निर्माण के लिए भूखंड उपलब्ध होगा। रजिस्ट्रेशन के दौरान प्रश्नों के उत्तर ऑनलाइन अंकित करने व फ्रीज करने के बाद इसमें किसी तरह के बदलाव संभव नहीं है। इससे पूर्व गया जिले में विभिन्न चरणों में 31 विद्यालयों का चयन पीएम श्री विद्यालय के रूप में किया गया है। शिक्षा नीति के अनुरूप होंगे चयनित विद्यालय पीएम श्री से रूप में चयनित सभी विद्यालय मॉडल स्कूल होंगे। साथ ही ये पूरी तरह से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप होंगे। इन्हें केंद्र से फंडिंग मिलेगी। इन स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम तो होंगे ही, साथ ही कंप्यूटर लैब से लेकर लैबोरेटरी, लाइब्रेरी और अन्य जगहों पर भी लेटेस्ट टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाएगा। पढ़ाई के साथ-साथ खेल की सुविधाओं में भी इन स्कूलों को अव्वल बनाया जाएगा। यहां हर लोकप्रिय स्पोर्ट्स, गेम्स खेलने, सीखने के मौके होंगे। पीएम श्री स्कूल्स में आर्ट रूम भी होंगे ताकि बच्चों की पर्सनालिटी में क्रिएटिविटी और आर्ट भी बचपन से डेवलप हो सके। हर क्लास में हर बच्चे पर फोकस होगा। हरेक बच्चे कितना सीख पा रहे हैं? इसके लिए हर लेवल पर असेसमेंट्स होंगे। जिनसे ये परखा जाएगा कि बच्चों को ये पता है या नहीं कि वे जो सीख रहे हैं उन्हें असल जीवन में कैसे इस्तेमाल करना है। डीपीओ एसएसए असगर आलम ने बताया कि फंडिंग की प्रक्रिया चल रही है। पीएम श्री योजना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में बड़ा कदम है। पहले फेज में इन विद्यालयों का हुआ है चयन पहले फेज में मिडिल स्कूल श्यामनगर नीमा आमस, एमएस उण्थू अतरी, एमएस रौशनगंज बांके बाजार, एमएस सेवइ बाराचट्टी, एमएस रौना बेलागंज, एमएस खजवती बोधगया, एमएस बरिया डोभी, एमएस बराह डुमरिया, एमएस आरोपुर टनकुप्पा, एमएस मउ टिकारी व एमएस केनारचट्टी वजीरगंज शामिल हैं। साथ ही इस योजना के तहत गया जिले में दो-दो पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय व जवाहर नवोदय विद्यालय शामिल हैं।

### मांझी पर आचार संहिता के उल्लंघन में बहस समाप्त

**गया।** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के एक मामले में शुक्रवार को दोनों पक्षों की ओर से बहस समाप्त हो गई। एमएलए/ एमपी कोर्ट मोहम्मद अफजल आलम की अदालत ने जीतन राम मांझी के आदर्श अचार संहिता उल्लंघन मामले में दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के बाद फैसले की तिथि 3 जनवरी को निर्धारित की है। मामले में अभियोजन पक्ष से अनुमंडल लोक अभियोजक मोहम्मद नबी हुसैन ने बहस की।

### मानपुर में शराब के साथ तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**मानपुर।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र में अवैध शराब का धंधा थमता नजर नहीं आ रहा है। ताजा मामला शुक्रवार अपराह्न का है जहां पुलिस ने देशी शराब के साथ एक तस्कर को धर दबोचा। डायल 112 की बाइक पेट्रोलिंग कर रही थी। खाटांगी कोठी के समीप पुलिस को पीछे से आते देख बाइक सवार धंधेबाज ने 25 लीटर देशी शराब के साथ तस्कर को बाइक से उतार दिया और पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। जिसके बाद पेट्रोलिंग पार्टी ने उक्त तस्कर को हिरासत में ले लिया

### बिजली चोरी करते पांच धराए, 52 हजार जुर्माना

**थरथरी।** विद्युत विभाग की टीम ने थाना क्षेत्र के अमेरा गांव में विद्युत चोरी करते पांच लोगों को पकड़ा है। पकड़े गए लोगों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज कर 52 हजार रुपया जुर्माना किया गया है। जेई संकेत कुमार ने बताया कि अमेरा गांव में विद्युत चोरी के आरोप में पप्पू शाह पर 10 हजार 123 रुपया, नीरज कुमार पर 13 हजार 889 रुपया, प्रमोद कुमार पर 7 हजार 664 रुपया, विष्णु पासवान पर 12 हजार 258 रुपया एवं मुन्ना पासवान पर 9 हजार 390 रुपया जुर्माना किया गया है। सभी मीटर बाईपास कर विद्युत चोरी कर रहे थे। छापेमारी टीम में मानव बल राकेश कुमार, गोपाल कुमार, मुकेश कुमार, चंदन, सुजीत कुमार शामिल थे।

### बच्चों ने केन्द्रीय स्कूल आयुध निर्माणी का किया भ्रमण

**राजगीर।** सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम के तहत मध्य विद्यालय, सिथौरा के कक्षा सातवीं एवं आठवीं के 40 बच्चों की टीम ने शुक्रवार को केन्द्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी नालंदा का भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों ने रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, पुस्तकालय, अटल टिंकरिंग लैब, कम्प्यूटर लैब, म्यूजिक लैब में विभिन्न तरह के प्रयोगों को करके देखा। मध्य विद्यालय के शिक्षक रितुराज कुमार, रम्भा कुमारी तथा इम्तेयाज हैदर ने बताया कि यहां आकर हमारे बच्चों को बहुत कुछ नया सीखने को मिला। यहां की सभी प्रयोगशालाएं काफी समृद्ध हैं और शिक्षकगण भी काफी अनुभवी हैं।इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद, अरुण कुमार, एसके तांती, विक्रम कुमार, किरण पांडेय प्रभारी प्राचार्या केन्द्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी नालंदा आदि उपस्थित थे।



### हाई प्रोफाइल कुंदन हत्याकांड का नामजद आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**मानपुर।** बीते रविवार मुफ्फसिल थाना से महज डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर स्थित विशाल पेट्रोल पंप पर ह ुए हाई प्रोफाइल हत्या कांड में पुलिस ने गुरुवार देर रात एक नामजद को हिरासत में लिया है। हिरासत में लिए गए आरोपी की पहचान डेल्हा थाना अंतर्गत डेल्हा निवासी महेंद्र सिंह के बेटे कारू सिंह के रूप में हुई। इस दौरान आरोपी के पास से एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। लोकल इनपुट और टेक्निकल शाखा से मिली सूचना के आधार पर एसडीपीओ सुनील पाण्डेय के नेतृत्व में नवादा जिला के नरहट थाना क्षेत्र के पुनथर गांव में छापेमारी हुई। जहां से आरोपी को गिरफ्तार किया गया। सूत्रों की माने तो घटना के बाद से ही आरोपी ने अपने रिश्ते की साली के घर शरण ले रखा था। एसएसपी आशीष भारती ने कहा कि हत्या कांड के बाद मामले के उद्भेदन के लिए एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया है।



**गिरफ्तार आरोपित है घटना का सूत्रधारः** नाम नहीं छापने की शर्त पर एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि हिरासत में लिए गए कुख्यात के खिलाफ डेल्हा ,बेला , बुनियादगंज ,फतेहपुर और मुफ्फसिल थाने में मारपीट , फायरिंग, हत्या के सात मामले दर्ज हैं। पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए कहा कि पेट्रोल लेने उक्त पंप पर गया। जहां पेट्रोल लेने के दौरान कहासुनी हुई। इस दौरान पंप कर्मी द्वारा उसके साथ मारपीट कर दी गई। जिसके बाद उसने अपने साथियों को बुलाकर घटना को अंजाम दिया। बता दें कि बीते 24 नवम्बर देर शाम 9 -9.15 के बीच महज सौ रुपए का पेट्रोल भरवाने को लेकर बाइक सवार बदमाश और नोजल मैन के बीच मारपीट हुई थी।

# पति का किडनैप कर हत्या की गई, गया में पत्नी ने कराई FIR

## 5 दिन से लापता, बधार से मिला था उसका सामान

निज संवाददाता। गया



गया के चंदौती थाना क्षेत्र के ग्राम दाराचक निवासी रिंकू देवी ने अपने पति विजय चौधरी के अपहरण और हत्या की आशंका जताते हुए FIR दर्ज कराई है। रिंकू देवी ने आशंका जताई है कि उनके पति को गुड्डू चौधरी ने बुलाकर अपहरण किया और हत्या कर दी है। उसके शव को ठिकाने लगा दिया है। हालांकि अब तक विजय चौधरी का पता नहीं चल सका है। हालांकि इस घटना के पांच दिन बीत चुके हैं। इस मामले में पीड़ित पक्ष ने एसएसपी आशीष भारती से शनिवार को न्याय की गुहार लगाई है। एसएसपी ने आश्वासन दिया है कि पुलिस जांच में जुटी है। जांच टीम सभी एंगल से पड़ताल कर रही है। रिंकू देवी ने बताया कि 26 नवंबर को उनके पति को गुड्डू चौधरी ने फोन कर अपने घर बुलाया था। उसके बाद से उनके पति का कोई पता नहीं चल पाया। अगले दिन पुलिस को विजय चौधरी की बाइक, हेलमेट, आधार कार्ड, मोबाइल फोन और जैकेट नियाजीपुर के पेट्रोल पंप के पास बधार से लावारिस हालत में बरामद हुई। रिंकु देवी ने आशंका जताई है कि गुड्डू चौधरी ने ही उनके पति का अपहरण किया है और उनकी हत्या कर दी है। उन्होंने पुलिस से गुड्डू चौधरी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। पीड़ित पक्ष ने बताया कि उसके पति की बाइक गुड्डू चौधरी रखा था। इधर, चंदौती थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि विजय चौधरी की तलाश में पुलिस जुटी है। पीड़ित पक्ष द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर पुलिस छानबीन कर रही है। शीघ्र ही लापता चल रहे शख्स को ढूंढ लिया जाएगा।

## नालंदा में लूटपाट करने वाला कुख्यात अपराधी पटना से गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा के हिलसा थाना क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई में पुलिस ने एक कुख्यात अपराधी टुशन गोप को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने एक देशी कट्टा, दो गोलियां और दो मोबाइल फोन भी बरामद किया। आरोपी पर नालंदा और नवादा में एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। अपराधियों ने 8 सितंबर को महादेव स्थान के पास एक बस में रैकेटिंग और लूटपाट की थी। जिसको लेकर पुलिस को जानकारी मिलने के बाद इस मामले की जांच की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एक विशेष पुलिस टीम ने व्यापक अभियान के दौरान गिरफ्तार किया है।

**गोलीबारी और लूटपाट का मामलाः** इस मामले में जानकारी देते हुए हिलसा डीएसपी सुमित कुमार ने बताया कि 8 सितंबर को दोपहर करीब 11:35 बजे बस कंडक्टर से टुशन गोप और उसके 20-22 साथियों ने हर ट्रिप पर 200 रुपए की मांग की। जब कंडक्टर ने भुगतान से इनकार किया, तो अपराधियों ने गोलीबारी करते हुए बस में लगे टीवी और डीवीडी ले लिए और कंडक्टर से 2800 रुपए भी छीन लिए। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। जिसने STF की सहायता से एक व्यापक अभियान चलाया। इस दौरान टुशन गोप को पटना के मथनी ताल सड़क के किनारे मालसलामी थाने से गिरफ्तार किया गया। बता दें कि पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत भेजने की प्रक्रिया और अन्य फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुट गई है। छापेमारी टीम में हिलसा थाना अध्यक्ष अभिजीत कुमार, दारोगा राकेश कुमार, एसटीएफ टीम एवं हिलसा थाना की सशस्त्र पुलिस बल शामिल रही।

## 3 प्रखंडों के 18 पावर सब स्टेशन की बढ़ेगी क्षमता, गर्मी में बिजली को लेकर नहीं होगी परेशानी

### 1 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को होगा फायदा

निज संवाददाता। नालंदा



बिजली विभाग ने गर्मियों में बिजली की चुनौतियों से निपटने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है। विभाग ने 13 प्रखंडों के 18 पावर सब स्टेशनों (पीएसएस) की क्षमता बढ़ाने का निर्णय लिया है, जिससे 1 लाख से अधिक की संख्या में उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति की सुविधा मिलेगी। वर्तमान में 362 एमवीए की क्षमता वाले ये पावर सब स्टेशन अब 459 एमवीए तक पहुंच जाएंगे, जो 97 एमवीए की अतिरिक्त बिजली आपूर्ति में सक्षम होंगे। विभाग का यह कदम न केवल शहरी क्षेत्रों बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी बिजली की आपूर्ति को मजबूत करेगा। विभाग ने कई पावर सब स्टेशनों में 5 एमवीए के मौजूदा ट्रांसफॉर्मर को 10 एमवीए के नए ट्रांसफॉर्मर से बदलने का निर्णय लिया है। नूरसराय, थरथरी, नगरनौसा, धमौली जैसे कई पीएसएस इस परिवर्तन से लाभान्वित होंगे।

**33 केवी और 11 केवी फीडरों में तारों के बदलाव पर भी विशेष ध्यानः** 33 केवी और 11 केवी फीडरों में तारों के बदलाव पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विभाग का मानना है कि गर्मियों में बिजली की मांग ठंड की तुलना में दोगुनी हो जाती है, खासकर खरीफ के मौसम में। नालंदा सर्किल के अधीक्षण अभियंता सुशील कुमार ने बताया कि हमारा प्रमुख उद्देश्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बिना किसी रुकावट के बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना है। यह योजना उपभोक्ताओं को गर्मियों में राहत प्रदान करेगी।

## पवित्र बोधि वृक्ष की सेहत जांचने पहुंचे वैज्ञानिक, सूखी टहनियों को हटाया

### कहा- बड़ी संख्या में लगे फल वृक्ष के अच्छे स्वास्थ्य दर्शाते

निज संवाददाता। गया



बोधगया स्थित पवित्र बोधि वृक्ष की देखभाल के लिए देहरादून के वन अनुसंधान संस्थान (FRI) के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. संतन बर्थवाल और डॉ. शैलेश पांडे ने नियमित दौरे के तहत वृक्ष की स्थिति का निरीक्षण किया। डॉ. बर्थवाल ने जानकारी दी है कि बोधि वृक्ष पूरी तरह से स्वस्थ है। नियमित रखरखाव के दौरान सूखी टहनियों को हटाया गया। वृक्ष के पत्तों में किसी भी प्रकार के संक्रमण के संकेत अब तक नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि वृक्ष पर फल बड़ी संख्या में लगे हैं, जो उसकी मजबूत स्थिति और बेहतर स्वास्थ्य को दर्शाते हैं। इस निरीक्षण के दौरान बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति (BTMC) के सचिव और सदस्य अरविंद कुमार सिंह, मुख्य भिक्षु भंते चालिंदा, देखरेख भिक्षु भंते दीनानंद और वरिष्ठ भिक्षु भंते कौडिन्य भी मौजूद रहे। वैज्ञानिकों की टीम ने तीन दिसंबर तक पवित्र वृक्ष की गहन जांच और देखभाल जारी रखेगी। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि बौद्ध धर्म के लिए यह पवित्र वृक्ष अपनी ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्ता के साथ सुरक्षित और स्वस्थ बना रहे। बोधगया स्थित यह बोधि वृक्ष वह ऐतिहासिक स्थल है, जहां गौतम बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। इसे हर साल देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु और पर्यटक देखने आते हैं। उनकी अटूट आस्था इस वृक्ष से जुड़ी है। एफआरआई के वरीय वैज्ञानिकों की इस नियमित देखरेख से न केवल इस वृक्ष की आयु बढ़ रही है, बल्कि इसकी पवित्रता और ऐतिहासिक धरोहर का संरक्षण भी सुनिश्चित हो रहा है।

## पैक्स अध्यक्ष के परिवार के लिए सुरक्षा की मांग, नालंदा में राष्ट्रीय लोक मोर्चा जिलाध्यक्ष बोले-भय में परिवार

### नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष को मारी थी गोली

निज संवाददाता। नालंदा

बिहार शरीफ प्रखंड की मेघी नगमा पंचायत के नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष 55 वर्षीय शिवचरण प्रसाद को बुधवार की रात करीब 10 बजे गोली मारी गई थी। घटना उनकी जीत की घोषणा के 6 घंटे बाद हुई थी। शनिवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सोनू कुशवाहा ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि शिवचरण प्रसाद राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता हैं और वह पैक्स चुनाव में विजयी हुए हैं। उन पर राजद के पूर्व युवा जिला अध्यक्ष विजय गोप और उनके समर्थकों के द्वारा गोली चलाने का काम किया गया है। कहा कि राष्ट्रीय लोक मोर्चा की टीम शिवचरण प्रसाद के घर और मेडिकल कॉलेज में उन्हें देख कर आई है। अब भी परिवार और आसपास के लोग सहमे हुए हैं। अराजकता का माहौल बना हुआ है।

**CM से की सुरक्षा देने की मांगः** पीड़ित परिवार को दबंगों द्वारा केस उठाने की धमकी मिल रही है। ऐसा नहीं करने पर जान मारने की भी बात कह रहे हैं। मैं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मांग करता हूं कि जिला प्रशासन के द्वारा पैक्स अध्यक्ष को सुरक्षा मुहैया कराया जाए। स्थानीय पुलिस भी अपनी चौकसी बढ़ाये और लगातार घटनास्थल का निरीक्षण करें। दबंग आगामी दिनों में बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में लगे हुए हैं। राजद के नेताओं के द्वारा साजिश की जा रही है। इस मामले में अन्य अभियुक्तों की भी जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो और स्पीडी ट्रायल चलाकर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाया जाए। ताकि पीड़ित पक्ष को जल्द से जल्द न्याय मिले और जो खौफ का माहौल बना हुआ है वह खत्म हो।

**राजद नेता हुए थे गिरफ्तारः** बता दें कि शिवचरण प्रसाद पावापुरी मेडिकल कॉलेज में इलाजरत हैं। शिवचरण प्रसाद के फर्द बयान के आधार पर 6 नामजद 25 अज्ञात पर केस दर्ज किया गया है। नामजद आरोपियों में दीपनगर निवासी पूर्व मुखिया सह राजद के पूर्व युवा जिला अध्यक्ष विजय गोप, बिल्लू यादव उर्फ विजय, सुनील गोप, श्रवण यादव, पिंटू कुमार और पीयूष कुमार शामिल है। जबकि 25 अज्ञात पर केस दर्ज कराया गया। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए राजद नेता विजय गोप को गिरफ्तार न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया है।

**तेजस्वी से मुलाकात कर पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाएंः** सोनू कुशवाहा ने आगे कहा कि एक तरफ एमपी एमएलए बनाने के लिए कुशवाहा समाज के लोगों ने राजद नेता आलोक मेहता और अभय कुशवाहा को वोट देने का काम किया। दूसरी तरफ आरजेडी नेताओं के द्वारा वोट के बदले गोली देने का काम करते हैं। हम तारा भाई कुशवाहा से भी अनुरोध करना चाहते हैं कि वह इस मामले में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से मुलाकात कर पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने का काम करें। वहीं इस मामले में विजय गोप की भाभी गीता देवी ने यह आरोप लगाया कि उनके दरवाजे पर आकर पैक्स अध्यक्ष और उनके सहयोगियों ने हर्ष फायरिंग की। भद्दी-भद्दी गलियों का प्रयोग किया। जब ग्रामीणों ने मना किया तो उनके द्वारा हर्ष फायरिंग की जाने लगी। इसी बीच अफरा-तफरी मची और शिवचरण प्रसाद के पैर में हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गए। दीपनगर थाना अध्यक्ष जितेंद्र राम ने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। दिवा और रात्रि गश्ती तेज कर दी गई है। दूसरे पक्ष से भी आवेदन प्राप्त हुआ है। इस मामले में जांच की जा रही है।



### बोधगया दुनिया के लिए आध्यात्मिक, सांस्कृतिक केंद्र

## महाबोधि मंदिर पहुंचे पूर्व मुख्य सचिव और जज गर्भगृह में किया विशेष अनुष्ठान

निज संवाददाता। गया



गया जिले के बोधगया में स्थित विश्व विख्यात ऐतिहासिक महाबोधि विहार ने एक बार फिर अपनी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्ता को साबित किया है। 19वें फोरेंस (Forum of Regulators of Eastern and North-Eastern States) सम्मेलन के तहत पूर्वोत्तर और पूर्वी राज्यों के प्रतिनिधियों ने महाबोधि मंदिर का दौरा किया। इसमें प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मुख्य सचिव आरके जोशी, न्यायाधीश एसएन कलिता और उनके परिवार शामिल थे। यह सम्मेलन बिहार विद्युत नियामक आयोग (BERC) ने आयोजित किया था। बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति (BTMC) ने इन विशिष्ट मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत किया। BTMC के सचिव और प्रमुख भिक्षु वेन, भिक्षु चालिंदा और वरिष्ठ भिक्षु मनोज ने उन्हें पारंपरिक खादा पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

**मेहमानों ने लैंप हाउस में किया दीप प्रज्वलितः** प्रतिनिधियों को महाबोधि मंदिर के गर्भगृह में ले जाया गया, जहां उन्होंने भगवान बुद्ध के चरणों में पूजा की और फूल अर्पित कीं। भिक्षु चालिंदा और भिक्षु मनोज ने उन्हें मंदिर और आसपास के सांस्कृतिक धरोहर व स्थलों के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व के बारे में जानकारी दी। दौरे के दौरान मेहमानों ने बटर लैंप हाउस में दीप प्रज्वलित किया, जो शांति, ज्ञान और सार्वभौमिक सद्भाव का प्रतीक है। यह अनुष्ठान बोधगया की आध्यात्मिकता को और भी गहनता से अनुभव करने का अवसर प्रदान करता है।

**प्रतिनिधियों सांस्कृतिक विरासत को सराहाः** महाबोधि मंदिर और बोधगया की यह यात्रा साबित करती है कि यह स्थान न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर का केंद्र है। प्रतिनिधियों ने इस धरोहर की भव्यता को सराहा और इसकी देखभाल के लिए BTMC की प्रशंसा की।

## तेज रफ्तार वाहनों की टक्कर से 2 युवक की मौत

निज संवाददाता। गया

गया के अतरी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात सड़क हादसे में दो युवक की मौत हो गई। वहीं, एक युवक की हालत बनी हुई है। घटना तेज रफ्तार सुमो विक्टा और बाइक में टक्कर होने की वजह से हुई। मृतक की पहचान पाली गांव निवासी सुरेंद्र यादव के 25 वर्षीय लड़का दीपक कुमार और बंधु बिगहा गांव के 20 वर्षीय युवक अमरजीत कुमार के रूप में हुई है। हादसे में पाली गांव निवासी अरुण चौधरी के 25 वर्षीय पुत्र राजा चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए अतरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय थाना पुलिस पहुंची।

**बाइक की टंकी फटने से लगी आगः** स्थानीय लोगों ने बताया कि जोरदार टक्कर की वजह से बाइक सवार सड़क पर गिर गए। इसी बीच बाइक की टंकी फट गई। जिसकी वजह से आग लगने से बाइक सवार तीनों युवक झुलस गए। जिसके बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में अतरी थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि इस हादसे में लापरवाही बरतने वाले वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वाहन और उसके मालिक की जानकारी जुटाई जा रही है। इसके साथ ही सभी लोगों से अपील किया कि तेज रफ्तार में वाहन नहीं चलाएं।

## नालंदा जिलाधिकारी ने कई अधिकारियों पर किया कार्रवाई, बढ़ती लापरवाही का खुलासा होने पर एक्शन

निज संवाददाता। नालंदा



जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने राजस्व विभाग में बड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए कई कर्मचारियों पर कड़े दंड अधिरोपित किया है। यह कार्रवाई विभाग में बढ़ती लापरवाही और कर्तव्य पालन में लापरवाही के मद्देनजर की गई है।

**व्यापक अनियमितताओं का खुलासाः** मुख्य कार्रवाई के तहत निम्न अधिकारियों पर विभिन्न स्तरों पर दंड लगाया गया है। जिसमें परवलपुर अंचल कार्यालय की लिपिक सुनीता कुमारी को तीन वर्ष तक पदोन्नति पर रोक लगाई गई है। उन्हें अतिक्रमण वाद को उचित रूप से पीठासीन अधिकारियों के समक्ष नहीं लाने का दोषी पाया गया। वर्तमान सिलाव अंचल कार्यालय के लिपिक विकास कुमार पर भी समान दंड लगाया गया है। उन्हें महत्वपूर्ण अभिलेखों को समय पर प्रस्तुत न करने के लिए दंडित किया गया है। वहीं,हिलसा अनुमंडल्कार्यालय के लिपिक आनंद कुमार को बिना अनुमति के अनुपस्थित रहने और महत्वपूर्ण दस्तावेज जमा न करने के कारण तीन वर्ष तक पदोन्नति से वंचित किया गया है।

**गंभीर अनियमितताओं पर कड़ी कार्रवाईः** राजस्व कर्मचारियों पर भी कड़ी कार्रवाई की गई है। जिसमें संजीव कुमार सिन्हा को एक वेतन वृद्धि से वंचित किया गया है। क्योंकि उन्होंने बिना उचित दस्तावेजी प्रमाण के जमाबंदी में सुधार की अनुशंसा की। नियम विरुद्ध कार्यप्रणाली में मोहम्मद काएद आजम सहित कई राजस्व कर्मचारियों के खिलाफ बिहार भूमि दाखिल खारिज अधिनियम 2011 और संबंधित नियमावली के उल्लंघन के लिए "प्रपत्र क" गठन की अनुशंसा की गई है। शैलेंद्र कुमार पर विशेष कार्रवाई करते हुए सेवानिवृत्ति के करीब शैलेंद्र कुमार पर भी स्पष्टीकरण की मांग का जवाब न देने के कारण कार्रवाई की गई है।

**दोषी अधिकारियों के लिए चेतावनीः** जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने स्पष्ट संकेत दिया है कि राजस्व विभाग में अनुशासनहीनता और लापरवाही के खिलाफ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यह कार्रवाई विभाग में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक थीं। यह कार्रवाई न केवल दोषी अधिकारियों के लिए चेतावनी है, बल्कि पूरे राजस्व विभाग के लिए एक संदेश है कि कर्तव्य पालन में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### अंग्रेजी शराब के साथ दो शराब धंधेबाज गिरफ्तार

डेहरी आन-सोन (रोहतास) (नि.सं.)। शनिवार को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेहरी ऑन सोन के सहायक उप निरीक्षक चिंतामणि साथ प्रधान आरक्षी एस. ऐ. सिद्दीकी एवं सी.पी.डी.एस टीम गया के उप निरीक्षक मुकेश कुमार, प्रधान आरक्षी अमरेन्द्र कुमार, आरक्षी धर्मेन्द्र कुमार, आरक्षी पी. एल. पासवान, आरक्षी बबलेश मीना एवं विकास कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से डेहरी ऑन सोन स्टेशन में गस्त व आपराधिक गतिविधि की निगरानी कर रहे थे उसी दौरान प्लेटफार्म संख्या 02 03 स्थित एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल के बगल में नीम के पेड़ के पास 02 व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था में बैग एवं झोला ले जाते हुए देखा जिसे रोककर पूछताछ करने पर अपना नाम रितेश कुमार, उम्र 29 वर्ष पिता अवधेश प्रसाद निवासी सदर चौक डेहरी बाजार थाना नगर डेहरी जिला रोहतास एवं धनजी सिंह उम्र करीब 40 वर्ष पिता अशोक सिंह निवासी थाना डालमियानगर जिला रोहतास बिहार बताया एवं अपने पास रखे पिट्ठू बैग एवं झीलें के बारे में बताएं कि इसमें अंग्रेजी शराब है जिसे खोल कर देखने पर ब्लेंडर प्राइड, ओल्ड मॉन्क ट्रिपल एक्स क्लासिक रम, रॉयल स्टेज जैसे अंग्रेजी शराब भारी मात्राओं में पाया गया जिसे मौके की सभी आवश्यक कार्रवाई करते हुए उपरोक्त दोनों व्यक्ति को नियमानुसार गिरफ्तार कर एवं उसके पास से बरामद अवैध अंग्रेजी शराब को जप्त कर अग्रिम कार्रवाई वास्ते रेल थाना डेहरी ऑन सोन उप निरीक्षक मुकेश कुमार सीपीडीएस टीम गया के द्वारा दिए गए एक लिखित आवेदन के साथ सुपुर्द किया गया। बरामद कुल अवैध अंग्रेजी शराब की मात्रा 29 लीटर एवं अनुमानित कीमत 28720/ रुपए है।

### प्रकाश गोस्वामी की पांचवीं बार हुई नियुक्ति

डेहरी ऑन-सोन (रोहतास) (नि.सं.)। बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने रोहतास जिला में अपने प्रतिनिधि के रूप में प्रकाश गोस्वामी को लगातार पांचवीं बार नियुक्त किया है। इससे जिले के लोगों में खुशी की लहर है। लोगों का कहना है कि श्री सिंह के प्रतिनिधि के रूप में श्री गोस्वामी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जिससे हम सभी की कई समस्याएं दूर होती हैं. जिला पदाधिकारी को सभापति महोदय द्वारा प्रेषित पत्र में यह कहा गया है कि रोहतास जिला में विभिन्न विकास योजना से संबंधित समिति की बैठक जिसका मै सदस्य हूं, उक्त बैठकों में मेरी अनुपस्थिति में प्रकाश गोस्वामी, पिता स्वर्गीय उमानाथ गोस्वामी, मोहल्ला तरबंगला, डेहरी ऑन सोन मेरे प्रतिनिधि के रूप में भाग लेंगे। सभापति महोदय द्वारा अपने प्रतिनिधि के रूप में श्री गोस्वामी को नियुक्त किये जाने पर पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह, मगध विश्वविद्यालय के पूर्व डिन डॉ. एन. के. दुबे, महिला कॉलेज डालमियानगर के प्राचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह, पूर्व प्राचार्य डॉ. अशोक सिंह, पूर्व प्रोफेसर डॉ. गीता पांडेय आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### पैक्स चुनाव की सारी तैयारियां पूरी, सदस्य करेंगे वोट

दावथ/ सूर्यपूरा (नि.सं.)। प्रखंड क्षेत्र में होने वाले पैक्स अध्यक्ष एवं सदस्यों के निर्वाचन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में बूथ केंद्र तक सभी मतपेटियों को डिस्पैच कर पहुंचा दिया गया है.मतदान कार्य में नियुक्त दंडाधिकारियों के नेतृत्व में पूरे दल बल की व्यवस्था भी कर दी गई है। दावथ प्रखंड के लिए बने कुल 23 बूथों पर सभी संसाधनों को व्यवस्थित कर दिया गया है। इसकी जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार अश्विनी ने बतलाया कि सभी मतदान कर्मी का योगदान ले लिया गया है। सुर्यपूरा प्रखंड विकास पदाधिकारी तेज बहादुर राय ने बतलाया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी दावथ कुमार अश्विनी थाना अध्यक्ष कृपाल जी एवं अंचल अधिकारी सौरभ कुमार के नेतृत्व में जहां दावथ प्रखंड के मतदान का कार्य संभाला जा रहा है तो वहीं सूरजपुरा मेंप्रखंड विकास पदाधिकारी तेज बहादुर राय थाना अध्यक्ष प्रिया कुमारी एवं अंचलाधिकारी गोल्डी कुमारी के नेतृत्व में मतदान की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जहां पैक्स के सदस्यों के द्वारा अपने अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के सदस्यों का चुनाव किया जाएगा।

# निर्वाचित पैक्स अध्यक्षों को मिला प्रमाण पत्र, देर रात्रि तक हुआ मतगणना कार्य

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

अनुमण्डल मुख्यालय स्थित रजौली इंटर विद्यालय के प्रांगण में तीसरे चरण में अकबरपुर प्रखण्ड में हुए पैक्स चुनाव के बाद शनिवार को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से मतगणना का कार्य किया गया। मतगणना की शुरुआत सुबह 8 बजे हुई, जो देर रात्रि तक चली। शनिवार को शाम 6 बजे खबर लिखे जाने तक मतगणना केन्द्र में तेयार, पचगावां, गोविंद बिगहा, पचरुखी, पांती एवं परतो करहरी पंचायत का मतगणना हो चुका था। इस दौरान एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष, रजौली बीडीओ संजीव झा, सीओ गुफरान मजहरी, बीपीआरओ राजन कुमार व अकबरपुर सीओ संजीव कुमार विधि व्यवस्था की जानकारी लेने मतगणना केन्द्र का निरीक्षण कर रहे हैं। वहीं मतगणना केन्द्र के नोडल पदाधिकारी के रूप में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजेश एवं दंडाधिकारी के रूप में लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी राहुल कुमार के अलावे कंट्रोल रूम में प्रखण्ड उद्यान पदाधिकारी नवीन कुमार मौजूद हैं। इसके अलावे



मतगणना केन्द्र में पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई है। मतगणना केन्द्र के पूर्वी द्वार मतगणना कर्मी व पदाधिकारी एवं पश्चिमी द्वार से प्रत्याशी एवं अभिकर्ता का प्रवेश किया जा रहा है। वहीं मतगणना केन्द्र में स्वास्थ्य विभाग से डॉ. गजेंद्र कुमार, जीएनएम सुमन कुमारी, सुरेंद्र कुमार सेवालिया, एम्बुलेंस में चालक जितेंद्र कुमार, ईएमटी जितेंद्र कुमार व सुरक्षाकर्मी अखिलेश कुमार मौजूद रहे। अकबरपुर प्रखण्ड निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ गीता के नेतृत्व में मतगणना का काम 10 टेबलों पर जारी है। बताते चलें कि अकबरपुर के 16 पंचायतों में 15 पंचायतों पर चुनाव हुआ था। वहीं फतेहपुर पंचायत से गुड्डी देवी निर्विरोध रूप से पैक्स अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं।

एसडीओ रजौली ने बताया कि मतगणना का कार्य शांतिपूर्ण ढंग से पुलिस व प्रशासन कक मौजूदगी में निष्पक्ष तरीके से किया जा रहा है। शनिवार की शाम 6 बजे तक अकबरपुर के 16 पंचायतों में 7 पंचायत का निर्णय सामने आया है। उन्होंने कहा कि गोविंद बिगहा पंचायत से छोटेलाल सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी लोकेश कुमार सिंह से 34 मत अधिक प्राप्त कर विजयी हुए। पचगावां पंचायत से गौतम कुमार ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी संतोष कुमार से 56 मत अधिक प्राप्त कर विजयी हुए।

पचरुखी पंचायत से संतोष कुमार वर्मा ने अपने नितकतम प्रतिद्वंद्वी सुनील प्रसाद से 56 मत अधिक प्राप्त कर विजयी हुए। पांती पंचायत से कांती देवी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी बाल्मीकि पासवान से 796 मत अधिक प्राप्त कर विजयी हुए। परतो करहरी पंचायत से धर्मेंद्र कुमार ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मनोज कुमार से 168 मत अधिक प्राप्त कर विजयी हुए। तेयार पंचायत से लालू कुमार अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी रामवचन यादव से 10 मत अधिक लाकर विजयी प्राप्त किया है।

वहीं फतेहपुर पंचायत से गुड्डी देवी निर्विरोध पैक्स अध्यक्ष निर्वाचित हुए है। एसडीओ ने कहा कि सभी जीते हुए पैक्स अध्यक्ष को अकबरपुर प्रखण्ड के निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ गीता द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया है। प्रमाण पत्र दिए जाने के बाद निर्वाचित पैक्स अध्यक्ष के बाहर निकलने पर समर्थकों ने उन्हें फूलों की माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। वहीं देर शाम तक इंटर विद्यालय के मैदान व आसपास के क्षेत्र में बसकंडा, पैजुना, बलिया बुजुर्ग, बुधुआ, भनैल लोदीपुर, नेमदारगंज, माखर, लेदहा एवं सकरपुरा पंचायत के प्रत्याशीगण व समर्थक निर्णय का इन्तेजार करते नजर आए।

# दुबारा मतदान करते पकड़ाने पर होगी एफआईआर, जायेंगे जेल

निज संवाददाता | राजपुर (रोहतास)

पैक्स चुनाव के मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टि वाले नामों की भरमार है। प्रशासन ऐसा मानकर चल रहा है कि ये दोहरी प्रविष्टि मतदान का दोहरी लाभ लेने के लिए पैक्स प्रबंधकों ने जानबूझकर किया है। मतदान के लिए सभी पंचायतों में दो या उससे अधिक बूथ बनाए जाते हैं।एक बुथ पर मतदान संपन्न कर लेने वाले मतदाता के उंगली में स्याही नहीं लगाया जाता, जिससे दोहरी प्रविष्टि का मतदाता पुनः दूसरे बुथ में जाकर मतदाता सूची के दूसरे क्रमांक पर दर्ज अपने नाम का मतदान करता हुआ कई बार पाया गया है। प्रखंड प्रशासन का ध्यान दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं पर काफी सख्त है।दुबारा मतदान करते पकड़े जाने पर उक्त मतदाता पर तुरंत एफआईआर दर्ज कर निर्वचन कानून के तहत जेल भेज दिया जाएगा। मामले को ले प्रखंड निर्वाचन कार्यालय जांच दल गठित करते हुए सभी पंचायतों के पैक्स मतदाता सूची की समीक्षा समीक्षा करने में जुटा हुआ है। बीडीओ सह प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी रविराज ने बताया कि दोहरी प्रविष्टि का सबसे अधिक मामला राजपुर एवं बरांव पैक्स के मतदाता सूची में दर्ज है। बरांव पंचायत के पैक्स मतदाता सूची में कर्मकिला गांव निवासी मतदाता क्रमांक संख्या 969 कन्हैया पासवान को मृत दिखाया गया है, जो जांच के दौरान जीवित पाए गए हैं।शंकर ओझा पिता, भैया राम ओझा मतदाता क्रमांक संख्या 1108 का दोहरी प्रविष्टि बलराम ओझा,पिता भैया राम ओझा के नाम से भी दर्ज है। उसी प्रकार पिंकू कुमार का नाम मतदाता सूची 2158 एवं 2446 पर दर्ज है। एकलाख अंसारी, पिता ईसरफुल अंसारी का नाम मतदाता सूची क्रमांक 2126 एवं 2696 पर दोहरी प्रविष्टि दर्ज है। राजपुर पैक्स के मतदाता सूची में कृष्ण प्रसाद पिता नागेंद्र सेठ का नाम 219 एवं 1459 क्रमांक पर दर्ज है। अभिमन्यु कुमार का नाम क्रमांक 2140 एवं 2720 पर दोहरी प्रविष्टि के तौर पर दर्ज है.ऐसे ढेर सारे नाम दोहरी प्रविष्टि वाले हैं। जिसकी समीक्षा करते हुए बुथ पर तैनात सभी कर्मियों को सूची प्रदान किया जाएगा। ऐसे मतदाताओं का एक जगह मतदान संपन्न होते हीं दूसरे बुथ की सूची में भी मतदान कर लिए जाने का निशान लगा दिए जाएंगे। दुबारा मतदान करते पकड़े जाने पर एफआईआर दर्ज कर वैसे मतदाता को निर्वाचन कानून के तहत जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी।

# महाविद्यालय में आर्ट एंड क्राफ्ट सहित स्टार्टअप प्रोग्राम का सफल आयोजन

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पटना के अंतर्गत सासाराम स्थित शेरशाह अभियंत्रण महाविद्यालय में शुक्रवार को आर्ट एंड क्राफ्ट सहित स्टार्टअप प्रोग्राम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. मनीष कुमार, महाप्रबंधक आशीष रंजन, स्टार्टअप सेल इंचार्ज प्रो. शैलेश सौरभ, ओसीबी के फाउंडर आशीष, और धर्मेंद्र कुमार उपाध्याय ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं संचालन स्टार्टअप सेल कोऑर्डिनेटर नीतीश कुमार दुबे और शुभम सिंह ने किया। कार्यक्रम के अतिथि बीएचयू के पूर्व छात्र धर्मेंद्र कुमार उपाध्याय ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि 'आधुनिकता को अपनी दिनचर्या में शामिल कर बेहतर परिणाम प्राप्त किया जा सकता है।' उन्होंने यह भी



कहा कि डिग्री के साथ-साथ प्रैक्टिकल नॉलेज को निखारना आवश्यक है, ताकि जीवन में सफलता प्राप्त की जा सके। इवेंट में ओसीबी के फाउंडर आशीष रंजन और स्टार्टअप विशेषज्ञ प्रमोद पांडे ने भी छात्रों को स्टार्टअप के महत्व और इसे शुरू करने के लिए आवश्यक कदमों पर गहन चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे नवाचार और दृढ़ संकल्प के माध्यम से स्टार्टअप को सफल बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में आर्ट एंड क्राफ्ट, रंगोली पेंटिंग, टैगलाइन, क्रॉसवर्ड पज़ल, आइडिएशन और अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विजेताओं को सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट, मेडल और गिफ्ट से सम्मानित किया गया, जबकि अन्य प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसिएशन देकर उनके प्रयासों की सराहना की गई। प्राचार्य डॉ. मनीष कुमार ने अपने संबोधन में नवाचार और डिजिटल तकनीकों के उपयोग पर बल दिया और छात्रों को प्रेरित किया कि वे अपने कौशल और रचनात्मकता को समाज के विकास में उपयोग करें।

# भारतीय रेल ने की ट्रेनों में लिनन की गुणवत्ता में सुधार, कंबल की सफाई अवधि भी घटाई

निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)

भारतीय रेल हमेशा अपने यात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए तत्पर रहती है, और साथ ही स्वच्छता के प्रति भी बेहद संवेदनशील है। इसी दिशा में भारतीय रेल ने ट्रेनों में एसी यात्रियों को उपलब्ध कराए जाने वाले लिनन, जैसे बेडसीट, कंबल, तौलिया आदि की सफाई और गुणवत्ता में सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, ताकि यात्रियों को सफाई और आराम में कोई कमी न हो। वर्तमान में भारतीय रेल प्रतिदिन 6 लाख से अधिक लिनन सेट उपलब्ध कराती है, जिसमें दो बेडसीट, एक तकीया कवर, एक तकीया, एक तौलिया और एक कंबल शामिल है। अब आरएसी (रेगुलेटेड आसीन) यात्रियों को भी अन्य यात्रियों की तरह पूरा लिनन सेट प्रदान किया जा रहा है। लिनन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए रेलवे ने भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) के उन्नत मानकों के अनुसार नए सेट की खरीदारी शुरू कर दी है। इसके साथ ही सभी जोनल रेलवे में मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, ताकि लिनन की सफाई समयबद्ध और सही तरीके से हो सके। इन लॉन्ड्रियों में ब्रांडेड रसायनों और स्टैंडर्ड मशीनों का उपयोग करके लिनन को साफ किया जा रहा है, जिससे गुणवत्ता पर निगरानी रखने के लिए सीसीटीवी और रेलवे स्टाफ द्वारा जांच की जाती है। अधिकारियों द्वारा भी समय-समय पर निरीक्षण किए जाते हैं ताकि सफाई में कोई कमी न आए। यात्रियों को उपलब्ध कराए जाने वाले बेडसीट, तकीया कवर और तौलियों की धुलाई प्रत्येक यात्री के उपयोग के बाद की जाती है, और कंबल की सफाई की अवधि को एक महीने के भीतर सुनिश्चित किया जाता है। रेलवे ने 2010 में कंबल की सफाई की अवधि को 3 महीने से घटाकर 2 महीने किया था, और 2016 से इसे और घटाकर 15 दिन कर दिया है। हालांकि, लॉजिस्टिक्स की चुनौतियों को देखते हुए सफाई अवधि को 20 से 30 दिन तक बढ़ाया जा सकता है। सामान्यतः घरों में कंबल की सफाई बहुत कम की जाती है, और अधिकांश घरों में कंबल को सिर्फ सर्दियों से पहले और बाद में धूप में सुखाया जाता है। रेलवे द्वारा प्रत्येक एसी यात्री को दो बेडशीट दिए जाते हैं, एक बर्थ पर बिछाने के लिए और दूसरा कंबल को कवर करने के लिए। इसके अलावा, एसी कोच का तापमान 24 डिग्री के आसपास रखा जाता है, ताकि कंबल की जरूरत न पड़े और बेडशीट पर्याप्त हो।

**पूर्व मध्य रेल** क्षेत्र में यात्रियों को समयबद्ध तरीके से स्वच्छ लिनन उपलब्ध कराने के लिए दानापुर में 8 टन प्रतिदिन, बरौनी में 6 टन प्रतिदिन, समस्तीपुर में 2 टन प्रतिदिन, सहरसा में 2 टन प्रतिदिन, दरभंगा में 4 टन प्रतिदिन क्षमता की मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री की सुविधा है। रक्सौल और जयनगर में 2 टन प्रतिदिन क्षमता की मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री की स्थापना कार्य जारी है। इसके साथ ही जरूरत के अनुसार गुणवत्तापूर्ण सफाई के मानकों के साथ लिनन की सफाई के लिए निजी फर्मों को भी ठेके पर काम दिया गया है।

# नारदीगंज प्रखंड में कई जीते तो कई दिग्गज हारे

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

पैक्स चुनाव में पैक्स अध्यक्ष व प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य 2024 का परिणाम शनिवार को आते ही कहीं खुशी तो कहीं गम का मौहाल बना रहा है। इधर, पैक्स अध्यक्ष पद के विजेता खेमे में अबीर गुलाल उड़ाकर व मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया। उधर पराजित खेमे में मायूसी छाई रही। इस पैक्स चुनाव में कई पैक्स अध्यक्ष जहां निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं, वही कई पैक्स अध्यक्ष पद में नए चेहरे का मौका मिला है। वैसे अधिकांश पंचायतों में पुराने चेहरे पर लोगों ने विश्वास जताया है। निवर्तमान पैक्स अध्यक्षों का दबदबा रहा है। कन्हाई लाल साहू कॉलेज नवादा में शनिवार को चौक चौबंद व्यवस्था के बीच मतगणना की गई। सुबह आठ बजे से मतपत्रों की गिनती प्रतिनियुक्त कर्मियों के माध्यम से की गई। हर कोई मतगणना का परिणाम जानने के लिए उत्सुक रहे। नारदीगंज प्रखंड में दस पंचायतों में पैक्स चुनाव हुआ है। जिसमे नामांकन के बाद पेश व डोहरा पंचायत में पैक्स अध्यक्ष पद के उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। पेश पंचायत के पैक्स अध्यक्ष पद के उम्मीदवार उपेन्द्र नारायण सिंह लगातार चौथी बार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। वे वर्ष 2009 से लगातार पैक्स













अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने जा रहे हैं। इसके पूर्व उपेन्द्र नारायण सिंह 20 वर्षा तक इस पंचायत के मुखिया पद पर प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।वर्ष 1978 से 1998 तक मुखिया पद पर आसीन रहे हैं। वही डोहरा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष संजू देवी दूसरी बार पैक्स अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की है। इस बार वे निर्विरोध चुने गए हैं। ओड़ो पंचायत में पूर्व पैक्स अध्यक्ष पंकज कुमार उर्फ पिंकू बाबू की धर्मपत्नी रीना देवी दूसरी बार पैक्स अध्यक्ष पद जीतकर सीट पर कब्जा बरकरार रखी। वैसे रीना देवी ओड़ो पंचायत की मुखिया भी रह चुकी है। हंडिया पंचायत में पूर्व जिला पार्षद की पुत्रवधू रीता कुमारी पहली बार पैक्स अध्यक्ष पद पर चुनाव जीतने में सफल रही। नारदीगंज पंचायत में विपिन कुमार तीसरी बार पैक्स अध्यक्ष पद पर चुनाव जीते। वे व्यापार मंडल नारदीगंज का व्यापार मंडल अध्यक्ष पद पर भी हैं। कहुआरा पंचायत में श्रवण कुमार पैक्स अध्यक्ष पद पर चुनाव जीते। कोसला पंचायत में पहली बार पैक्स अध्यक्ष पद पर राजीव कुमार चुनाव जीते।इचुआकरना पंचायत में वीरेन्द्र कुमार तीसरी बार पैक्स अध्यक्ष पद जीते। मसौढा पंचायत में चौथी बार लगातार पैक्स अध्यक्ष पद पर सिधेश्वर प्रसाद ने जीत हासिल कर इतिहास रच दिए। पैक्स अध्यक्षों जीत के उपरांत समर्थकों ने पुष्पमाला देकर सम्मानित किया।वही कई लोगों ने शुभकामनाएं दी। संवाद प्रेषण तक परमा पैक्स का मतपत्रों की गिनती जारी रहा।

# वार्ड पार्षदों को स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में दी गई जानकारी

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लोगों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाया जा सके इसके लिए सरकार तो लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन अब जिला स्वास्थ्य समिति भी सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं को लोगों तक पहुंचाने के प्रयास में जुट गई है। इसी के तहत शनिवार को राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत सासाराम नगर निगम के सभागार में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान वहां मौजूद उप नगर आयुक्त, मेयर, डिप्टी मेयर सहित सभी वार्ड पार्षदों को शहरी क्षेत्र में मौजूद अस्पतालों में मिलने वाली सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। सभी वार्ड पार्षदों को बताया गया कि सासाराम में जिला अस्पताल एवं सासाराम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अलावा तीन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी मौजूद है, जो तकिया, बौलिया एवं सागर मोहल्ले में स्थित है, जहां बेहतर प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा करवाया जा रहा है। यह भी बताया गया कि इन तीनों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को लगातार सुदृढ़ीकरण करने का भी प्रयास किया जा रहा है और इसमें सफलता भी मिली है। इसी सुदृढ़ीकरण के कारण सासाराम के बौलिया शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को राष्ट्रीय क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है। जिला शहरी स्वास्थ्य सलाहकार तारिक अनवर ने वहां मौजूद सभी जनप्रतिनिधियों को जानकारी दिया कि सासाराम में तीन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मौजूद है, और उन सभी शहरी स्वास्थ्य केंद्र पर बेहतर स्वास्थ्य उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रसव पूर्व गर्भवती महिला जांच के साथ-साथ, 150 से अधिक प्रकार की दवाएं, पैथोलॉजिकल जांच, टीबी, कैंसर फाइलेरिया, बीपी, शुगर सहित अन्य जांच मौजूद है। सरकार के दिशा निर्देश पर सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को पूरी तरह से विकसित किया जा रहा है, ताकि यहां भी प्रसव सुविधा उपलब्ध कराया जा सके इसके लिए पहल की जा रही है। इधर पीएसआई इंडिया के कार्यक्रम प्रबंधक शैलेश तिवारी ने वहां मौजूद जनप्रतिनिधियों को परिवार नियोजन के बारे मे भी जानकारी दी। उन्होंने परिवार नियोजन से जुड़े फायदे बताते हुए कहा कि सासाराम के सभी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर अस्थाई परिवार नियोजन के साधन मौजूद है। वहां मौजूद लोगों से अपील किया कि अपने वार्ड के सभी लोगों को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बारे में जानकारी दें और अपने घर के नजदीक ही स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। मौके पर नगर निगम की मेयर काजल कुमारी, डिप्टी मेयर सत्यवंती देवी, उप नगर आयुक्त मैमून निशा के साथ-साथ पीएसआई इंडिया के प्रियेश तिवारी एवं सभी वार्डों के वार्ड पार्षद मौजूद रहे।

# पैक्स चुनावः मतदान सामग्री लेकर बूथों के लिए रवाना हुए कर्मी

» चुनाव के लिए 300 कर्मियों को तैनात किया गया है, जो 48107 मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में सहयोग करेंगे।

निज संवाददाता | दिनारा (रोहतास)

पैक्स चुनाव के लिए मतदान कर्मियों को शनिवार को सामग्री सौंपकर विभिन्न बूथों के लिए रवाना किया गया। रविवार को सुबह 7 बजे से शाम 4:30 बजे तक प्रखंड क्षेत्र में पैक्स के लिए मतदान होगा। इस बार क्षेत्र में कुल 75 बूथ बनाए गए हैं। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ कुलदीप कुमार विभूति ने बताया कि चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि वे बिना किसी भय के अपने



मताधिकार का प्रयोग करें। सभी बूथों पर दंडाधिकारी और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। चुनाव के लिए 300 कर्मियों को तैनात किया गया है, जो 48107 मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में सहयोग करेंगे। पैक्स चुनाव के लिए तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ ने कहा कि चुनाव के दौरान गड़बड़ी फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। सभी केंद्रों पर सुरक्षा के लिए पुलिस और प्रशासन की तैनाती की गई है। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या मतदान में बाधा डालने वालों पर कानूनी कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।प्रखंड के सैंसड, भानपुर, भूई, लिलवंछ, गुनसेज, करंज, समहुती, चिल्हरुआं और बलियां समेत सभी पंचायतों में एक दिसंबर को मतदान कराया जाएगा।

पूर्व मध्य रेल

खुली निविदा सूचना

**ई–खुली निविदा संख्या–एसजी–डब्ल्यू–डीडीयू–ओटी–01–2024–25 (टू पैकेट सिस्टम)।**

मुहरबंद निविदाएं भारत के राष्ट्पति के लिए एवं उनकी ओर से सक्षम एवं अनुमवी ठेकंदारों द्वारा निम्नलिखित कार्य निष्पादन हेतु आमंत्रित किया जाता है। **क्र.सं. (i) विवरण : कार्य का नाम एवं स्थान और कार्य करने की अवधि –टिप्पणी :** एसोसिएटेड एस एण्ड टी वर्क्स एट आर आर आई /डीडीयू (मेटल टू मेटल) इन कनेक्शन विथ डीडीयू–पीआरवाईजे थर्ड लाईन। सेक्शन–प० दीन दयाल उपाध्याय डीविजन। **कार्य पूर्ण करने की अवधि**–12 (बारह) महीना। **(ii) अनुमानित लागत :** रुपये 26,84,70,253.50 (रुपये छब्बीस करोड़ चौरासी लाख सत्तर हजार दो सौ तिरपन एवं पैसे पचास मात्र। **(iii) बिड रिक्युरिटी (अग्रधन) जो जमा करना है:** रुपये 14,92,400.00/–(रुपये चौदह लाख वानवे हजार चार सौ) मात्र **(iv) निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय खोलने की तिथि एवं समय:** 26.12.2024 अपराह्न 12.00 तक, 26.12.2024 अपराह्न 12.30 तक **(v) संबंधित वेवसाईट जहाँ से निविदा का पूर्ण विवरण, इत्यादि देखा जा सके :** संबंधित वेबसाईट (www.ireps.gov.in) पर सभी सूचनाएं उपलब्ध है।

**उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (कार्य) प० दीन दयाल उपाध्याय**

पीआर/1615/डी०डी०यू०/एस एण्ड टी/डब्ल्यू/टी/24–25/36

पूर्व मध्य रेल

ई–ऑक्शन सूचना

ई–ऑक्शन सूचना सं. – **Com/DNR/Pay & Use/24,** मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्न कार्यों हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है:–

**1. कार्य का नाम व अवधि :** पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल के गुलजारबाग, बक्सर और डुमराँव रेलवे स्टेशनों पर स्थित पे एंड यूज टॉयलेट कॉम्पलेक्स का तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए अलग–अलग संचालन एवं रख–रखाव का अनुबंध।, **2. साइट की स्थिति :** (01) गुलजारबाग रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं.– 01 पर स्थित। (02) बक्सर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं.– 02/03 और द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय में स्थित। (03) डुमराँव रेलवे स्टेशन के बुकिंग कार्यालय के नजदीक प्रतीक्षालय में स्थित।, **3. अनुबंध की अवधि :** तीन (03) वर्ष, **4. कैटलॉग संख्या :** Com-PnU-DEC-2, **5. लॉट संख्या/श्रेणी :** 1. AA/1:PnU-DNR-GZH-Toi-26-24-2 (Pay and Use-Toilets). 2. AA/2:PnU-DNR-BXR-Toi-7-24-1 (Pay and Use-Toilets). 3. AA/3:PnU-DNR-DURE-Toi-31-24-2 (Pay and Use-Toilets)., **6. ई–ऑक्शन की तिथि व समय :** दिनांक 16.12.2024 को 12.00 बजे से 12.50 बजे तक। (प्रारंभिक कूलिंग ऑफ की अवधि 30 मिनट एवं लगातार लॉट का समापन अन्तराल 10 मिनट है।), **7. वेबसाईट जहाँ ई–ऑक्शन से संबंधित पूर्ण विवरण उपलब्ध है। :** www.ireps.gov.in

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, दानापुर

पीआर/01621/डीएनआर/वा./एन/24–25/44

पूर्व मध्य रेल

निविदा सूचना

**1. निविदा संख्या : MP-WP-2024-25-DNR**
**2. कार्य का नाम :** दानापुर मंडल के एफयूटी, एआरए और आरजीडी में दुर्घटना राहत सड़क वाहन के लिए सुविधा का प्रावधान।, **3. कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 1,18,80,075.00 (एक करोड़ अठारह लाख अस्सी हजार पचहत्तर रूपये मात्र)।, **4. निविदा सुरक्षा राशि (बोली सुरक्षा जमा) :** ₹ 2,09,500.00 (दो लाख नौ हजार पांच सौ रूपये मात्र)। निविदा सुरक्षा के लिए भुगतान (बोली सुरक्षा जमा) केवल नेट बैंकिंग या वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा।, **5. निविदा दस्तावेज उपलब्ध है :** ई–टेंडरिंग वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदाकर्ता के पंजीकरण के बाद ही प्राप्त किया जा सकता है।, **6. समय सीमा :** 06 (छह) माह, **7. बोली मूल्यांकन प्रणाली :** एकल पैकेट प्रणाली, **8. निविदा समापन तिथि एवं समय :** आईआरईपीएस एनआईटी के अनुसार केवल वेब पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन 16.12.2024, **9. निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** निविदा समापन तिथि के दिन (15:30 बजे) केवल वेब पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन on 16.12.2024, **10. निविदा की वैधता :** निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन।, **11. कार्य प्रारंभ करने की निर्धारित तिथि :** ''स्वीकृति पत्र'' जारी होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर या डीएमई (टीएस)/डीएनआर के निर्देशों के अनुसार।

वरीय मंडल यांत्रिक अभि./समाडि/ पूर्व मध्य रेल, दानापुर

पीआर/01616/डीएनआर/यां./टी/24–25/44

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### अनाथ बच्चों की चिंता होगी दूर

**नवादा (नि.सं.)**। जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश द्वारा बताया गया कि निदेशक, समाज कल्याण-सह-उपाध्यक्ष, राज्य बाल संरक्षण समिति, बिहार, पटना द्वारा समाज में अभिवंचित/अनाथ बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण हेतु समुदायक आधारित देखभाल योजना परवरिश राज्य में संचालित है। इस योजना में 18 वर्ष से कम आयु वर्ग समूह के बच्चों को पात्रता होने एवं प्राप्त आवेदन की स्वीकृति उपरांत सहायता 1000/-(एक हजार रूपया) प्रति बालक प्रतिमाह नियमानुसार दिया जाता है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि बिहार सरकार के द्वारा अनाथ बच्चों की सहायता के लिए परवरिश योजना लाई गयी है। इस योजना के तहत असहाय बच्चों के जीवन यापन के लिए काफी मददगार होगी। बिहार सरकार द्वारा सहायता अनुदान एक हजार रुपये प्रति माह देने का प्रावधान है। इस योजना को साकार करने के लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा अनाथ बच्चों की खोज कर सरकार के द्वारा जारी निर्देश के अनुरूप योजनाओं के लाभ के लिए अनाथ बच्चों को मदद करने की जरूरत है।

### 31.5 लीटर शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)**। थाना क्षेत्र के करीगांव रोड से उत्पाद एसआई संगम कुमार विद्यार्थी ने एक बाइक सवार रहे दो लोगों के पास से 31.5 लीटर शराब बरामद किया। साथ ही दोनों युवकों को गिरफ्तार किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध को लेकर उत्पाद बलों के सहयोग से शराब निर्माण, परिवहन, भंडारण, बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध लगातार छापेमारी की जा रही है। इसी बीच गुप्त सूचना के आलोक में करीगांव जाने वाली सड़क से एक बाइक संख्या बीआर27एल7625 को जांच हेतु रोका गया। जांच के क्रम में बाइक पर सवार दो लोगों के पास से प्लास्टिक की पाउचनुमा थैली में बन्द कुल 31.5 लीटर महुआ शराब को जब्त किया गया। साथ ही बाइक पर सवार लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों में बंधन छपरा गांव निवासी विजय राजवंशी के पुत्र प्रमोद कुमार एवं प्रयाग राजवंशी के पुत्र राहुल कुमार के रूप में हुई है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब व बाइक के साथ गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं दोनों शराब धंधेबाजों को शनिवार को अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### पूर्व मुखिया की पुण्यतिथि 2 दिसंबर को

**पकरीबरावां (नवादा) (नि.सं.)**। प्रखंड के डुमरामा पंचायत का पूर्व मुखिया दिवंगत यदुनंदन शर्मा का पुण्यतिथि 2 दिसंबर को पैतृक गांव खपुरा में समारोह पूर्वक मनाई जाएगी। इसकी जानकारी दिवंगत मुखिया पुत्र अरविंद कुमार साही मुकेश कुमार साही एवं राजेश कुमार साही विनय कुमार पिंटू ने देते हुए बताया कि हर साल की तरह इस साल भी पिताजी के पुण्यतिथि पर गरीबों एवं आसहाय लोगों के बीच वस्त्र तथा बच्चों को पाठ्य सामग्री माताश्री तूना देवी के हाथों से वितरण किया जाना है। साथ ही वारसी भजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### पैक्स चुनाव के लिए मतदान आज

**पकरीबरावां (नवादा) (नि.सं.)**। में पैक्स निर्वाचन को लेकर आज रविवार को मतदान होगा। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी। जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रखंड के सभी सोलह पंचायतों के 46 बूथों पर सुबह सात बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू होगी। विभिन्न पंचायतों से अध्यक्ष पद के लिए कुल 50 उम्मीदवार मैदान में हैं, जहां 27651 मतदाता इनके भाग्य का फैसला करेंगे। सबसे अधिक 6 उम्मीदवार डुमरावां पंचायत से मैदान में हैं। वहीं, ढोढ़ा व पकरीबरावां उत्तरी से 5- 5, गुलनी व दत्तरौल से 4- 4, बेलखुंडा, बुधौली, पोक्सी व धमौल से 3- 3 तथा शेष पंचायत से दो- दो उमीदवार मैदान में किस्मत आजमा रहे हैं। प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन स्वच्छ एवं पारदर्शिता के साथ कराने के लिए स्थानीय प्रशासन कटिबद्ध है। मतदान केंद्र से 200 मीटर तक निषेधाज्ञा लागू रहेगी। लोग भयमुक्त माहौल में मतदान करें। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्र पर पूरी व्यवस्था की गई है। मतदाताओं की सुविधा के लिए शौचालय, पेयजल, बिजली, रैंप आदि की व्यवस्था की गई है। उन्होंने मतदाताओं से शांतिपूर्ण मतदान की अपील की है।

### मारपीट के आरोपित को किया गिरफ्तार

**नरहट (नवादा) (नि.सं.)**। मारपीट के मामले में दर्ज थाना कांड संख्या 411/24 के प्राथमिकी अभियुक्त आशिक कुमार उर्फ पंकज पिता सुरेश यादव ग्राम पुंथर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने बताया कि करमा गांव के एक व्यक्ति कार से अपने परिवार के साथ आ रहे थे। हामिदपुर बारा गांव के समीप एक ई रिक्शा से साइड मांगने पर ई रिक्शा चालक उतरकर गली गलौज करने लगा और ई रिक्शा पर सवार चालक समेत चार लोग मिलकर कार सवार व्यक्ति के साथ मारपीट कर घायल कर दिया था। सूचना पर पहुचीं पुकिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया। इस मामले में पीड़ित द्वारा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने पर आरोपित को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। घायल कार सवार को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराया गया। मारपीट की घटना शुक्रवार 10. 30 बजे रात की बताया जा रहा है। शेष आरोपित के गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

### कुर्की वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नरहट (नवादा) (नि.सं.)**। थाना क्षेत्र के तारोपुर गांव से एक फरार कुर्की वारंटी को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने बताया कि फरार कुर्की वारंटी विजय राजवंशी को तारोपुर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### जनता दरबार में दो मामले का हुआ निष्पादन

**नरहट (नवादा) (नि.सं.)**। शनिवार को भूमि सम्बन्धित मामलों का निपटारा के लिए थाना में जनता दरबार का आयोजन किया गया। सीओ मनीष कुमार ने बताया कि जनता दरबार में दो मामले का निष्पादन किया गया। उन्होंने बताया कि भूमि सम्बन्धित विवादों का निबटारा के लिए प्रत्येक शनिवार को थाने में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह मौजूद थे।

### पैक्स चुनाव की तैयारी पूरी : बीडीओ

**नरहट (नवादा) (नि.सं.)**। पांचवे चरण में होने वाले नरहट प्रखण्ड में पैक्स चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जानकारी देते हुए बीडीओ बैजू कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रखण्ड में 8 पैक्सों के 27 मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चुनाव कराया जाएगा। बीडीओ ने बताया कि नरहट प्रखण्ड में 9 पैक्सों में चुनाव होने था लेकिन एक शेखपुरा पैक्स का चुनाव स्थगित कर दिया गया है जिसके कारण अब 8 पैक्सों में चुनाव कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुल 168 नामांकन दाखिल हुआ था जिसमें 131 सदस्य और 37 अध्यक्ष पद के लिए है। 36 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। सात नाम वापिस हुआ है जिसमें 5 अध्यक्ष और दो सदस्य शामिल हैं। दो सदस्य का नाम रिजेक्ट हुआ है। 37 पैक्स अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल हुआ था जिसमें 5 अध्यक्ष का नाम वापिस हुआ है और 5 अध्यक्ष पद शेखपुरा पैक्स स्थगित होने से कम हुआ है। अब टोटल 27 अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार रह गए हैं। प्रखण्ड में कुल 18 हजार 129 पैक्स वोटर थे लेकिन शेखपुरा पैक्स चुनाव स्थगित होने पर 2293 वोटर कम हो गया है। अब प्रखण्ड में कुल 15 हजार 836 रह गए हैं।नरहट प्रखण्ड में पैक्स चुनाव 3 दिसंबर को कराया जाएगा। एक तारीख को पोलिंग पार्टी ज्वाइन करेंगे और दो दिसम्बर को पेट्रोलिंग पार्टी ज्वाइन करेंगे। पैक्स चुनाव को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है।

### भारतीय रेलवे ने जारी किया रोजगार कैलेंडर

**हाजीपुर (वैशाली) (नि.सं.)**। भारतीय रेलवे ने अपने इतिहास में पहली बार रोजगार कैलेंडर प्रकाशित किया है। इस कैलेंडर के तहत सभी रिक्तियों की अधिसूचनाएं निर्धारित समय पर जारी की गईं। फरवरी 2024 में सहायक लोको पायलट (एएलपी) के 18,799 पदों के लिए भर्ती के लिए कैलेंडर के अनुसार अधिसूचना प्रकाशित की गई थी। इन भर्तियों के लिए एएलपी परीक्षा 5 दिनों तक 29 राज्यों के 156 शहरों में 346 केंद्रों पर तीन शिफ्टों में आयोजित की गई। कड़ी निगरानी में कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) आयोजित की गई। उम्मीदवारों की प्रमाणिकता सुनिश्चित करने के लिए 92 प्रतिशत उपस्थित उम्मीदवारों का आधार कार्ड द्वारा पहचान सत्यापन किया गया।

# पैक्स निर्वाचन : चतुर्थ चरण का मतदान आज

## सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को ब्रीफिंग

**निज संवाददाता | नवादा**



जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निदेश के आलोक में अपर समाहर्त्ता चन्द्रशेखर आजाद के द्वारा पैक्स निर्वाचन 2024 को लेकर सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को ब्रीफिंग किया गया। अपर समाहर्त्ता ने बताया कि पैक्स निर्वाचन-2024 पांच चरणों में निर्धारित है, जिसमें नवादा जिलान्तर्गत कुल 14 प्रखंडों में 172 पैक्सों की प्रबंधकारिणी समिति के विभिन्न पदों पर निर्वाचन हेतु नवादा जिले में चार चरणों में निर्वाचन कार्यक्रम सम्पन्न होना है। चतुर्थ चरण का मतदान आज 07:00 बजे पूर्वा0 से 04:30 बजे अप0 तक सम्पन्न होगा। मतदान स्वच्छ, निष्पक्ष, भयुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर विभिन्न आदेश दिया गया। अपर समाहर्त्ता द्वारा बताया गया कि प्रखंड वारिसलीगंज, पकरीबरावां एवं काशीचक में चतुर्थ चरण का मतदान होना है, जिसमें उक्त प्रखंडों में विभिन्न स्थानों पर विधि-व्यवस्था संधारण हेतु सुपर जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है साथ ही सेक्टर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। पैक्स निर्वाचन 2024 हेतु नवादा जिला के विधि-व्यवस्था के सम्पूर्ण प्रभार में चन्द्रशेखर आजाद, अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, नवादा एवं पुलिस पदाधिकारी मो0 इमरान परवेज, पुलिस उपाधीक्षक (मु0) रहेंगे। उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्र में पोलिंग एजेंट को एवं मतदाताओं को मोबाईल मतदान केन्द्र के अन्दर ले जाना वर्जित रहेगा।

सभी सेक्टर पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने मतदान केन्द्र पर ससमय पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। समाहरणालय, नवादा में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष सं0- 06324-212261 है। नियंत्रण कक्ष-सह-हेल्पलाईन दिनांक 01.12.2024 के 06:00 बजे पूर्वा0 से निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति तक दिवा-रात्रि कार्य करेगा। नियंत्रण कक्ष में पालीवार दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। नियंत्रण कक्ष में 05 सुरक्षित पदाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभार में संजय कुमार, अपर समाहर्त्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा एवं निरूपमा शंकर जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आईसीडीएस, नवादा रहेंगे। संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष को अस्थायी नियंत्रण कक्ष स्थापना के लिए निर्देश दिया गया। आपात स्थिति से निपटने हेतु अग्निशाम दस्ता/बज्र वाहन, अश्रु गैस दस्ता आदि की व्यवस्था की गई है। अनुमंडल दंडाधिकारी नवादा सदर को अपने स्तर से मतदान केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में बीएनएसएस की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा लागू करने का निर्देश दिया गया।

सभी पीठासीन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि मतदान केन्द्र एवं उक्त परिधि के अन्तर्गत अशांति फैलाने वाले असमाजिक तत्वों के विरूद्ध तत्काल कानूनी कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। डीएसपी मुख्यालय द्वारा सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि गाड़ियों का चेकिंग लागातार करते रहेंगे। अकबरपुर, रोह, नारदीगंज एवं नवादा सदर प्रखंडों में निर्धारित स्थल पर संबंधित थानाध्यक्ष द्वारा चेक प्वाइंट का गठन किया गया है। सड़कों पर अवैध गाड़ियों का परिचालन/आवागमन न हो, अग्नेयास्त्र आदि का परिचालन होते पाये जाने पर जप्त करेंगे। अशांति एवं विधि-व्यवस्था भंग करने वाले असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखेंगे एवं पकड़े जाने पर विधि-सम्मत आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था हेतु सिविल सर्जन को निदेश दिया गया है कि जिला नियंत्रण कक्ष एवं सदर अस्पताल में दो एम्बुलेंस तैयार अवस्था में चिकित्सक एवं कम्पाउंडर के साथ प्रतिनियुक्त करना सुनिश्चित करेंगे। मतदान स्वच्छ, निष्पक्ष, भयुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु संबंधित थानाध्यक्ष को अन्तर्राज्यीय/अन्तर्जिला सीमा पर बैरियर लगाने का निर्देश दिया गया। निर्वाचन 2024 के मद्देनजर संबंधित अनुमंडल दंडाधिकारी/अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जिला विधि-व्यवस्था संधारण हेतु अपने-अपने क्षेत्र के वरीय प्रभार में रहेंगे। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, प्रभारी गोपनीय शाखा, प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पकरीबरावां, जिला सहकारिता पदाधिकारी के साथ-साथ सेक्टर एवं पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

### आठ दिसंबर को ग्रामीण चिकित्सक मंच का सम्मान

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)**। बिहार ग्रामीण चिकित्सक मंच के प्रदेश अध्यक्ष डॉ आलोक कुमार तिवारी एवं संरक्षक सुनील कुमार सिंह ने शनिवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि हम सभी द्वारा अपने राष्ट्रीय संरक्षक डॉ मिथलेश चौबे एवं देश के सभी ग्रामीण चिकित्सक परिवार के मान सम्मान के लिए आगामी 08 दिसंबर को राज्य स्तरीय वार्षिक सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीण चिकित्सकों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्या ग्रामीण चिकित्सक सिर्फ नारा लगाने के लिए और नेताओं के आगे पीछे घूमने के लिए हैं, उनका कोई मान सम्मान नहीं है। सरकार ट्रेनिंग देने के बाद भी जोइनिंग क्यु नही करा रही है,आशा बहनो की तरह ग्रामीण चिकित्षक भी क्यू नही कार्य कर सकते है। अलग-अलग संस्थाएं सिर्फ उन्हें मीटिंग के नाम पर और ज्केवानिंग नाम पर पटना बुलाती हैं सिर्फ भिड़ दिखाने के लिए, लेकिन कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। हमारी संस्था कार्य कर रही है, तो दूसरे लोग राजनीति के रोटी सेकने का प्रयास कर रहे हैं, आपस में भेदभाव फैला रहे हैं, जात-पात फैला रहे हैं, क्या ऐसे ग्रामीण चिकित्सक अपना हक हासिल करेंगे, सिर्फ बिहार मे ग्रामीण चिकित्शको कि संख्या लगभग 3 लाख है।

## एसडीएम ने मतदान और मतगणना को लेकर दिए कड़े निर्देश

**निज संवाददाता | दिनारा (रोहतास)**

शनिवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में एसडीएम अनील बसाक ने मतदान और मतगणना की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में पैक्स निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा की गई और चुनाव को पारदर्शी व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीएम ने निर्वाची पदाधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, पीसीसीपी और अन्य कर्मियों को मतदान प्रक्रिया से जुड़े हर पहलू पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों पर निष्पक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही, मतदान कर्मियों को भयमुक्त माहौल में अपने कार्यों का निर्वहन करने की सख्त हिदायत दी गई। एसडीएम ने मतगणना प्रक्रिया की भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मतगणना के दौरान सभी प्रक्रियाएं पारदर्शी और निष्पक्ष होनी चाहिए। मतगणना स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे, और केवल अधिकृत कर्मियों को ही वहां प्रवेश की अनुमति होगी। सभी कर्मियों को मतगणना प्रक्रिया और गाइडलाइंस का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।वहीं एसडीपीओ कुमार संजय ने कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया। दिनारा, भानस, और नटवार के थानाध्यक्षों को संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ाने और मतगणना के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सतर्क रहने का निर्देश दिया गया। इस बैठक के माध्यम से प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि न केवल मतदान बल्कि मतगणना भी निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो।

# बाल अधिकार पखवाड़ा के अवसर पर जिला स्तरीय बाल सम्मेलन का आयोजन

**निज संवाददाता | नवादा**



उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में बाल अधिकार पखवाड़ा के अवसर पर जिला स्तरीय बाल दरबार का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम जिला समन्वयक उड़ान की इब्राना नाज ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने किशोर किशोरियों द्वारा अपनी कठिनाइयों और समस्याओं को मांग पत्र के माध्यम से प्रस्तुत किया। बच्चियों के मांग के संबंध में उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी ने बच्चों को बताया कि जल्दी ही मनरेगा के मदद से सभी पंचायतों में खेल मैदान बनाया जाएगा। प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस निरुपम शंकर ने कहा कि मुझे ये देख कर बहुत खुशी हो रही है कि हमारी बेटियां अपने मुद्दें नीति निर्धारक्कों के बीच बिना किसी हिचक के रख रही हैं। साथ ही आईसीडीस द्वारा किशोरियों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया गया। महिला हेल्पलाइन की जानकारी देते हुए राजकुमारी जी ने कहा कि अगर आपके आस पड़ोस में किसी भी महिला के साथ कोई भी हिंसा हो रही हो तो उनको वन स्टॉप सेन्टर के बारे में बताए तथा 181 पर बात कर कर उनकी मदद कर सकते हैं। मिशन समन्वयक हिना ने बताया कि जिला हब के माध्यम से महिला को सशक्त करने का कार्य किया जाता है। कार्यक्रम में 04 प्रखंड नवादा सदर, वारसलीगंज, काशीचक तथा पकरीबरवां के 20 पंचायतों से लगभग 50 किशोर किशोरियां, अम्बेडकर आवासीय विद्यालय की किशोरियाँ ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक उड़ान इब्राना नाज ने किया। अंत में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी ने बच्चों को पुरस्कृत कर तथा धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम समापन किया। कार्यक्रम में जिला विकास आयुक्त प्रियंका रानी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आई सीडीएस निरुपमा शंकर, वन स्टॉप सेन्टर की केंद्र प्रशासक राज कुमारी, जिला प्रोग्राम प्रबंधक अनुग्रह प्रसाद तिग्गा, जिला मिशन समन्वयक हेना तबस्सुम, जिला, उड़ान परियोजना की जिला समन्वयक इब्राना नाज, प्रखण्ड समन्वयक नरेश पासवान, किशोर किशोरिया, अभिभावक, विकास मित्र, शिक्षक उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई परिचर्चा

**निज संवाददाता | नवादा**



जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में सस्टेनेबल विलेज डेवलपमेन्ट के संदर्भ में 10 पंचायत के मुखिया प्रतिनिधियों के साथ परिचर्चा की गई। उन्होंने क्षेत्र विकास योजना से संबंधित विस्तृत रूप से जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र विकास योजना एक ऐसी योजना है, जिसके अन्तर्गत सार्वजनिक उपयोगिता, सड़कों, पार्को एवं उद्यानों, सामाजिक सुविधाओं, कमजोर वर्ग के लिए आवास, विशेष सार्वजनिक परियोजनाओं आदि के लिए भूमि को योजनाबद्ध तरीके से एकसाथ विकसित किया जाता है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि इस योजना हेतु भूमि साशकीय/अर्द्धशासकीय संस्था/निजी भूमि मालिकों से भूमि ली जाती है तथा सार्वजनिक उपयोगिताओं के लिए भूमि का आवंटित कर बचे हुए भूमि को अनुपातिक हिस्सा में भूमि मालिकों को अंतिम भू-खंड या पुनर्गठित भू-खंड के रूप में वापस कर दिया जाता है। इस योजना से सुनियोजित विकास किया जा सकता है। गॉव के विस्तार के लिए विकास योग्य भूमि बनाने का अवसर प्राप्त किया जा सकता है। किफायती आवासों का प्रावधान भी किया जा सकता है। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी नवीन कुमार पाण्डेय, जिला भूअर्जन पदाधिकारी धीरज कुमार सिन्हा नवादा के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कृषि कार्य हेतु सुविधा एप्प के माध्यम से कृषक कर सकते हैं आवेदन : ईईई

» मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना का लाभ उठाने के लिए किसान सुविधा ऐप के माध्यम से अप्लाई कर सकते हैं।

**निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)**

विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम अंतर्गत सभी कृषकों को कृषि कार्य यथा पटवन हेतु विद्युत सम्बन्ध लेना आसान हो गया है उन्हें कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है तथा घर बैठे सुविधा एप्प के माध्यम से आवेदन समर्पित कर सकते हैं। कृषि कनेक्शन पर राज्य सरकार द्वारा मिलने वाले अनुदान के कारण किसानों को पटवन कार्य के लिए बिजली केवल 55 पैसे प्रति यूनिट पर उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना का लाभ उठाने के लिए किसान सुविधा ऐप के माध्यम से अप्लाई कर सकते हैं। विद्युत कार्यपालक अभियंता, सासाराम ब्राविम के द्वारा सभी कृषकों से आग्रह किया गया है की कृषि कार्य हेतु नया विद्युत कनेक्शन लेने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें अन्यथा जांच के दौरान अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करते पाए जाने पर आर्थिक जुर्माना के साथ प्राथमिकी दर्ज कराई जा सकती है।

## डाक विभाग की सुस्ती से आम जनता को हो रही परेशानी

**निज संवाददाता | दिनारा (रोहतास)**

डाक विभाग की सेवाओं को तेज और भरोसेमंद बनाने के लिए स्पीड पोस्ट की शुरुआत की गई थी, लेकिन हालिया घटनाएं इसकी साख पर सवाल खड़े कर रही हैं। जीटीबी नगर, दिल्ली से दिनारा एसओ, रोहतास (पिन-802213) के लिए 20 नवंबर को भेजा गया इनलैंड स्पीड पोस्ट (ईडी708865700आईएन) महज तीन दिन में, 23 नवंबर को डेहरी ऑनसोन पहुंच गया। शुरुआती गति को देखकर लगा कि डाक विभाग ने वाकई अपनी सेवाओं में सुधार किया है। लेकिन, इसके बाद स्थिति बिलकुल विपरीत हो गई। 23 नवंबर को डाक पार्सल डेहरी ऑनसोन पहुंचने के बावजूद, यह 30 नवंबर तक वहीं पड़ा रहा। डाक विभाग की कार्यशैली की यह सुस्ती और लापरवाही उस 'स्पीड' शब्द का मखौल उड़ाती है, जो उनकी इस सेवा के नाम का हिस्सा है। स्पीड पोस्ट जैसी सेवाओं का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पत्राचार और महत्वपूर्ण दस्तावेज तय समय सीमा में अपने गंतव्य तक पहुंच जाएं। लेकिन डेहरी ऑनसोन में इस पैकेट का एक हफ्ते तक अटका रहना विभाग की लचर कार्यशैली को उजागर करता है।

# सेवानिवृत शिक्षक को दी गयी भावभीनी विदाई

**निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)**




प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय रजौर में शनिवार को विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित हुई। इस अवसर पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय रजौर में कार्यरत प्रधानाध्यापक अनिल कुमार को सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। वे 30 नवम्बर 2024 को सेवानिवृत्त हो गये। बीते आठ फरवरी 2012 को प्रधानाध्यापक के पद पर योगदान दिए थे। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष संजय कुमार भारती, बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष रामजी प्रसाद, हिसुआ बीआरपी बद्री सिंह उर्फ वीरेन्द्र सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक रामेश्वर प्रसाद, निरंजन सिंह, प्रफुल्ल जी समेत अन्य शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष संजय कुमार भारती ने की। इस मौके पर छात्राओं ने गणेश वंदना कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक अनिल कुमार को पुष्पमाला, अंग वस्त्र समेत अन्य सामग्री को देकर सम्मानित करते हुए अश्रुपूरित नेत्रों से विदाई दी। कार्यक्रम में आये लोगों ने सेवानिवृत्त बीईओ के कार्यो को काफी सराहना की। इस दौरान सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक अनिल कुमार ने कहा आपसभी का काफी स्नेह, प्यार व सहयोग मिला है, जो जीवन में सदा अविस्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम के दौरान आगत अतिथियों को शाल देकर सम्मानित किया गया, वही विद्यालय में अध्ययनरत छात्र व छात्राओं को कॉपी, कलम देकर हौसला बढ़ाया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक अशोक कुमार, मनोज कुमार, मंजू कुमारी, सुनील कुमार, रेणु पटेल, सुरेश प्रसाद चौहान, अभिलाषा कुमारी, संजय कुमार चौधरी, रीतू कुमारी ग्रामीण भरत सिंह, गोपाल कुमार, कृष्णदेव वर्मा, हरबंश ठाकुर समेत अन्य लोगों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।

## बुधन चौधरी स्मारक उच्च विद्यालय में जागरूकता अभियान

**निज संवाददाता | नोखा (रोहतास)**

नोखा नगर परिषद नोखा में स्थित बुधन चौधरी स्मारक उच्च विद्यालय प्लस टू में 42 वी बिहार बटालियन एन० सी० सी कैडेटों ने एन सी सी दिवस पर नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया। 42 वी बिहार बटालियन एन० सी सी० कैडेट सासाराम के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल धर्मेन्द्र सिंह मलिक के निर्देशानुसार एन० सी० सी० दिवस मनाया गया। इसका नेतृत्व विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं एन० सी० पदाधिकारी रोहित कुमार ने किया। एक सी सी दिवस के अवसर पर कैडेटो द्वारा वृक्षारोपण, किया गया। नशा मुक्ति की जागरुकता को लेकर रैली निकाली गई। रैली विद्यालय से होते हुए मुख्य बाजार तक, प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र एवं काली मंदिर तक गया। इसमें नशा मुक्ति को लेकर कई नारे लगाए गए। इन मौके पर कहा गया की जिसने की यह नशा उसका उजड़ा घर परिवार, नसा नास की जननी है। नशा से परिवार समाज बरबाद होता है। नासा से होने वाले नुकसान को लेकर के लोगों को जानकारी दी गई।।शराब एवं गंजा पीने से होने वाले नुकसान को लेकर के लोगों को जगरूक किया गया। किशोरों को नासा के प्रति बढ़ते हुए रुझान को लेकर के उसको रोकने के लिए एक जागरूकता रैली निकाली गई। नसा ना करने को लेकर के भी शपथ दिलाई गई। एनसीसी कैडेटों द्वारा पौधारोपण करते हुए। लोगों को बताया गया की पौधारोपण करें , पेड़ को बचाएं और साथ ही खेतों में पराली।जलने वाले को जागरूक करते हुए इसे रोकने के लिए भी लोगों से कहा गया है। बढ़ते प्रदूषण को लेकर के लोगों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कैडेट अर्जुन कुमार, अक्षय कुमार, आरोही कुमारी, अंजली कुमारी, नन्दनी कुमारी एवं रेखा कुमारी को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शिक्षक उपेन्द्र कुमार, विकास कुमार, चंद्रशेखर कुमार, रविकांत कुमार, शशिकांत कुमार जितेन्द्र कुमार सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## बालू घाट जाने वाले सभी भारी वाहनों के परिचालन पर रोक

**निज संवाददाता | डेहरी आन-सोन (रोहतास)**

रोहतास डिहरी प्रखंड अंतर्गत शंकरपुर और चकन्हा बालू घाट को जाने वाले सरकारी रास्तो पर सभी भारी वाहनों के परिचालन पर अनुमण्डल पदाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक रोक लगा दिया है, इस संबंध मे उनके द्वारा बताया गया की ग्रामीणों द्वारा इस बात की शिकायत मिल रही थी की इस परिचालित रास्तो मे प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र के अलावे स्थापित मंदिर है जिस कारण इस पर बराबर लोगो का आना जाना लगा रहता जिस कारण इस पर बेलगाम वाहनों के परिचालन से कभी भी जान माल की बड़ी हानि हो सकती है, इसे देखते हुये जांचोपरान्त शिकायत को सही पाये जाने पर उक्त कार्यवाई की गई है।

# बक्सर के धनसोई को प्रखंड बनाने की अपील

निज संवाददाता। बक्सर



दो दशक से धनसोई को प्रखंड बनाने की मांग को एक बार फिर विधान संभा उठाया गया। जिससे धनसोई को प्रखंड बनाने की लड़ाई लड़ रहे है लोगो में उम्मीद जगी है की अब बहुत जल्द यहां के लोगो को 25 किलो मीटर का सफर कर राजपुर प्रखंड जाने से छुटकारा मिलेगा। राजपुर विधानसभा के कांग्रेस विधायक विश्वनाथ राम विधान सभा में धनसोइ को प्रखंड बनाने का अनुरोध किया है।साथ ही विधान सभा अध्यक्ष को प्रखंड न बनने के कारण लोगो को हो रही परेशानियों से भी अवगत कराया है।

**1995 से हो रही मांगः** लोगों ने बताया कि 1995 में तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने सर्वप्रथम इटाढ़ी उच्च विद्यालय के मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए धनसोई को प्रखंड बनाने का वायदा किया था। वर्ष 2000 के चुनावी सभा में वायदे को दुहराया। वहीं, इसके बाद वर्ष 2005 में विधानसभा चुनाव के प्रचार में आए रामविलास पासवान, सुशील कुमार मोदी तथा सुषमा स्वराज ने भी धनसोई को प्रखंड का दर्जा दिलाने की वकालत की। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा भी तियरा तथा धनसोई के कॉलेज मैदान के प्रांगण में पिछले विधानसभा चुनाव के समय चुनावी जनसभा में धनसोई को प्रखंड बनाने का भरोसा दिलाते हुए कहा था कि हम जो कहते हैं उसे करके दिखाते हैं। इसके बाद जिला प्रशासन से प्रस्ताव भी मांगा गया।

♦ कांग्रेस विधायक विश्वनाथ राम ने विधानसभा में उठाई आवाज, 1995 से हो रही मांग

**विधानसभा में विधायक ने उठाया मुद्दाः** राजपुर विधानसभा के विधायक विश्वनाथ राम ने कहा की बक्सर जिले को धनसोई बजार को प्रखंड बनाने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा किया गया था।जिसके बाद विभाग द्वारा प्रखंड कार्यालय बनाने के लिए जमीन की मापी भी की गई।परंतु आज तक धनसोई को प्रखंड नही बनाया गया।अनुरोध है की धनसोई बजार को जल्द प्रखंड बनावे।

## फाउंडेशन स्कूल में मना वार्षिकोत्सव



निज संवाददाता। बक्सर

डुमरांव के फाउंडेशन स्कूल में वार्षिकोत्सव "उमंग" हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक मनोज कुमार चौबे, मुख्य अतिथि सीडीपीओ प्रतीक्षा दुबे और प्रधानाचार्य प्रतीक कुमार चतुर्वेदी ने किया। इसके बाद शांति पाठ का आयोजन शिक्षक वीरेंद्र दुबे ने किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रभाकर तिवारी और धीरज चौबे ने बखूबी किया। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहवर्धक और प्रेरणादायक प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों में बाल उत्थान, प्लास्टिक के दुष्प्रभाव, जल संरक्षण, पेड़ों के महत्व और मोबाइल से बढ़ती निर्भरता जैसे विषयों को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों की उपस्थिति और उत्साह सराहनीय रहा। आयोजन के दौरान विद्यालय परिषद में लगे "फूड स्टॉल" ने भी आकर्षण का केंद्र बिंदु बनकर सभी का ध्यान खींचा। करीब चार घंटे चले इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक पीके तिवारी, राजेंद्र सिंह, नीलिमा चौबे, पूजा गोस्वामी, आरसी ओझा, केके पांडे और विनीत कुमार आदि थे।

## संक्षिप्त समाचार

### छेड़खानी के आरोप में दो वर्ष कैद की सजा

**आरा**| षष्ठम अपर जिला सत्र न्यायाधीश पॉक्सो सह विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार सिंह और सरोज कुमारी विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो की कोर्ट ने शुक्रवार को नाबालिग से छेड़खानी करने के आरोप में दो वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। पीड़िता के परिवार ने एक नवंबर 2019 को शाहपुर थाना में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराया था।

### वंदे भारत स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार

**आरा**| पटना और नई दिल्ली के बीच चलाई जा रही वंदे भारत स्पेशल की परिचालन अवधि में विस्तार किया गया है। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे विभाग द्वारा गाड़ी संख्या 02252/02251 नई दिल्ली-पटना-नई दिल्ली वंदे भारत स्पेशल के दो अतिरिक्त फेरे परिचालित करने का निर्णय लिया गया है जिसका ठहराव आरा, बक्सर सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर है। गाड़ी संख्या 02252 नई दिल्ली-पटना वंदे भारत स्पेशल नई दिल्ली से 1 व 4 दिसंबर को परिचालित की जाएगी। गाड़ी संख्या 02251 पटना-नई दिल्ली वंदे भारत स्पेशल पटना से 2 व 5 दिसंबर को नई दिल्ली के लिए खुलेगी।

### भोजपुर के छात्र एनएसयूआई से जुड़ें

**आरा**| भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन का छात्र समागम, भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय, शहीद भवन में हुआ। अध्यक्षता आनन्द तिवारी ने की। मुख्य अतिथि भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद उर्फ सूरज यादव का सैकडों छात्र व नौजवानों ने स्वागत किया। छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी बिहार में छात्र संगठन को जिले एवं विश्वविद्यालय तथा कालेज स्तर पर मजबूत करने की जवाब देही हमें सोपा है जिसके तहत आज हम भोजपुर जिला में पधारे हैं भोजपुर जिला के सभी छात्रों से हम आह्वान करते हैं की मजबूती के साथ भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन से जुड़े एवं एनएसयूआई की हाथों को मजबूत करें ताकि एक मजबूत आवाज बनकर छात्रों की हित की लड़ाई मजबूती के साथ लड़ी जा सके। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक राम ने छात्रों को जिले में मजबूत संगठन तैयार करने व छात्रों की समस्याओं को निदान करने का अपील किया।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत

**आरा**| उदवंतनगर थाना क्षेत्र के दुबौली होटल के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में ठोकर मार दिया।ठोकर लगने के बाद बाइक पर सवार युवक की घटना स्थल पर मौत हो गई।वही घटना को अंजाम देने के बाद वाहन के चालक वाहन लेकर भागने में सफल रहा। मृतक 18 वर्षीय शैलेश कुमार था।वह उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बसौरी गांव के निवासी सुरेंद्र सिंह का पुत्र है। घटना के बाद गांव के लोगों ने गांव पर जाकर परिवार के लोगों के लोगों को घटना की सूचना दिया।सूचना मिलने के बाद परिवार के लोगों ने घटना स्थल पर पहुंच पुलिस को घटना की सूचना दिया।

### करंट लगने से आशा की मौत

**बक्सर**| इटाढ़ी में करंट लगने से शुक्रवार को आशाकर्मी की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के मुताबिक लक्ष्मी वर्मा इटाढ़ी में लक्ष्मी आशा के रूप में कार्य करती है। शुक्रवार को घर में कार्य करने के दौरान उसे करंट लग गया। आशा को इलाज के लिए तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया गया। सदर अस्पताल में आशा कर्मी की मौत हो गई। सदर अस्पताल के चिकित्सकों के मुताबिक आशा कर्मी की मौत अस्पताल पहुंचने के पूर्व हो गई थी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही सदर अस्पताल पहुंच पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### टॉप-10 की सूची में शामिल कुख्यात अरेस्ट

**बक्सर**। बिहार एसटीएफ व रोहतास पुलिस की लिस्ट में टॉप टेन सूची में शामिल कुख्यात अपराधी उमाकांत दुबे को कड़सर गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उमाकांत दुबे पर बक्सर और रोहतास के कई थानों में मामले दर्ज है। पुलिस की ओर से यह करवाई गुप्त सूचना के आधार पर किया गया है। कार्रवाई डुमरांव अनुमंडल के डीएसपी के नेतृत्व में सोनवर्षा थाना की ओर से किया गया है।



पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एसटीएफ व रोहतास पुलिस के टॉप टेन की सूची में शामिल अपराधी कड़सर गांव निवासी उमाकांत दुबे पिता हरेंद्र दुबे अपने गांव आया हुआ है। सूचना मिलते ही एसपी शुभम आर्य के निर्देशन में एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने कड़सर गांव में छापेमारी कर अपराधी को धर दबोचा और उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

**रोहतास में कई कांड का था आरोपीः** एसडीपीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त पर रोहतास के दावथ थाना के कई कांडो का आरोपी था। इसके साथ ही बक्सर के सोनवर्षा थाना में भी कई धराओ में सहित अन्य कई संगीन मामले दर्ज है। एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ पुलिस का सख्त रुख जारी रहेगा और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि उमाकांत की गिरफ्तारी से अपराधियों के बीच भय का माहौल है। पुलिस की इस छापेमारी में थानाध्यक्ष नवीन कुमार, सहायक अपर निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार और सशस्त्र बल सोनवर्षा थाना शामिल रहे।

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से विकासात्मक योजनाओं की हुई समीक्षा

**आरा**| जिले में संचालित विभिन्न विभागों के विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा शुक्रवार को की गई। डीएम तनय सुल्तानिया ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से योजनाओं की प्रगति की अद्यतन जानकारी ली। इस दौरान सात निश्चय-1 और सात निश्चय-2 के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित योजनाओं, जैसे खेल का मैदान, पंचायत सरकार भवन, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र, मॉडल अस्पताल, सामुदायिक भवन सह वर्कशेड, क्लस्टर आधारित परियोजना, सभी ग्राम पंचायतों में पुस्तकालय का निर्माण को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस दौरान उप विकास आयुक्त डॉ अनुपमा सिंह, अपर समाहर्ता, नगर आयुक्त निरोज कुमार भगत, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी व प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पूर्व के विवाद में मारपीट, महिला को लगी चाकू

**आरा**| धनगाई थाना क्षेत्र के धनगाई गांव में पूर्व के विवाद में आपस में हुई मारपीट की घटना में एक महिला को चाकू लग गई।चाकू लगने के बाद महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई।जख्मी महिला 63 वर्षीय उमरावती देवी है। वह बीरेंद्र तिवारी की पत्नी है। घटना के बाद परिवार के लोगों ने घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया ।कहा महिला की इलाज किया जा रहा है। जख्मी उमरावती देवी ने बताया कि छोटी बहु अंकू देवी से घर के किसी बात को लेकर झगड़ा चल रहा था। उसी विवाद में उसके भाई ने चाकू मारा है।

### आरा-छपरा फोरलेन व हाईवे पर भीषण जाम, ड्राइवर सोकर गुजार रहे हैं समय

**कोईलवर**। समस्या रूट चार्ट के उल्लंघन से फोरलेन व हाईवे जाम, प्रशासन के कोशिशों के बाद भी लग रहा जाम आरा-छपरा फोरलेन और सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाईवे पर प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट चार्ट के नियमों का पालन नहीं कर रही है। इसे रोकने में जिला प्रशासन, हाईवे ट्रैफिक विभाग और खनन विभाग विफल होते जा रहा है। इस हालत में दोनों महत्वपूर्ण सड़कों पर जाम पहले की तरह स्थाई समस्या बनते जा रही है। इसका असर पटना- आरा नेशनल हाईवे पर कोईलवर से कायमनगर तक अक्सर पड़ता है। जिस कारण जाम का झाम लोगों को झेलना पड़ रहा है। गुरुवार को भी आरा-छपरा फोरलेन, सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाईवे और पटना-आरा नेशनल हाईवे पर जाम लगा।

## आरा की बहू सौम्या बनी जज, बिहार न्यायिक सेवा में मिला 25 वां रैंक

निज संवाददाता। आरा



जिले की बेटियां ही नहीं बहुएं भी सभी क्षेत्रों में आगे निकल रहीं है। आरा के अगरसंडा बेहरा गांव निवासी जय करन सिंह की बहू सौम्या सिंह ने 32वीं बिहार न्यायिक सेवा परीक्षा में 25वीं रैंक हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। रिजल्ट आने के बाद ससुराल से लेकर मायके तक खुशी का माहौल है। सौम्या सिंह के पति प्रतीक सागर सिंह ने 30वीं बिहार न्यायिक सेवा में सफलता हासिल की थी। वर्तमान में वे नवादा जिले में जज है।

**सफलता के लिए निरंतर मेहनत जरूरी : सौम्याः** 32वीं बिहार न्यायिक सेवा परीक्षा में 25वीं रैंक हासिल करने वाली सौम्या सिंह ने बताया कि सफलता एक दिन की मेहनत से नहीं मिलती है। सफलता के लिए निरंतर प्रयास सही दिशा में करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो भी बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं उन्हें निरंतर मेहनत करना होगा। इसके लिए सार्थक पढ़ाई करनी होगी। उन्होंने कहा कि मुझे ससुराल, मायका तथा मेरे पति का काफी सहयोग मिला। सौम्या सिंह के जज बनने की सफल यात्रा लोगों के लिए प्रेरणा से कम नहीं है। उन्होंने पहले प्रयास में ही सफलता हासिल की है। उनके पिता संजीव कुमार रांची में पीपी थे।

## बिहार में धर्मांतरण-देव बना डेविड, आस्था बन गई आर्या

निज संवाददाता। बक्सर

15 दिन पहले बक्सर में सामूहिक धर्म परिवर्तन की पड़ताल में खुलासा हुआ कि एजेंट्स के जरिए हिन्दुओं को ईसाई बनाया जा रहा है। इन एजेंट्स को सैलरी और इनके बच्चों और परिवार को आर्थिक मदद दी जा रही है। ये बीमार और परेशान लोगों को ढूंढते हैं। उन्हें बीमारी से चंगाई, शादी और मुफ्त शिक्षा का लालच देकर प्रार्थना में लाते हैं। यहां जादुई जल से बीमारी ठीक करने का दावा किया जा रहा है। विदेशों से चल रहे इन प्रोजेक्ट के कार्यालय या मालिक का पता नहीं है। बिहार में ईसाई धर्मांतरण बढ़ाने और चर्च बनवाने के कई प्रोजेक्ट चल रहे हैं। अधिकांश विदेश से ऑपरेट हो रहे हैं। ये प्रोजेक्ट नेटवर्किंग कंपनी, ट्रस्ट और एनजीओ और दूसरे माध्यमों से संचालित हैं।

**देव बन गया डेविड, आस्था बनी आर्याः** भास्कर इन्वेस्टिगेशन में ये बातें सामने आई हैं कि राज्य के गया, जहानाबाद, नवादा, भोजपुर, बक्सर और वैशाली समेत लगभग सभी जिलों में धर्मांतरण तेजी से बढ़ा है। बक्सर से पकड़े गए लोगों ने तमिलनाडु के 'होप इंडिया वेलफेयर ट्रस्ट' का सदस्य बताया। अब सभी फरार हैं। ट्रस्ट के फोन नंबर बंद हैं। एड्रेस भी वेरिफाई नहीं हो रहा। सिमरी का देव डेविड डगलस और देवढ़िया की आस्था आर्या बन गई है। इन्वेस्टिगेशन में राज मसीह का नाम आया। वह अमेरिका के वॉशिंगटन से संचालित 'लाइफ गिविंग नेटवर्क' से भी जुड़ा है। यह नेटवर्क प्राथमिक शांति प्रतिनिधि, बच्चों की देखभाल और विधवा सहयोग के नाम पर भोले-भाले लोगों को प्रलोभन देकर ईसाई बना रहा है।



**सैकड़ों हिन्दुओं को ईसाई बनाया, खुद को हिन्दू बता रहा राज मसीहः** सिमरी का राज मसीह पहले परशुराम प्रसाद था। वह कलीसिया (प्रार्थना सभा) करता है। उसे बिहार डिस्ट्रिक्ट काउंसिल ऑफ AGNI ने पास्टर्स मिशन से जोड़ चर्च बनवाने में लगाया। उसने चर्च के लिए जमीन भी दिलाई है। मासिक छह हजार रुपए और किराया मिलता है। मिशन की फंडिंग से बच्चे दिल्ली में पढ़ रहे हैं। साल 2013 से राज मसीह ने सैकड़ों हिन्दुओं को ईसाई बनाया है। लेकिन, खुद को हिन्दू बता रहा है।

**फुलेश्वर का मुजफ्फरपुर में 15 अनाथों की देखभाल का दावाः** लाइफ गिविंग नेटवर्क में कलीसिया के मिशन लीडर के रूप में सिमरी के फुलेश्वर का नाम है। वह प्राथमिक शांति प्रतिनिधि है। कैमरे पर आने या मिलने को तैयार नहीं है। खुद के दिल्ली में होने की बात कहता है। उसका दावा है कि मुजफ्फरपुर में 15 अनाथों की देखभाल करता था। साथ ही ऐसे किसी संगठन से जुड़ने से इनकार करता है। जबकि नाबालिग और अशिक्षित महिलाओं को विधवा सहयोग के नाम पर ईसाई बनाने के खेल में इसकी भी संलिप्तता है।

♦ नेटवर्किंग कंपनी, NGO, ट्रस्ट के नाम पर विदेश से ऑपरेट हो रहा पूरा खेल

**देवी-देवता से दूर होने की दी सलाहः** भास्कर ने बक्सर के गांवों में पड़ताल की। कई गांवों में नए चर्च बन गए हैं। देश में ईसाई आबादी ग्रोथ 8.79% और बिहार में 143.21% है। धर्म बदल चुके लोगों का दावा है कि चर्च जाने के बाद आर्थिक और शारीरिक परेशानियां दूर हो गईं। अधिकांश दलित और पिछड़े हैं। जिन्हें महीनों तक प्रार्थना में बुलाकर लोभ-लालच दिया जा रहा है। दिव्यांगों को चंगा हो जाने का प्रलोभन देकर उन्हें बपतिस्मा दी जा रही है। मांग कर सिंदूर मिटाकर क्रॉस बनाया जाता है। देवी- देवताओं से दूर होने की सलाह दी जा रही है। प्रशासन मानता है कि ब्रेन वॉश किया जा रहा है। लेकिन, धर्म परिवर्तन का केस नहीं दर्ज किया जाता।

# बाल विवाह होने पर घराती-बाराती, फोटोग्राफर व पंडित जी पर होगा केस

निज संवाददाता। आरा

डेढ़ वर्ष में 730 नाबालिगों के बाल-विवाह पर लगी रोक जिले में बाल विवाह रोकने के लिए अभियान के तहत डेढ़ वर्ष में करीब 730 किशोरियों के जिंदगी को उजड़ने से बचाया गया है। जून 2023 से लेकर अब तक कानूनी नियम से पहले विवाह होने की स्थिति में उनकी शादियों को रुकवाया गया है। उन्हें बालिग होने तक आपसी समझौते से जागरूक कर मनाया गया है। कई नाबालिग लड़कियों की शादियों को तिलक, हल्दी व विवाह के ऐन वक्त पर भी रोका गया है। सबसे ज्यादा मामले पीरो व बड़हरा प्रखंड के है। इस अभियान से जुड़े लोगों के अनुसार राजस्थान व हरियाणा के लोग दलालों के माध्यम से जिले में गरीब परिवार के किशोरियों से शादी करने के लिए पहुंच रहे हैं। जिसके एवज में एक बड़ी रकम दलालों को अदा करते हैं। दलाल गरीब परिवार के लोगों को 50 हजार से एक लाख रुपए तक की राशि देते हैं। उनके किशोरियों की शादी कराने का प्रयास करते हैं। इसको लेकर संस्था दिशा एक प्रयास सर्वे कराएगी। बाल विवाह के कारण : गरीबी, सामाजिक मानदंड, माता-पिता द्वारा बच्चियों की सुरक्षा की चिंता, सामाजिक उपेक्षा, लड़कियों को बोझ मानना, ट्रैफिकिंग, पर्सनल लॉ, कर्ज उतारना, दहेज जैसे मुख्य कारण है। सबसे ज्यादा मामले गरीबी से जुड़े हैं। जिनमें विवाह के खर्चे से बचने के लिए बाल विवाह होता हैं। बाल विवाह के विरुद्ध 1929 में कानून बनाया गया। जिसमें सजा छोटी उम्र में बच्ची को ब्याहने वाले माता-पिता और एक बच्ची से विवाह करने वाले वयस्क को मिलती थी। कानून में सुधार करते हुए वर्ष 2006 में विवाह के लिए उम्र सीमा कम से कम लड़कों के लिए 21 वर्ष और लड़कियों के लिए 18 वर्ष तय कर दी गई। बाल विवाह में शामिल माता-पिता, पंडित, काजी, टेंट व बैंड वाले, हलवाई, फोटोग्राफर, बाराती, रिश्तेदार सहित सभी अपराधी व सजा के पात्र होंगे। राज्य सरकार व पंचायतों के जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही तय कर दी है। संबंधित पंचायत के मुखिया व अन्य प्रतिनिधियों को बाल विवाह की सूचना प्रखंड व जिले के अधिकारियों को देनी होगी। बाल-विवाह रोकने में दिशा एक प्रयास अग्रसरःसुनीता "दिशा एक प्रयास" संस्था की सचिव सुनीता सिंह ने शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता किया। बाल विवाह पर रोक के लिए सुप्रीम कोर्ट के सभी पक्षों को साथ लेकर चलने और बचाव संरक्षण एवं अभियोजन नीति के फैसले का स्वागत है। दिशा एक प्रयास संस्थान गैरसरकारी संगठन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रंस (जेआरसी) का सहयोगी है। जो जिले में बाल विवाह की रोकथाम के लिए काम कर रहा हैं। विगत डेढ़ वर्षों में साढ़े पांच लाख लोगों को शपथ दिलाया गया।



## जिला वेक्टर जनित रोग के लिए आशा को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

**आरा**| जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यालय भोजपुर द्वारा सीएचसी तरारी में कालाजार से संबंधित प्रशिक्षण आशा को दिया गया। प्रशिक्षण शिविर में शुक्रवार को 60 आशा ने प्रशिक्षण लिया है। जिन्हें कालाजार से बचाव, लक्षण, उपचार व इलाज के लिए प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ जगदीशपुर से जिला जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ केएन सिन्हा ने किया। उन्होंने कहा कि जिले की कुल 350 आशा को, कालाजार से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। मौके पर तरारी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभय कांत चौधरी, कुमारी प्रियंका, रितेश कुमार, राजू कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## संत श्री बराहना महिला महाविद्यालय के कर्मचारी धरना पर बैठे

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय परिसर में संत श्री बराहना महिला महाविद्यालय, जगदीशपुर के शिक्षकेत्तर कर्मियों ने शुक्रवार को धरना दिया। कॉलेज के कर्मियों ने 17 महीने से मानदेय भुगतान नहीं होने पर नाराजगी जतायी। धरने पर बैठे कर्मचारियों ने कहा कि अनुदान से भी वंचित किया जा रहा है। परिवार भुखमरी के कगार पर है। विश्वविद्यालय के अधिकारी हमारी मांगों पर पहल नहीं कर रहे है। जन प्रतिनिधि को हटाने, मानदेय भुगतान तथा अनुदान के लिए विश्वविद्यालय परिसर में हम लोग डटे रहेंगे। महाविद्यालय के शिक्षक जय कृष्ण दुबे, वीरेंद्र सिंह, रामजी सिंह, उदय कुमार सिंह, रामनाथ ठाकुर, महेंद्र सिंह, अर्जुन राम और अवधेश सिंह ने कहा कि जनप्रतिनिधि को हटाने के लिए कई बार आवेदन साक्ष्य के साथ दिया गया है। 30 नवंबर को धरना स्थल पर महायज्ञ किया जाएगा।

## 10 तक परिमार्जन से संबंधित मामलों का कैंप लगाकर करें निष्पादन : डीएम

**आरा**। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने शुक्रवार को राजस्व विभाग के तहत दाखिल-खारिज, परिमार्जन, और अभियान बसेरा-2 की विगत दो सप्ताह की प्रगति की समीक्षा की। डीएम ने परिमार्जन से संबंधित आवेदनों के निष्पादन के लिए अंचलाधिकारी और राजस्व अधिकारियों को कैंप लगाकर 10 दिसंबर तक लंबित मामलों को पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई पूरी न होने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सभी अंचलाधिकारियों को 75 और 35 दिनों से लंबित दाखिल-खारिज के मामलों को अविलंब निपटाने का भी निर्देश दिया। अभियान बसेरा-2 के अंतर्गत जारी ऑफलाइन पर्चों को विभागीय निर्देश के अनुसार ऑनलाइन कराने और नए सर्वे कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। भूमि सुधार उपसमाहर्ता को इन सभी मामलों का सतत अनुश्रवण करते हुए समय पर निष्पादन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में अपर समाहर्ता भोजपुर, प्रभारी पदाधिकारी राजस्व, सभी भूमि सुधार उपसमाहर्ता थे।

## लोक शिकायत के सात मामलों की हुई सुनवाई

**आरा**| शुक्रवार को जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश पर लोक शिकायत के अपीलीय मामलों के निष्पादन को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर समाहर्ता, विशेष कार्यक्रम द्वारा कुल सात अपीलीय मामलों की सुनवाई की गई। जिसमें मुख्यतराजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से 4 मामले, पंचायती राज विभाग से 2 एवं स्वास्थ्य विभाग से 1 मामले रहे। इसमें से सुनवाई करते हुए ऑन द स्पॉट एक मामले को निष्पादित किया गया। अन्य लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादित करते हुए सुनाई की अगली तिथि दी गई।

## प्रोन्नति के लिए कुलसचिव से मिले वीकेएसयू के कर्मचारी



निज संवाददाता। आरा

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में अंगीभूत महाविद्यालय के सभी कर्मचारियों के साथ प्रोन्नति के संबंध में वार्ता हुई। कर्मचारियों ने बताया कि कुलसचिव डॉ रणविजय कुमार के साथ सकारात्मक वार्ता हुई। दीक्षांत समारोह के उपरांत एक समीक्षात्मक बैठक कर प्रोन्नति की दिशा में सकारात्मक कदम बढ़ाने का आश्वासन मिला है। समीक्षात्मक बैठक के पूर्व प्रोन्नति की सारी तैयारियां कर उस पर निर्णय लिया जाएगा। बैठक में शशिरंजन, चिन्मय प्रकाश झा, रमेश कुमार,अमित कुमार, राकेश कुमार, प्रेमजीत कुमार, भास्कर, शत्रुघ्न, सुधीर, अनिल कुमार, वेंकटेश प्रभाकर, अविनाश कुमार,अभिषेक पंकज, विकास कुमार, कौशल सिंह, राजकमल, राजेश ठाकुर, सुलोचन और मोहम्मद परवेज सहित कई मौजूद थे।

## काला बिल्ला लगाकर मानव बलों ने जताया विरोध



निज संवाददाता। आरा

विद्युत शक्ति उपकेंद्र कोईलवर के मानव बल ने शुक्रवार को अपनी मांगों के समर्थन में काला बिल्ला लगाकर काम किया। उक्त उपकेंद्र में कार्यरत मानव बल राम विनय राय, साबिर, मो. इक़बाल उर्फ चुन्नू, कुंदन, मुकेश, लालू तिवारी व मोहन ने विरोध जताते हुए कम से कम 21 हजार रुपये मानदेय देने और एजेंसी के माध्यम से सेवा लेने की विभागीय कार्यवाही से मुक्त करने मांग कर रहे थे। मानव बलों ने बताया कि वह लोग बिजली विभाग के अधिकारियों के निर्देश पर चौबीस घंटे काम करते हैं। सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति जारी रखने में दिन-रात लगे रहते हैं। इस कार्य में जोखिम भी है बावजूद इसके निजी एजेंसी की ओर से उचित मानदेय नहीं दी जाती है।

# अंचल अधिकारी के चेंबर में सुनवाई के दौरान मारपीट, भिड़े 2 पक्ष के लोग

**विधायक के सहयोगी पर फायरिंग का मामला है दर्ज**

निज संवाददाता। भागलपुर

नवगछिया के रंगरा प्रखंड अंतर्गत भवानीपुर गांव के दो पक्षों में जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चला रहा था। हाल ही के दिनों में गोपालपुर विधानसभा के विधायक गोपाल मंडल ने अंचल अधिकारी से मिलकर समझौता भी किया था। इस पर अंचलाधिकारी रंगरा आशीष कुमार ने दोनों पक्षों को सुनवाई के लिए बुलाया था। सुनवाई के दौरान एक पक्ष दूसरे पक्ष से भीड़ और गाली गलौज करने लगे। इसी बीच दूसरे पक्ष का दिव्यांग व्यक्ति पहले पक्ष की मारपीट से घायल हो गया। नाक से खून बहने लगा और वह वहीं पर बेहोश होकर गिर गया। इसी बीच रंग अंचलाधिकारी आशीष कुमार ने तुरंत रंगरा थाना की पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। रंगरा थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने गश्ती पर तैनात पुलिसकर्मी को तुरंत भेजा और कुछ समय बाद वहां खुद पहुंचकर आपस में दोनों पक्षों को अपने पुलिस जीप में बैठाकर ले गए। 13 बीघा जमीन के विवाद में इन एक पक्ष के वायु सेवा के पूर्व सार्जेंट नंदन कुमार यादव ने अपने विपक्षी पार्टी पर मामला दर्ज कराया था। नंदन ने कहा है कि विधायक दूसरे पक्ष के लोगों को जबरन उसकी जमीन पर कब्जा दिला रहे हैं। दूसरे पक्ष के लोगों ने जमीन की फर्जी रसीद काटा रखी है। शुक्रवार की शाम सीओ कार्यालय जबरन खुलवाकर विधायक उसे पक्ष के लोगों के साथ को पर दबाव बना रहे थे। ऐसी जानकारी पर अपने लोगों के साथ वहां पहुंचा तो विधायक



ने कहा कि अभी जमीन ही कब्जा करवाए हैं। आगे तुम्हारा जान भी ले लेंगे। धमकी से भयभीत नंदन कुमार ने घटना की जानकारी स्थानीय थाने और नवगछिया एसपी को आवेदन के माध्यम से देते हुए जान माल की सुरक्षा और न्याय की गुहार लगाई थी। विधायक गोपाल मंडल ने नंदन के आरोपों का जवाब देते हुए कहां कि मैं हमेशा कमजोर लोगों का साथ देता हूं। वायु सेवा के पूर्व सर्जन नंदन कुमार यादव ने ही फर्जी तरीके से दिव्यांग चंदेश्वरी यादव की जमीन का रसीद काटा रखा है। वह चांद श्री और अन्य लोगों की जमीन पर अपना दावा कर उन्हें धमका रहा है। रंगरा प्रखंड कार्यालय में दोनों पक्षों में सीओ आशीष कुमार के सामने बात हो रही थी। अचानक वायु सेवा के रिटायर्ड कर्मी ने बात करते हुए बहस करने लगे। हाथ चला दिया जिसके बाद दूसरे पक्ष में भी भगदड़ मच गया। हाथापाई शुरू हो गई। दिव्यांग व्यक्ति हृदय नारायण यादव को घूसा मारा, जिससे वह घायल होकर वहीं गिर गया और बेहोश हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर रंगरा पुलिस ने एंबुलेंस के साथ पहुंची और घायल को लेकर प्राथमिक उपचार के लिए रंगरा पीएचसी हॉस्पिटल में भर्ती कराया । रंगरा थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने कहा कि घटना के तुरंत बाद दोनों पक्षों को थाना लाया गया था। इस मामले में रंग रसिया के लिखित आवेदन पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं प्रखंड कार्यालय का सीसीटीवी फुटेज भी खंगाला जा रहा है।

## स्मार्ट सिटी योजना से बनी सड़कों की शुरू हुई मरम्मत

**भागलपुर**। स्मार्ट सिटी योजना से बनी सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। तिलकामांझी जवारीपुर से आनंदगढ़ कॉलोनी जानेवाली सड़क को ठीक किया गया है। इसी तरह शहर के अन्य हिस्सों में पेवर्सब्लॉक को उखाड़कर नए सिरे से मरम्मत की जा रही है। इसके अलावा स्मार्ट रोड योजना के तहत बने सोलर लाइट सिस्टम के तहत खराब लाइटों को भी ठीक किया जा रहा है।

मेयर डॉ. बसुंधरा लाल ने भी इस पर संज्ञान लिया था और स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को स्थायी समिति की बैठक में बुलाकर सड़कों की मरम्मत कराने का निर्देश दिया था। मेयर ने उनसे कहा था कि जब एजेंसी से पांच साल का करार है तो शहर की सड़कें खराब स्थिति में क्यों हैं। मेयर ने अगली बैठक में आने से पहले खराब सड़कों की मरम्मत की सूची लेकर आने को कहा था। इसका असर यह हुआ कि अब स्मार्ट सिटी ने ऐसी जगहों को चिह्नित कर काम कराना शुरू कर दिया है। पीआरओ पंकज कुमार ने बताया कि मरम्मत का कार्य हर इलाके में शुरू कर दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### घने कोहरे को लेकर जमालपुर से गुजरने वाली कई ट्रेनें की गई रद्द

**मुंगेर**। रेलवे प्रशासन द्वारा घने कोहरे एवं खराब मौसम से होने वाली परिचालक कठिनाइयों के कारण 2 दिसंबर से आगामी 1 मार्च के बीच अलग अलग तारीखों पर दो जोड़ी ट्रेनों को निरस्त कर दिया गया है। जबकि एक जोड़ी ट्रेनों के संचालन आवृत्ति में कमी की गई है। सीपीआरओ कौशिक मित्रा ने कहा कि कोहरे में ट्रेनों की गति कम होने से लाइन क्षमता कम हो जाती है। जिसके कारण ट्रेनों की संख्या में कमी की जाती है। इस दौरान कम ऑक्युपेंसी वाली कुछ ट्रेनों को निरस्त किया गया तथा कुछ ट्रेनों के फेरे घटाए गए हैं। जिससे कोहरे के दौरान ट्रेनों का सामान्य एवं संरक्षित संचालन हो सके। इस दौरान मालदा रेलमंडल अन्तर्गत जमालपुर से गुजरने वाली इन ट्रेनों को किया गया रद्दः 15620 कामाख्या-गया साप्ताहिक एक्सप्रेस 02, 09, 16, 23, 30 दिसंबर तथा 06, 13, 20, 27 जनवरी, 03, 10, 17, तथा 24 फरवरी को रद्द रहेगी। वहीं 15619 गया-कामाख्या साप्ताहिक एक्सप्रेस 03, 10, 17, 24, 31 दिसंबर, 07, 14, 21, 28 जनवरी, 04, 11, 18 तथा 25 फरवरी को रद्द रहेगी। इसके अलावे 14004 नई दिल्ली-मालदा टाउन एक्सप्रेस 01, 05, 08, 12, 15, 19, 22, 26 दिसंबर, 02, 05, 09, 12, 16, 19, 23, 26, 30 जनवरी, 02, 06, 09, 13, 16, 20, 23 और 27 फरवरी को रद्द रहेगी। वहीं 14003 मालदा टाउन-नई दिल्ली एक्सप्रेस 03, 07, 10, 14, 17, 21, 24, 28, 31 दिसंबर, 04, 07, 11, 14, 18, 21, 25, 28 जनवरी, 01, 04, 08, 11, 15, 18, 22, 25 फरवरी तथा 01 मार्च को रद्द रहेगी।

### भागलपुर में JDU कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन, विधानसभा चुनाव को लेकर चल रही तैयारी



**भागलपुर**। भागलपुर के लाजपत पार्क में जनता दल यूनाइटेड की ओर से शनिवार को जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर स्थल निरीक्षण और तैयारी का जायजा लिया गया। इस दौरान सांसद अजय मंडल ने कहा कि सम्मेलन में बूथ से लेकर जिला कमेटी के कार्यकर्ता शामिल होंगे। तैयारी को लेकर जिलाध्यक्ष विपिन बिहारी सिंह ने बताया कि कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। कार्यकर्ताओं के बैठने के लिए 5 हजार कुर्सियां और मंच जे लिए 100 कुर्सियां लगाई गई है। इसके अलावा सभी लोगों के लिए नाश्ता, भोजन और चाय की व्यवस्था की गई है। जिला प्रवक्ता शैलेंद्र तोमर ने बताया कि सम्मेलन में जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, मंत्री लेसी सिंह, रत्नेश सादा, सांसद रामप्रीत मंडल, विधान पार्षद ललन सराफ, विधायक विजय सिंह निषाद, पूर्व सांसद कविता सिंह, पूर्व मंत्री रंजू गीता, मुनेश्वर चौधरी, सलीम परवेज शिरकत करेंगे। बता दें कि शहर के मुख्य मार्गों समेत सर्किट हाउस, लाजपत पार्क के अंदर व बाहर चारों तरफ जदयू नेताओं के होडिंग, पोस्टर व बैनर से पट गये हैं। इसके अलावा पूरे जिले में जनसंपर्क अभियान चलाया गया है। माइकिंग भी करायी जा रही है।

### एसपी ने अंचल निरीक्षक सहित थानाध्यक्ष का किया तबादला, मुंगेर में पूरबसराय थाना के नए थानाध्यक्ष बने सौरव

**मुंगेर**। मुंगेर में बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर एसपी सैयद इमरान मसूद ने विभिन्न अंचल के इंस्पेक्टर और थानाध्यक्ष का तबादला किया है। इसमें पुलिस निरीक्षक पप्पू कुमार शारदा को खड़गपुर अंचल से हटाते हुए पुलिस लाइन में हाजिर किया है। वहीं पुलिस निरीक्षक अरविंद कुमार को हवेली खड़गपुर अंचल का इंस्पेक्टर बनाया गया। पुलिस निरीक्षक अलीमुल्ला को आजाद को मुफस्सिल अंचल का इंस्पेक्टर बनाया गया है। पुलिस निरीक्षक असलम शेर अंसारी को कासिम बाजार अंचल निरीक्षक बनाया गया है। जबकि प्रमोद कुमार को कोतवाली अंचल का निरीक्षक बनाया गया। वहीं असरगंज थानाध्यक्ष शिव अमित प्रकाश कौशिक को लाइन हाजिर कर दिया गया है। कोतवाली थाना में पदस्थापित अपर थानाध्यक्ष विभांशु शेखर भास्करम को लड़ैयाटांड़ थाना का थानाध्यक्ष बनाया गया है।पूरबसराय थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार राय को हटाकर असरगंज थाना का अध्यक्ष बनाया गया है। थानाध्यक्ष सोनू कुमार को लड़ैयाटांड़ थाना से हटाकर हरपुर थानाध्यक्ष बनाया गया है। मुफस्सिल थाना में पदस्थापित सौरव कुमार को पूरबसराय थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं हरपुर थानाध्यक्ष नीतीश कुमार को मुफस्सिल थाना में पदस्थापित किया गया है। इन्हें अभियुक्त अनुसंधान इकाई प्रभारी बनाया है। इस तरह से पांच पुलिस अंचल निरीक्षक और छह थानाध्यक्ष का तबादला किया गया है। बता दे कि इससे 2 माह पहले भी 21 सितंबर को एसपी ने जिले के 12 थानाध्यक्ष का तबादला किया था। इस वर्ष जनवरी से नवंबर के बीच तीसरी बार तबादला किया गया है।



## समाजसेवी विजय यादव लोजपा का सदस्यता ग्रहण करेंगे

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के सबौर हाई स्कूल में लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान कार्यकर्ताओं को शपथ दिलाने के लिए रविवार को आ रहे हैं। जिसको लेकर पूरी तैयारी चल रही है। इस सभा में भागलपुर के समाजसेवी विजय कुमार यादव भी लोजपा में सदस्यता ग्रहण करेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि सबौर हाई स्कूल में लोजपा भरी संख्या में कायकर्ता एक नवंबर को सदस्यता ग्रहण करेंगे। जिसका नेतृत्व पार्टी के अध्यक्ष चिराग सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान करेंगे। वो कार्यकर्ताओं को भी संबोधित करेंगे।

समाजसेवी विजय यादव ने लोगों से अपील किया है कि भारी से भारी संख्या में लोग हाई स्कूल पहुंचे और पार्टी अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के भाषण सुने। लोजपा पार्टी ज्वाइन करने के सवाल पर कहा कि चिराग पासवान के बिहारी फर्स्ट बिहार फर्स्ट का जो मिशन है उसी से वह प्रेरित होकर लोजपा में शामिल हो रहे हैं। महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कहा कि विजय यादव पार्टी में आ जाने से महिलाओं का सम्मान बढ़ेगी। विजय यादव समाज की सेवा में तत्पर रहते हैं। कई वर्षों से समाज सेवा कर रहे हैं। ऐसे लोगों को पार्टी में रहने से बहुत फायदा मिलेगा। सियासी गलियारों में चर्चा है कि भागलपुर में विजय यादव को पार्टी में शामिल होना पार्टी की मजबूती मानी जा सकती है।



**भागलपुर में बढ़ेगी मजबूती पार्टी की मजबूती, राजनीतिक गलियारों में चर्चा**

## भागलपुर में घरेलू सिलेंडर चेक करने के दौरान लगी आग, किचन में रखा सामान जलकर राख

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के हबीबपुर थाना क्षेत्र के इमामपुर पंचायत शुक्रवार की देर रात सिविल कोर्ट के पेशकार के घर में आग लग गई। जिससे घर के किचन का सारा सामन जलकर राख हो गया। आगलगी में फ्रीज, पानी वाला केंट, एलईडी टीवी, पलंग, पंखा, टेबल-कुर्सी व डिनर सेट समेत अन्य सामान जल गया। सूचना मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम सो छोटी और एक बड़ी गाड़ी के साथ पहुंची। जिसके 15 मिनट के बाद आग पर काबू पाया गया। टीम की इस तत्परता से घर में रखा सिलेंडर ब्लास्ट होने से बच गया। सिर्फ सामान का नुकसान हुआ, किसी तरह का हादसा नहीं हुआ।

**गैस प्रेसर चेक करने के दौरान लगी आगः** पेशकार इमत्याज खान ने बताया कि हमलोग अपने दूसरे घर में थे। तभी सूचना मिली कि मेरे घर में रहनेवाले किराएदार के घर में आग लग गई है। जिसके बाद अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। मौके पर आधे घंटे के अंदर टीम पहुंच गई। जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। इस घर के दूसरे तल पर शिक्षक मो. फैयाज आलम अपने परिवार के साथ रहते हैं। आग लगने की घटना को लेकर बताया कि रात का खाना उनके घर में बनाने के दौरान रेगुलेटर लगाकर गैस का प्रेशर चेक करते समय सिलेंडर में आग लग गई। जिसके बाद सभी लोग घर से बाहर निकले। शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हुए। तब तक आग पूरे किचन में फैल चुकी थी। दूसरे कमरे में भी बढ़ रही थी। फायर ब्रिगेड टीम के सदस्य गुंजन कुमार ने बताया कि हमलोग जब आए तो किचन में तेजी से आग फैलती जा रही थी। तत्काल पानी के बौछार से आग को बुझाया। जिसके बाद वहां रखे दो बड़ा और एक छोटा सिलेंडर था, जिसे ठंडा किया गया। जब पूरी तरह सिलेंडर ठंडा हो गया तो उसे निकालकर बाहर फेंक दिया गया। आग लगने की वजह से सिलेंडर अधिक गर्म हो चुका था। कुछ देर लेट होने पर वह विस्फोट हो सकता था।



**◆ जल्दी पहुंचकर अग्निशमन टीम ने पाया काबू**

**पड़ोसी से की आग बुझाने की कोशिशः** शिक्षक फैयाज जब अपने पुराने सिलेंडर से नए सिलेंडर में रेगुलेटर लगाकर गैस का प्रेशर चेक कर रहे थे, तभी रेगुलेटर में आग पकड़ गई। जिसके बाद आग तेजी से आग अन्य हिस्सों में पकड़ने लगा। हमलोग ऊपर फ्लोर पर रहते हैं ।शोरगुल सुनकर बच्चों को लेकर हमलोग नीचे की और भागे। जिसके बाद एक पड़ोसी अग्निशमन से जुड़ा सामान बेचने का कारोबार करते हैं। वह तुरंत आए और आठ से दस फायर सिलेंडर से आग बुझाने की कोशिश की। हालांकि आग पूरी तरह नहीं बुझाई जा सकी थी। अग्निशमन विभाग की टीम आई तो आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका।

## कुतलुपुर दियारा से पुलिस ने बरामद किया शव, गुरुवार की रात से था लापता

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के मुफस्सिल थाने की पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर कुतलुपुर दियारा से एक 40 साल के व्यक्ति का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान कुतलुपुर गांव निवासी जागेश्वर महतो के बेटे भूषण महतो के रूप में हुई है। घटना को लेकर मृतक की पत्नी मंती देवी ने थाना में आवेदन देकर गांव के ही 7 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। वहीं घटना को लेकर परिजनों ने बताया कि भूषण महतो गुरुवार की रात करीब नौ बजे घर से निकला था। परिजनों को उसने बताया था कि उसे कुछ लोग खाना लेकर बुलाए है, उसी को पहुंचाने जा रहे है। इसके बाद वह वापस नहीं आया। परिजनों ने बताया कि घटनास्थल पर खाना पड़ा हुआ है।



मृतक के परिवार वालों ने बताया कि गौतम, अमित, पगला, ढ़ोंगला, छुट्टा, मुकेश ये लोग शराब का धंधा करता है और दियारा में ही शराब बनाने के कारण इन लोगों का दियारा में ज्यादा और घर में कम रहना होता है। परिवार वालों ने बताया कि भूषण महतो गौतम का ट्रैक्टर चलाता था। परिवार वालों ने बताया कि शराब पीने के बाद कीचड़ में दबाकर उसकी हत्या कर दी गई है। वहीं इस संबंध में मुफस्सिल थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने कहा कि सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल मुंगेर भेज दिया गया।

## संदिग्ध स्थिति में महिला की मौत, जांच जारी, 2 दिन पहले पति ने फांसी लगाकर किया था सुसाइड

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के हवेली खड़गपुर क्षेत्र के नंदलाल बसु चौक निवासी शंभू विश्वकर्मा के बेटे उज्ज्वल कुमार ने मंगलवार की देर रात राजगंज स्थित किराए के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। दो दिन बाद शुक्रवार की सुबह उज्ज्वल कुमार की पत्नी प्राची कुमारी ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतका के परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हालांकि मृतक प्राची के पिता टुनटुन विश्वकर्मा और अन्य परिजन बेटी की मौत को हत्या बता रहे है। पिता टुनटुन विश्वकर्मा ने बताया कि उनकी बेटी प्राची कुमारी ने शंभू विश्वकर्मा के बेटे उज्ज्वल कुमार के साथ प्रेम विवाह किया था। उज्ज्वल के पिता और घर वाले शादी से नाराज थे। इससे उसका बेटा उज्ज्वल राजगंज में किराए के मकान में रहता था। मंगलवार की देर रात उज्ज्वल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। इधर शुक्रवार को जब वे दुकान पर थे और उनकी पत्नी बाजार गई थी। घर आने पर देखा तो उनकी बेटी का शव फंदा से झूल रहा था। पिता टुनटुन विश्वकर्मा ने बताया कि उनको शक है कि उनकी बेटी के गले में फंदा लगाकर शंभू विश्वकर्मा और उसकी पत्नी ने हत्या की है। इधर खड़गपुर पुलिस को जब सूचना मिली तो मामले की छानबीन में जुट गई।


**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 18/वर्ष 2024–25**

1. विभाग का नाम :– मेदिनीनगर नगर निगम।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दि0 09.12.2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 1.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– दि0 10.12.2024 को 11.00 बजे अपराह्न से 12.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दि0 10.12.2024 को 01:00 बजे अपराह्न नगर निगम सभागार में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
8. कार्य का नाम

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Renovation of Office Cabin work in ward no. 24 Under Medininagar Municipal Corporation | 5,01,800/- | 25,100/- | 5,000/- | तीन माह |

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक मेदिनीनगर नगर निगम

PR 340864 District(24-25)D


## शिक्षक की पत्नी की ससुराल में लटकी मिली लाश, पिता बोले, दामाद दहेज का लोभी था

### जमीन बेचकर सारा सामान दिया, पर डिमांड खत्म नहीं हुई

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में शुक्रवार शाम शिक्षक की पत्नी का शव ससुराल में फंदे से लटका मिला। मायके वालों ने दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। मृतका शिवानी कुमारी (32) बरारी नया टोला निवासी अमित कुमार की पत्नी थी। मृतका के पिता महेश यादव ने कहा कि दामाद दहेज का लोभी था। एक बीघा जमीन बेच कर सारा सामान दिया था, लेकिन फिर भी उसकी डिमांड खत्म नहीं हो रही। हाल में ही उसे बुलेट बाइक दी थी। 23 तारिख को मेरे फौजी बेटे की शादी थी। शादी के समय भी उसने डेढ़ लाख रुपया लिए थे। दामाद हर समय पैसे की डिमांड करता था। चार साल पहले मैंने बेटी की शादी की थी। दामाद स्कूल में पढ़ाने के साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करता था। मेरी बेटी गुरुवार को अपने एक रिश्तेदार की शादी में नवगछिया से बरारी अपने ससुराल लौटी थी। शुक्रवार की दोपहर मुझे एक रिश्तेदार ने फोन पर घटना की जानकारी दी। घटना बरारी के नया टोला की है।

**पति फरार, मोबाइल नंबर भी बंदः** घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर जीरोमाइल थाना की पुलिस पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। दूसरी तरफ मृतका के मायके वाले भी किशनदासपुर से बेटी के ससुराल पहुंचे। मृतका का पति अमित कुमार कहीं नजर नहीं आया। उसका मोबाइल नंबर भी बंद है। जीरोमाइल थानेदार मुरलीधर शाह ने बताया कि महिला का शव फंदे से लटका मिला है। मामले में परिजनों की तरफ से जो लिखित शिकायत मिलेगी, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



**चाय देने के बाद बहू कमरे में चली गई थीः** मृतका के ससुर दिनेश यादव ने कहा कि दोपहर में बहू ने मुझे चाय दी थी। चाय देने के बाद वह कमरे में चली गई थी। घर में उस समय बहू और तीन वर्षीय पोती राधिका के अलावा कोई नहीं था। बेटा नवगछिया में काम करता है। चाय पीने के बाद मैंने बहू को आवाज लगाई, लेकिन वो जवाब नहीं दे रही थी। कमरे का दरवाजा खुला था, सिर्फ पर्दा लगा था। मैंने पर्दा हटा कर देखा तो बहू पंखे से लटक रही थी। तभी मैंने शोर मचा कर आसपास के लोगों को बुलाया।

## जमीन विवाद में दो समुदायों के बीच हुई मारपीट, दो लोग गंभीर रुप से घायल

**भागलपुर** । सजौर थाना क्षेत्र के डोमा बांध के पास स्थित खेत (बहियार) में देर शाम जमीन विवाद में दो समुदायों के बीच मारपीट हो गयी। जिसमें सबौर फतेहपुर निवासी दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों में राजेश कुमार वर्मा (48) और राम स्वरूप सिंह (72) शामिल हैं। राजेश के सिर पर तलवार से मारकर दूसरे पक्ष के लोगों ने जख्मी कर दिया, जबकि रामस्वरुप सिंह के दोनों हाथों की तीन अंगुलियां हमले में कट गई और एक हाथ भी टूट गया। दोनों घायलों को सजौर पुलिस इलाज के लिए शाहकुंड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गई। वहां से ज्यादा खून बहने की स्थिति में दोनों को बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल भेज दिया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। रात 12 बजे दोनों का सीटी स्कैन और एक्सरे करवाने के लिए रेडियोलॉजी विभाग ले जाया गया। दोनों का इमरजेंसी सर्जरी वार्ड में इलाज किया जा रहा है। परिजनों ने पुलिस से लिखित शिकायत की है। वहीं इस घटना के बाद दूसरे पक्ष के लोगों ने भी थाने में मारपीट की शिकायत की है। घटना के बाद पुलिस अब मामले की जांच में जुट गई है। सजौर थानेदार सूरज सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले में कार्रवाई की जा रही है। क्या है मामला : रजिस्ट्री ऑफिस में डीडराइटर का कार्य करनेवाले राजेश वर्मा के भतीजे शुभम वर्मा ने बताया कि हमलोगों की जमीन सजौर थाना क्षेत्र के डोमा बांध के पास है। वहां पांच बीघे की जमीन को लेकर पिछले चार साल से विवाद चल रहा है। हमलोगों को पता चला कि जिस जमीन पर विवाद है उसके बगल में जो हमारी जमीन है उस पर लगे धान की फसल भी वे लोग काट रहे हैं। इसके बाद हमारे चाचा बाइक से गांव के रामस्वरुप सिंह को लेकर देखने गए। तबतक दूसरे पक्ष के लोग घात लगाए बैठे थे, खेत देखकर लौटने के दौरान घेरकर उन लोगों ने तलवार व अन्य धारदार हथियार से मारना शुरू कर दिया।


**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Medininagar Municipal Corporation**

**e-Procurment Tender Notice**

| Sl. No.. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Part – A** | | | | | | |
| 1 | UDHD/MMC/ 17/2024-25 | Renovation of Community Toilet under Medininagar Municipal Corporation, Medininagar Palamau Jharkhand. | 72,18,998/- | 1,44,500/- | 10,000/- | 12 माह |
| **Part – B** | | | | | | |
| 1 | Date Of Publication Of Tender | 30/11/2024 At 10:00 AM | | | | |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | 30/11/2024 At 10:00 AM | | | | |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.in | | | | |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | 30/11/2024 At 10:00 AM | | | | |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 21/12/2024 AT 05:00 PM | | | | |
| 6 | Date Of Bid Opening | 23/12/2024 AT 11:00 AM | | | | |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation | | | | |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 | | | | |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 | | | | |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 340862 District(24-25).D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# शीतकालीन सत्र में विपक्षी हमले पर भी चुप रहे नीतीश

## ▶ 5 दिन के सत्र में 5 विधेयक के साथ सप्लीमेंट्री बजट पास, वक्फ संशोधन बिल और स्मार्ट मीटर का मुद्दा उठा

**पटना।** बिहार विधान मंडल का शीतकालीन सत्र पांच दिन तक चला। इस दौरान कुल 5 विधेयक के साथ सप्लीमेंट्री बजट पास कराया गया। सत्र के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मौजूद रहे, लेकिन किसी भी मुद्दे पर दोनों ही सदनों में कुछ बोलना जरूरी नहीं समझा। विपक्ष की ओर से लगातार हमले के बावजूद वे चुप रहे। विधान परिषद में नेता विरोधी दल पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने वक्फ संशोधन बिल, स्मार्ट मीटर, लॉ एंड ऑर्डर समेत कई मुद्दों पर सीएम नीतीश कुमार को घेरा। इसके बाद भी उन्होंने कुछ बोलना उचित नहीं समझा। वक्फ संशोधन बिल के मुद्दे पर राबड़ी देवी ने कहा कि नीतीश कुमार की चुप्पी कुछ और बता रही है, उनको बोलना चाहिए। इसके बावजूद उन्होंने कुछ नहीं कहा।

### दल बदल करने वाले विधायकों पर कार्रवाई नहीं, सीटिंग चेंज

पिछले सत्र में विधान परिषद में विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के एक एमएलसी सुनील कुमार सिंह पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई थी। उनकी सदस्यता रद्द कर दी गई थी। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मिमिक्री की थी। इस बार असर यह दिखा कि किसी ने उस तरह से मुख्यमंत्री पर टीका-टिप्पणी नहीं की। विधानसभा में दल-बदल करने वाले बागी विधायकों पर कार्रवाई की मांग की गई, लेकिन उन विधायकों की सदस्यता खत्म नहीं की गई। सदन में इस मुद्दे पर आरजेडी नेता आलोक मेहता ने सवाल उठाया।

आरजेडी नेता भाई वीरेन्द्र, यह कहते हुए मुख्यमंत्री की सीट पर बैठने के लिए बढ़े कि जब कोई भी कहीं बैठ रहा है तो वे भी कहीं बैठ जाएंगे। विधान सभा अध्यक्ष ने सख्त चेतावनी देते हुए मार्शल से बाहर निकलवाया। सत्र के अंतिम दिन विधानसभा में बागी विधायकों को सीट अलॉट किया गया। अब स्पीकर के सामने आरजेडी के तीनों बागी विधायक नीलम देवी, चेतन आनंद और प्रहलाद यादव बैठेंगे।

विधान परिषद में नवादा के एमएलसी अशोक कुमार यादव जेडीयू की तरफ चले गए। उनके अंदर इस बात की नाराजगी थी कि आरजेडी ने उन्हें एमएलसी चुनाव के लिए टिकट नहीं दिया था, जिस कारण उन्हें निर्दलीय लड़ना पड़ा था। विपक्षी पार्टी चाह रही थी की केन्द्र के वक्फ संशोधन बिल पर बिहार के सदन में चर्चा कराकर राय केन्द्र को भेजी जाए। लेकिन, यह नहीं हो सका।




### उप चुनाव में जीते चार विधायकों ने शपथ ली

सत्र की कार्यवाही के पहले दिन विधानसभा में सबसे पहले तीन नए विधायकों को शपथ दिलाई गई। इमामगंज से विधानसभा उपचुनाव जीतने वाली केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की बहू दीपा मांझी, बेलागंज से जेडीयू की मनोरमा देवी और रामगढ़ से बीजेपी के अशोक सिंह ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। तरारी से बीजेपी के टिकट पर जीतने वाले विशाल प्रशांत ने दूसरे दिन शपथ ली। ये विधायक 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव तक विधायक रहेंगे। यानी इनका कार्यकाल लगभग एक वर्ष का ही होगा।

### सत्र के दौरान पांच विधेयक पास हुए

**1. बिहार माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक-2024-**

डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि इस विधेयक के पारित होने से कर की पूरी राशि का भुगतान करने पर ब्याज और दंड से पूरी छूट मिलेगी। जीएसटी एक संघीय कर प्रणाली है। केंद्रीय जीएसटी अधिनियम में कोई भी संशोधन किए जाने के बाद, राज्य स्तर पर बिहार जीएसटी अधिनियम में भी संशोधन करना आवश्यक है। केंद्रीय जीएसटी अधिनियम में किए गए संशोधनों के आलोक में, अध्यादेश के माध्यम से बिहार जीएसटी अधिनियम में बदलाव किए गए थे। इन संशोधनों को कानून बनाने के लिए, बिहार वस्तु एवं सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2024 का मसौदा तैयार किया गया।

**2. बेतिया राज की संपत्तियों को निहित करने वाला विधेयक-2024-**बेतिया राज की 15,213 एकड़ जमीन अधिग्रहण करने के बिल को पास कराया गया। अब ये जमीनें बिहार सरकार की हो गई है। ये जमीनें बिहार और यूपी में हैं। अब इस जमीन पर सरकारी संस्थान का निर्माण होगा। यहां हॉस्पिटल, स्कूल, कॉलेज बनेंगे। यहां बड़ी संख्या में कई पीढ़ियों से लोग इन जमीनों पर घर बनाकर रह रहे हैं। उनके पास सही कागजात की कमी है। भूमि सुधार व राजस्व विभाग के मंत्री दिलीप जायसवाल ने बताया कि जमीन पर कब्जा करने वालों को 60 दिनों का समय हम लोग दे रहे हैं कि सही कागजात सामने करें नहीं तो कार्रवाई होगी।

**3. बिहार सरकारी परिसर (आवंटन, किराया, वसूली एवं बेदखली) संशोधन विधेयक-2024**

इस विधेयक के पास हो जाने के बाद सरकारी जमीन, मकान या अन्य संपत्तियों के आवंटन, किराया वसूली और बेदखली से जुड़े मामलों में सख्ती बरती जाएगी।

भवन निर्माण मंत्री जयंत राज ने कहा कि1956 के पुराने कानून के तहत सरकारी परिसरों से संबंधित मामलों को नियंत्रित किया जाता था, लेकिन समय के साथ कई नई चुनौतियां और मुद्दे सामने आए, जो पुराने कानून में शामिल नहीं थे।

## संक्षिप्त समाचार

### नदियों को बचाने के लिए सर्वेक्षण व सीमांकन जरूरी : विशेषज्ञ

**मुजफ्फरपुर।** बिहार सहित देशभर में नदियों के किनारों का तेजी से अतिक्रमण हो रहा है। नदियों की धारा के अविरल प्रवाह को बनाए रखने के लिए उनको अतिक्रमणमुक्त करना जरूरी है। इसलिए बिहार सहित सभी प्रदेश सरकारों को उनका सर्वेक्षण कराते हुए सीमांकन करना चाहिए। मुजफ्फरपुर में गंगा बेसिन समस्या और समाधान विषय पर आयोजित सेमिनार में शुक्रवार को विशेषज्ञों ने ये बातें कहीं।

मिठनपुरा के चंद्रशेखर भवन में तीन दिनों तक चलने वाले सेमिनार में दूसरे दिन नदियों का भविष्य, समस्या और समाधान को लेकर जल संरक्षण के विभिन्न आयामों से जुड़े विशेषज्ञों ने गहन चर्चा की। इसमें अमरनाथ झा ने नदियों पर बने बांध व फरक्का बराज को लेकर अपनी खोज रपट को रखा। प्रो. डॉ. योगेन्द्र ने गंगा सहित अन्य नदियों की परिस्थितियों पर चर्चा करते हुए नदियों के किनारे की सभ्यता, संस्कृति व मानवीय विकास को विस्तार से बताया। उदय ने गंगा की अविरल धारा के बहाव में होने वाली समस्या और उसके समाधान को प्रस्तुत किया। राजस्थान से आए विरेंद्र सिंह ने नदियों, तालाबों व अन्य जलस्रोतों को अतिक्रमणमुक्त करने पर जोर दिया। जल श्रमिक संघ के योगेन्द्र सहनी ने नदियों में प्रदूषण व मछुआ समाज की आजीविका की समस्या के बारे में अपनी बातें रखीं। गंगा मुक्ति आंदोलन के प्रणेता अनिल प्रकाश और कई अन्य विशेषज्ञों ने बिहार सरकार से फ्री फिशिंग एक्ट विधेयक पारित कर कानून बनाने की मांग की। कहा कि आज जरूरत नदियों का सर्वेक्षण व सीमांकन सुनिश्चित कराने की है।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में संतोष कुमार सिद्धार्थ द्वारा लिखित जननायिका सरला श्रीवास की जीवन यात्रा पुस्तक का लोकार्पण किया गया। शाम में हुई काव्य गोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन गंगा मुक्ति आंदोलन के मीडिया सलाहकार सुनील सरला ने किया। अनिल गुप्ता, अंजनी पाठक, उमेश कुमार आदि ने काव्य पाठ किया। सरला श्रीवास सामाजिक सांस्कृतिक शोध संस्थान द्वारा 'बोल जमुरे बोल नाटक प्रस्तुत किया गया।

### चेन व अंगूठी के लिए शादी से किया इनकार

**मुजफ्फरपुर।** छेका होने के बाद दहेज में चेन व अंगूठी नहीं मिलने से नाराज लड़का पक्ष ने सिपाही की परीक्षा पास युवती से शादी करने से इनकार कर दिया। इसे लेकर युवती ने एसएसपी कार्यालय में लड़का पक्ष के खिलाफ शिकायत की है। युवती ने बताया कि शादी से इनकार के बाद आरोपी ने उसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी है, जिससे वह काफी परेशान और आहत है। युवती कांटी थाना क्षेत्र की रहने वाली है।

### 32वीं बिहार न्यायिक सेवा परीक्षा में, निमिषा प्रियदर्शी ने 15वीं रैंक हासिल की



**पटना (नि.सं.)।** की रहने वाली निमिषा प्रियदर्शी ने प्रभावशाली 15वीं रैंक हासिल करते हुए 32वीं बिहार न्यायिक सेवा परीक्षा में सफलता हासिल की है। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, पटियाला और नेशनल लॉ स्कूल बैंगलोर की एक प्रतिष्ठित पूर्व छात्रा, उन्होंने भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, डॉ डी वाई चंद्रचूड़ से मास्टर डिग्री प्राप्त करते हुए, विशिष्ट योग्यता के साथ एलएलएम पूरा किया। कठोर शैक्षणिक प्रतिबद्धताओं के बावजूद, निमिषा अपने लक्ष्य के प्रति केंद्रित और समर्पित रही। वह एक आर्किटेक्ट, रश्मी प्रियदर्शी और भारतीय रेलवे के मुख्य कार्यशाला अभियंता अतुल प्रियदर्शी की बेटी हैं। वह अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, बहन, अनीशा प्रियदर्शी, जीजा प्रत्यूष राज और शिक्षकों और शुभचिंतकों को उनके अटूट समर्थन और उनकी क्षमताओं में विश्वास के लिए देती हैं। अपनी 12वीं आईएससी बोर्ड परीक्षा में 97.5% अंक हासिल करने के बाद, उनमें कानून के प्रति जुनून विकसित हुआ, जिसका उपयोग वह जनता की सेवा के लिए करना चाहती हैं। उनकी विशेषज्ञता संवैधानिक कानून में है जिसे वह अपने करियर में उपयोग करने की उम्मीद करती हैं। निमिषा को कड़ी मेहनत और समर्पण पर बहुत भरोसा है, जिसके कारण उन्हें सफलता मिली।

# तेज रफ्तार वाहनों की टक्कर से 2 युवक की मौत

## गया में हादसे के दौरान फट गई बाइक की टंकी, 1 की हालत गंभीर



गया। गया के अतरी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात सड़क हादसे में दो युवक की मौत हो गई। वहीं, एक युवक की हालत बनी हुई है। घटना तेज रफ्तार सुमो विक्टा और बाइक में टक्कर होने की वजह से हुई। मृतक की पहचान पाली गांव निवासी सुरेंद्र यादव के 25 वर्षीय लड़का दीपक कुमार और बंधु बिगहा गांव के 20 वर्षीय युवक अमरजीत कुमार के रूप में हुई है।

हादसे में पाली गांव निवासी अरुण चौधरी के 25 वर्षीय पुत्र राजा चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए अतरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय थाना पुलिस पहुंची।

### बाइक की टंकी फटने से लगी आग

स्थानीय लोगों ने बताया कि जोरदार टक्कर की वजह से बाइक सवार सड़क पर गिर गए। इसी बीच बाइक की टंकी फट गई। जिसकी वजह से आग लगने से बाइक सवार तीनों युवक झुलस गए।

जिसके बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में अतरी थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि इस हादसे में लापरवाही बरतने वाले वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वाहन और उसके मालिक की जानकारी जुटाई जा रही है। इसके साथ ही सभी लोगों से अपील किया कि तेज रफ्तार में वाहन नहीं चलाएं। सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें।

**18 दिसंबर को होगी सीनेट की वार्षिक बैठक:**

# राज्यपाल भी होंगे शामिल, 5 समितियों का किया गया गठन

**मधेपुरा** मधेपुरा के बीएन मंडल विश्वविद्यालय में सीनेट का 25वां साधारण वार्षिक बैठक 18 दिसंबर को होगा। बैठक के वित्तीय वर्ष 2025-26 के वार्षिक बजट का अनुमोदन, आय-व्यय लेखा प्रतिवेदन आदि कार्य सूचियों पर विचार किया जाएगा। इसको लेकर विवि में जोर-शोर से तैयारी चल रही है। बैठक की अध्यक्षता राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर करेंगे।

बैठक के सफल संचालन के लिए 5 समितियों का गठन किया गया है। इस बाबत कुलसचिव प्रो. विपिन कुमार राय ने अधिसूचना जारी कर दी है। अनुश्रवण एवं कार्यालयी कार्यसमिति के संयोजक कुलसचिव स्वयं हैं। इस समिति में डीएसडब्ल्यू डॉ. अशोक कुमार सिंह, उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. विवेक कुमार, कुलपति के निजी सहायक शंभू नारायण यादव, कार्यालय प्रभारी (सामान्य शाखा) अमित कुमार एवं सहायक (सामान्य शाखा) विनय कुमार सिंह, गौतम कुमार कम्प्यूटर ऑपरेटर (स्थापना शाखा) सदस्य हैं।

### प्रॉक्टर को सुरक्षा एवं साफ-सफाई की जिम्मेदारी

साफ-सफाई एवं सुरक्षा समिति के संयोजक प्रॉक्टर डॉ. विमल सागर बनाए गए हैं। इसमें परिसंपदा पदाधिकारी डॉ. अशोक पौद्दार, क्रीड़ा परिषद के संयुक्त सचिव डॉ. जैनेंद्र कुमार, कनीय अभियंता ई. रितेश कुमार सदस्य हैं। स्वागत एवं प्रेक्षागृह व्यवस्था समिति के संयोजक विश्वविद्यालय साइकोलॉजी एचओडी प्रो. एमआई रहमान हैं।




इसमें विश्वविद्यालय प्राचार्य डॉ. नरेन्द्र श्रीवास्तव, उपकुलसचिव (शैक्षणिक) डॉ. दीपक कुमार गुप्ता, परीक्षा नियंत्रक डॉ. शंकर कुमार मिश्रा, लोक सूचना पदाधिकारी डॉ. प्रफुल्ल कुमार, असिस्टेंट प्रो. प्रियंका, असिस्टेंट प्रो. रीता कुमारी एवं कुलपति कार्यालय के सहायक राहुल रंजन सदस्य हैं।

### सदस्यों के बीच कार्यों का बंटवारा करने का निर्देश

अधिसूचना के मुताबिक भोजन, यातायात एवं सामग्री वितरण समिति के संयोजक सीसीडीसी डॉ. इम्तियाज अंजुम बनाए गए हैं। प्रॉक्टर डॉ. विमल सागर, राजीव कुमार, सहायक मो. हामिद रजा, वित्त विभाग के सहायक अवनीत कुमार, वीसी कार्यालय के सहायक राहुल रंजन, सहायक शशांक कुमार सदस्य हैं।

# बिहार न्यायिक परीक्षा में बबली पहली बार में बनी जज




## 8वीं रैंक लाकर लहराया परचम, रिजल्ट से पहले ही पिता ने बांटी मिठाई

**आरा(भोजपुर)** आरा की रहने वाली बबली राज ने पहली बार में ही बिहार न्यायिक सेवा परीक्षा में पूरे राज्य में आठवां रैंक प्राप्त की हैं। जिससे उन्होंने माता-पिता के साथ जिले का नाम रौशन किया है। इस सफलता से बबली का बचपन का सपना पूरा हुआ है। वो अपनी पढाई पटना में रहकर पूरी की हैं। बबली ने बताया कि मैं बचपन से ही न्यायिक सेवा में जाना चाहती थी। इसलिए शुरू से ही न्यायिक सेवा की ओर अपना कदम बढ़ाया और तैयारी में जुट गई। 2013 में प्राइवेट स्कूल डीएवी से दसवीं की परीक्षा में 10 सीजीपीए दर्जे से पास की। उसके बाद इंटर की पढ़ाई पटना से शुरू किया। पार्क माउंट पब्लिक स्कूल, नेऊरा से 2015 में इंटर की परीक्षा पास की। इसके बाद अपने संकल्प की ओर कदम बढ़ा दिया।साल 2021 में चाणक्या लॉ यूनिवर्सिटी से बीएएलएलबी की परीक्षा पास की। जिसके बाद 2023 में एलएलएम की पढाई पूरी की। परीक्षा पास करने के बाद न्यायिक सेवा परीक्षा की तैयारी में जुट गई। हर दिन का पढ़ने का टारगेट रहता था। सुबह 8:30 बजे लाइब्रेरी जाती थी, दो बजे वापस आती थी। फिर पांच बजे लाइब्रेरी जाकर पढ़ाई करती थी। मेरी सफलता में परिवार का पूरा सहयोग है। काम को लेकर बबली ने बताया कि जो भी मुझे ड्यूटी मिले उसे ईमानदारी पूर्वक निभाना है।

### बेटियां पढेंगी तो घर-परिवार शिक्षित होगा

बबली की मां डॉक्टर नीलम सिंह ने कहा कि बहुत खुशी हो रही है, बेटी जज बन गई है। उसका पहले ऐम नहीं था, लेकिन कॉलेज के दिनों से ही वो जज बनना चाहती थी। कभी पढ़ने के लिए नहीं बोलना पड़ता था। ज्यादातर समय बबली का छात्रावास में ही बिता है। पढ़ाई को लेकर पर्व त्योहारों में भी वो घर नहीं आती थी। बेटी की सफतला के बाद संदेश दी कि बेटियों को जरूर पढ़ना चाहिए अगर बेटियां पढेंगी तो घर परिवार शिक्षित रहेगा।

# शिक्षा विभाग ने काउंसिलिंग का विस्तृत शेड्यूल जारी किया

**1.47 लाख शिक्षकों की काउंसिलिंग 9 से 31 दिसंबर तक, स्कूल तय होंगे**

**पटना।** 1.47 लाख शिक्षकों की 9 से 31 दिसंबर तक काउंसिलिंग की जाएगी। काउंसिलिंग के बाद शिक्षकों को स्कूल अलॉट किया जाएगा। इसमें हेड शिक्षक, हेड मास्टर, स्कूल टीचर, सक्षमता परीक्षा पास शिक्षक शामिल हैं। कक्षा 1 से 5 तक के 36,947 हेड शिक्षक व 5,971 हेड मास्टर की काउंसिलिंग 9 से 13 दिसंबर तक होगी। इसमें हेड टीचर की काउंसिलिंग उनके नियुक्ति वाले जिले में तय स्थान पर होगी। जबकि हेड मास्टर की काउंसिलिंग जिला मुख्यालय में होगी।

बीपीएससी टीआरई-3 और सक्षमता परीक्षा-2 के शिक्षकों की काउंसिलिंग की तारीखें भी आ गईं हैं। टीआरई-3 के सफल उम्मीदवारों के लिए काउंसिलिंग 16 से 20 दिसंबर तक होगी। वहीं सक्षमता परीक्षा-2 के सफल उम्मीदवारों के लिए




काउंसिलिंग 23 से 31 दिसंबर तक आयोजित होगी। काउंसिलिंग का यह शेड्यूल शिक्षा विभाग ने जारी किया है।

टीआरई 3 में कक्षा 1 से 5 तक के सफल 21,911 शिक्षकों और कक्षा 6 से 8 के लिए पास 16,989 शिक्षकों की काउंसिलिंग 16 से 20 दिसंबर को होगी। इसके लिए बीपीएससी द्वारा जिला आवंटित किया जाएगा। वहीं सक्षमता परीक्षा-2 के तहत चयनित 65,716 शिक्षकों की काउंसिलिंग 23 दिसंबर से 31 दिसंबर तक डीआरसीसी सेंटर्स पर होगी। हालांकि कक्षा 9 से 12 के लिए टीआरई-3 पास अभ्यर्थियों के काउंसिलिंग की तिथि 16 से 20 दिसंबर तय की गई है। लेकिन अभी रिजल्ट नहीं आया है।

### सक्षमता परीक्षा पास को अनुभव के आधार पर लाभ पर विचार

सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों के अनुभव के आधार पर उनको फायदा देने का विचार सरकार करेगी। यह जानकारी शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने दी। सदन में प्रो. नवल किशोर यादव ने कहा कि हर विभाग में नियुक्ति के दौरान अनुभव का फायदा अभ्यर्थियों को मिलता है। हेडमास्टर की नियुक्ति में भी शिक्षकों के अनुभव के आधार पर नंबरिंग की गई है। जबकि सक्षमता परीक्षा पास अभ्यर्थियों को बीपीएससी द्वारा नियुक्त शिक्षकों से जूनियर बना दिया गया है।

सक्षमता परीक्षा पास अधिकांश शिक्षकों के पास 18 वर्ष तक का अनुभव है। ऐसे में सरकार को सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों को बीपीएससी शिक्षक से सीनियर बनाना चाहिए।

विधान परिषद में अल्पसूचित प्रश्न के दौरान प्रो. नवल किशोर यादव ने कहा कि मातृत्व अवकाश के दौरान शिक्षिकाओं के वेतन भुगतान से संबंधित प्रश्न सरकार से पूछा। जवाब में मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि मातृत्व अवकाश के लिए पहले जो सूचना मिलती है, उनका नियमित वेतन भुगतान होता है। हालांकि जिन शिक्षकों का वेतन भुगतान नहीं हुआ है, उनका दिसंबर तक भुगतान हो जाएगा।

प्रो. संजय कुमार सिंह ने कहा कि विभिन्न मांगों के संबंध में शिक्षकों ने छुट्टी को लेकर प्रदर्शन किया है। इसके बाद भी उनका वेतन काटा गया है। मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि जिलावार इसकी समीक्षा की जा रही है। अनुशासनहीनता के मामले छोड़ कर सभी शिक्षकों को बकाया वेतन दे दिया जाएगा। एक अन्य सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि महालेखाकार द्वारा 2017 से 2022 तक दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, ललित नारायण मिथिला विवि दरभंगा में जीएसटी प्राप्ति एवं भुगतान के संबंध में अनियमितता बताई गई है। इसकी जांच के बाद कार्रवाई होगी।

### स्कूल : अब मासिक की जगह त्रैमासिक परीक्षा

सर्वेश कुमार ने स्कूलों में मासिक परीक्षा को लेकर प्रश्न किया। जवाब में मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि इसके लिए ग्रेडिंग सिस्टम पर काम किया जा रहा है। अच्छे स्कूलों को अच्छी ग्रेडिंग मिलेगी। स्कूलों में मासिक की जगह त्रैमासिक परीक्षा होगी। इससे छात्रों को सिलेबस की तैयारी करने में आसानी होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से सात तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा 16 से

**रांची, एजेंसी।** राज्य के सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से सात तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा 16 दिसंबर से शुरू होगी। यह परीक्षा दो पालियों में 18 दिसंबर तक चलेगी। कक्षा एक और दो की परीक्षा मौखिक होगी, जबकि कक्षा तीन से सात तक की परीक्षा में सभी प्रश्न ऑब्जेक्टिव होंगे। झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के निदेशक शशि रंजन ने शनिवार को इस संबंध में सभी क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षकों को पत्र भेजा है।

### अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर की एक व्यक्ति की हत्या

**हजारीबाग, एजेंसी।** अज्ञात अपराधियों ने शुक्रवार की देर रात बड़कागांव के चेपा गांव निवासी प्रकाश ठाकुर( 38 ) की गोली मारकर हत्या कर दी। अपराधी पांच-सात की संख्या में आए और दरवाजा खुलवाकर बिना कुछ कहे गोली चला दी। घटना की सूचना मिलते ही डाड़ी थाना प्रभारी घटना स्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग भेज दिया। थाना प्रभारी पिंटू कुमार ने बताया कि प्रकाश ठाकुर की हत्या किसने की, इसकी जानकारी पुलिस जुटा रही है। साथ ही आसपास के जंगलों में सघन छापेमारी अभियान पुलिस कर रही है। फिलहाल परिजनों के जरिये समाचार लिखे जाने तक किसी को नामजदआरोपित नहीं बनाया गया है।

### पुलिस की कार्रवाई से नाराज ग्रामीणों ने की सड़क जाम

**पलामू, एजेंसी।** पाटन प्रखंड के सगुना स्थित हीरो शोरूम से अनिल राम, पिता रामलाल मोची, ग्राम सगुना, के द्वारा किस्त पर दो पहिया वाहन खरीदा गया था। जिसे छह माह पहले खींच लिया गया। इसके बाद उक्त युवक शराब के नशे में जाकर शोरूम के मालिक से उलझ गया। लोगों ने बताया कि जब दो पहिया वाहन खींच लिया तो किस्त किस चीज का लिया जा रहा है। इसी मामले को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ था। इसकी सूचना पाटन पुलिस को दी गई।घटना की सूचना मिलने पर पाटन पुलिस पहुंची। जहां पर ग्रामीण एवं पुलिस के बीच झड़प हुई। इसके बाद पुलिस पुन : सगुना पहुंची। जहां पुलिस झगड़ा करने वाले को दो लोगों को पकड़ कर ले जा रही थी। इस पर आक्रोशित ग्रामीणों ने शाम पांच बजे से 6-30 बजे तक सगुना पाटन पथ को जाम कर दिया। इसके बाद पाटन पुलिस प्रशासन के द्वारा जाम को हटाया गया। जबकि पाटन पुलिस मामले को सुलझाने गई थी लेकिन उक्त लोगों के द्वारा पुलिस के साथ झड़प हो गई।

### स्टोन माइंस में सात राउंड फायरिंग, हथियार के साथ पांच अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे

**पलामू, एजेंसी।** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के चांदो में शनिवार अहले सुबह एक स्टोन माइंस में अपराधियों ने फायरिंग की है. हालांकि पुलिस ने पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है. उनके पास से चार हथियार भी बरामद हुए हैं. जानकारी के अनुसार, बाइक सवार पांच अपराधी वहां पहुंचे और सात राउंड फायरिंग की और भागने लगे. घटनास्थल से कुछ ही दूर चांदो पिकेट पर तैनात अधिकारी और जवानों ने अपराधियों का पीछा किया और पांचों अपराधियों को दबोच लिया. गिरफ्तार अपराधियों ने ही कुछ दिन पहले रांची और ओरमांझी में भी फायरिंग की थी. घटना के बाद पुलिस इलाके में सर्च अभियान चला रही है.

### झारखंड पुलिस मुख्यालय ने 170 आर्मर पुलिसकर्मियों की अंतिम वरीयता सूची जारी की

**रांची, एजेंसी।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने 170 आर्मर पुलिसकर्मियों की अंतिम वरीयता सूची जारी की है. डीजीपी कार्यालय से जारी आदेश के मुताबिक, जिन पुलिसकर्मियों की वरीयता सूची जारी की गयी है, उसमें 127 हवलदा,र 38 जमादार और पांच सूबेदार शामिल है. गौरतलब है कि 29 अगस्त को विभिन्न जिला, वाहिनी व इकाई के आर्मर पदाधिकारियों से प्राप्त आपत्ति आवेदन के निराकरण के लिए वरीयता आपत्ति निराकरण समिति की बैठक हुई थी. इस बैठक में लिये गये निर्णय के बाद वरीयता सूची जारी की गयी.

# एरेनियुस टोप्पो हत्याकांड : आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मांडर एनएच-74 मार्ग जाम

**रांची, एजेंसी।** मांडर थाना क्षेत्र के बिसाहा खटंगा गांव निवासी एरेनियुस टोप्पो ( 56 वर्ष ) की शुक्रवार सुबह में उनके घर के नजदीक स्थित खेत में धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी. जिसके बाद शनिवार को स्थानीय लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मांडर थाना गेट के बिल्कुल सामने एनएच-74 मार्ग को जाम कर दिया था. जिससे रोड के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गयी. हालांकि, अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को समझाने बुझाने के जाम हटा लिया गया.

बता दें कि एरेनियुस टोप्पो (पिता जोसेफ टोप्पो) बेड़ो में जनसेवक के पद पर कार्यरत थे. उनकी हत्या की खबर मिलने के बाद से ही बेड़ो के प्रखंडकर्मियों में भारी आक्रोश है. मांडर पुलिस ने शुक्रवार को ही मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया था. बताया जाता है कि शुक्रवार सुबह को ही अपराधियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है.

वाहनों की लगी लंबी कतार



जानकारी के अनुसार एरेनियुस टोप्पो प्रतिदिन की तरह अपने मवेशी को लेकर घर के नजदीक ही स्थित खेत में गये थे. जहां मवेशी को बांधने व खेती बारी के अन्य काम निबटाने के बाद वह ड्यूटी करने बेड़ो जाते थे. खेत के पास एक छोटा सा कमरा भी बना हुआ है. जिसकी चाबी शुक्रवार को घर में ही भूल गये थे. इसके बाद उन्होंने चाबी लाने के लिए घर में फोन किया. थोड़ी देर बाद उनकी नतिनी नेहा सुरीन चाबी लेकर खेत पहुंची तो उसने एक अज्ञात व्यक्ति को भागते और खून से लथपथ एरेनियुस टोप्पो को जमीन पर पड़ा देखा.

एरेनियुस टोप्पो के सिर व चेहरे पर जख्म के गहरे निशान पाये गये थे. उसकी नतिनी नेहा सुरीन ने इसकी सूचना फोन पर अपनी नानी को दी. इसके बाद अगल बगल के लोग वहां पहुंचे और एरेनियुस को मांडर स्थित एक निजी अस्पताल ले गये. लेकिन इससे पहले ही उनकी मौत हो गयी थी. मामले को लेकर मृतक की पत्नी मैक्सिमा कुजूर के बयान पर मांडर थाना में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है. पुलिस की छानबीन अब तक जारी है.

एरेनियुस हत्याकांड की जांच के लिए शुक्रवार को एफएसएल की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची थी. बता दें कि मृतक एरेनियुस टोप्पो की कोई संतान नहीं है. उनकी पत्नी मैक्सिमा कुजूर मांडर स्थित संत जेवियर उच्च विद्यालय में शिक्षिका है. संतान नहीं होने को लेकर उन्होंने रिश्ते में अपनी नतिनी नेहा सुरीन को बचपन से ही अपने घर में रखा है. 14 वर्षीय नेहा सुरीन 9 वीं कक्षा में पढ़ती है.

## पीजी गणित विभाग की छात्रा अंजलि प्रकाश ओवर ऑल टॉपर



**धनबाद, एजेंसी।** बीबीएमकेयू के पीजी सत्र 2022-24 में ओवरऑल टॉपर का खिताब गणित विभाग की मेधावी छात्रा अंजलि प्रकाश ने हासिल किया है. अंजलि हीरापुर मास्टपारा में अपने माता-पिता के साथ रहती हैं. उन्होंने पीजी में कुल 1414 अंक प्राप्त किए हैं. इससे पहले, बीएससी में भी अंजलि को 9.94 सीजीपीए ग्रेड प्वाइंट मिला था. अंजलि ने अपनी बीएससी की पढ़ाई एसएसएलएनटी महिला कॉलेज से की थी और यूजी सत्र 2019-22 में वह ÷बेस्ट ग्रेजुएट स्टूडेंट ÷ भी रही थी. उन्होंने आइएससी की पढ़ाई भी एसएसएलएनटी महिला कॉलेज से की थी. इसमें उन्हें 83 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए थे. अंजलि की 10वीं तक की शिक्षा अभय सुंदरी उच्च विद्यालय से हासिल थी, इसमें उन्हें 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए थे. अंजलि के पिता, ओम प्रकाश, एक प्राइवेट शिक्षक हैं, और उनकी मां, पूनम देवी, गृहिणी हैं. अपनी सफलता का श्रेय अंजलि अपने विभाग के शिक्षकों और माता-पिता को देती हैं. अंजलि बताती हैं कि पीजी में नियमित कक्षाएं होती थीं और उन्होंने एक भी कक्षा मिस नहीं की थी. इसका लाभ उन्हें शानदार परिणाम के रूप में मिला है. इसके साथ ही, घर पर वह प्रतिदिन छह से आठ घंटे सेल्फ-स्टडी भी करती थीं.

## पीडीएस से नवंबर के राशन में गेहूं का कोटा बढ़ा

**धनबाद, एजेंसी।** जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों से नवंबर माह से सभी राशन कार्डधारियों को मिलने वाली राशन में गेहूं का मात्रा बढ़ा दिया गया है. यह लाभ लाल, हरा, एवं पीला तीनों कार्डधारियों को दिया जा रहा है. मिली जानकारी के अनुसार नवंबर माह से सरकार ने हर कार्डधारियों को मिल रहे चावल व गेहूं के कोटा में बदलाव करने का निर्णय लिया है. ग्रीन कार्डधारियों को पहले सिर्फ प्रति यूनिट पांच किलो चावल मिलता था. अब नवंबर माह से ग्रीन राशन कार्डधारियों को तीन किलो चावल तथा दो किलो गेहूं मिलेगा. इसका वितरण भी शुरू हो गया है. ग्रीन कार्डधारियों को बैकलॉग राशन भी दिया जा रहा है. फरवरी 2024 तक का बैकलॉग दिया जा चुका है. इसके लिए ग्रीन कार्डधारियों को माह में दो बार राशन दिया जा रहा है. एक बार बैकलॉग तथा दूसरा चालू माह का. इसी तरह अंत्योदय (पीला) कार्डधारियों को अब हर माह 14 किलो गेहूं तथा 21 किलो चावल मिलेगा. पहले केवल 35 किलो चावल ही मिलता था. गरीबी रेखा के नीचे वाले राशनकार्डधारियों को भी अब प्रति यूनिट तीन किलो चावल तथा दो किलो गेंहू दिया जा रहा है.

इस माह कार्डधारियों को प्रति कार्डधारी एक किलो नमक दिया जा रहा है. यह भी निश्शुल्क ही है. जबकि चीनी केवल अंत्योदय कार्डधारियों के लिए आया है. चीनी की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं. बताया जाता है कि अधिकांश दुकानों में गीली चीनी की आपूर्ति हुई है. कार्डधारियों को 26 रुपये प्रति किलो चीनी मिल रहा है. लेकिन, इसके खरीदार बहुत नहीं है. इस माह के राशन में कार्डधारियों को चना दाल भी दिया जा रहा है. प्रति कार्डधारी एक किलो चना दाल दिया जा रहा है.

## पलामू के दोकरा क्रशर माइंस पर अपराधियों ने की फायरिंग, पांच गिरफ्तार



**पलामू, एजेंसी।** पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र में स्थित दोकरा क्रशर माइंस पर अपराधियों ने शुक्रवार की देर रात सात राउंड फायरिंग की है. जहां पर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया है वह अशोक धानुका का बताया जाता है. वह रांची के रहने वाले हैं. उनका क्रशर पंचमुखी कोल माइंस एंड प्राइवेट लिमिटेड के नाम से है. पुलिस ने घटना में शामिल पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. उनके पास से पुलिस को तीन खोखा समेत अन्य हथियार मिले हैं.

जानकारी के अनुसार छह अपराधी शुक्रवार की रात 11 बजे तीन बाइक पर सवार होकर पलामू के दोकरा क्रशर में आए थे. अपराधियों ने बाइक को घटनास्थल से करीब 200 मीटर की दूरी पर अंधेरा में खड़ा कर दिया और वे पैदल ही क्रशर के अंदर घुस गये. सभी अपने मुंह को कपड़े ढके हुए थे और सिर पर टोपी पहने हुए थे. क्रेशर में घुसने के बाद वे सभी कर्मचारियों के साथ गाली गलौज करना शुरू कर दिया. जिस समय अपराधी क्रशर के अंदर घुसे, उस वक्त वहां काम करने वाले तीन कर्मचारी खाना खा रहे थे. जैसे ही उन लोगों ने अपराधियों को अंदर घुसते देखा वे वहां से भाग खड़े हुए.

क्रशर में काम करने वाले अपराधियों ने कर्मचारी के साथ मारपीट की और उसका मोबाइल छीन लिया. इसके बाद एक कर्मचारी को अपराधी पकड़कर अपने साथ ले जाने लगे लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर वह भाग निकला. संभावना व्यक्त की जा रही है कि रंगदारी के लिए ही इस घटना को अंजाम दिया गया है. सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस तुरंत क्रेशर में पहुंची और सभी को कर्मचारियों को बुलाकर को बुलाकर काम शुरू करवाया.

## कसियाटांड़ में खुलेआम चल रहा है कोयले का अवैध डिपो

**कसियाटांड़, एजेंसी।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के कासियाटांड़ में खुलेआम कोयले का अवैध डिपो संचालित हो रहा है. झारखंड मोड़ से विनोद बिहारी चौक के बीच आठ लेन सड़क किनारे स्थित क्रशर के पीछे संचालित उक्त डीपो में अवैध कोयले के धंधेबाज सुबह से शाम तक बाइक व साइकिल पर कोयला लोड कर पहुंचा रहे हैं. कोयले का यह अवैध कारोबार दिन के उजाले में खुलेआम हो रहा है. सूचना के मुताबिक गोंदुडीह व भूली ओपी पार करते हुए कोयला के धंधेबाज बरबड्डा थाना क्षेत्र में संचालित उक्त अवैध डिपो तक कोयला पहुंचा रहे हैं.

सूचना के मुताबिक जिस जमीन पर कोयले का अवैध डिपो संचालित है. उक्त जमीन किसी बी महतो का बताया जाता है, जबकि पी पंडित व ए पंडित तथा बी महतो का सिंडिकेट इस अवैध डिपो का संचालित कर रहा है.सूचना के मुताबिक पास की कोलियरी से मोटरसाइकिल से चोरी का कोयला अवैध डिपो तक पहुंचता है. इसके एवज में कोयला लाने वालों को प्रति किलो 2.50 रुपए भुगतान किया जाता है. डिपो संचालक उस कोयले को आठ से 10 रुपया प्रति किलो के हिसाब से बिक्री करते हैं. सूचना के मुताबिक कोयले के अवैध धंधे में 70 से 80 मोटरसाइकिल सवार लगे हुए हैं. वो हर दिन चार से छह क्विंटल कोयला लाद कर डिपो तक पहुंचाते हैं.तस्करी का अवैध कोयला गोविंदपुर व जीटी रोड के भट्ठों में सर्वाधिक खपाया जाता है. कुछ कोयला माफिया एक राज्य से दूसरे राज्य तक भी इसे पहुंचा रहे हैं. सूचना के मुताबिक हर दो दिन पर ट्रक पर लोड कर 40-45 टन कोयला बाहर भेजा जाता है.

## ठगी के नए तरीके से सावधान, बिजली कनेक्शन काटने के नाम पर लोग बन रहे शिकार; जामताड़ा में 6 गिरफ्तार

**जामताड़ा, एजेंसी।** जामताड़ा साइबर थाना की पुलिस ने करमाटांड़ प्रखंड क्षेत्र के कालाझरिया, मोहनपुर व रंगामाटी गांव से छह साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। सभी बिजली कनेक्शन काटने के नाम पर फर्जी बैंक अधिकारी बनकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे थे। इसके साथ ही फर्जी बैंक अधिकारी बनकर भी लोगों को अपना शिकार बना रहे थे।



शुक्रवार को एसडीपीओ आनंद विकास लांगुरी ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इन गांवों में साइबर ठग गिरोह की सक्रियता की जानकारी मिली थी।

गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी अब्दुल रहमान के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक जयंत तिर्की, प्रकाश सेठ, प्रशांत कुमार, बिनोद सिंह की टीम ने इन गांवों में छापेमारी की। इसमें 6 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया है।

इनलोगों के पास से 18 मोबाइल, 16 मोबाइल सिम, एटीएम कार्ड, चार आधार कार्ड, दो पैन कार्ड, दो वोटर कार्ड व एक मोटरसाइकिल भी बमराद की गई है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपितों पर साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

एसडीपीओ ने बताया कि सभी बिजली बिल जमा नहीं करने वाले लोगों को ये बिजली कनेक्शन काटने का मैसेज भेजते थे। इसके बाद खुद को बिजली विभाग का अधिकारी बताकर साइबर ठगी को अंजाम दे रहे थे।

इसके अलावा फर्जी बैंक अधिकारी बनकर लोगों को फोन करके 16 अंकों का एटीएम नंबर, सीवीवी नंबर व सीनंबर प्राप्त कर विभिन्न ई वायलेट व फर्जी बैंक खातों के माध्यम से अपने खातों में पैसा ट्रांसफर करते थे। ये सभी ठग बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और झारखंड के लोगों को अपने झांसे में फंसाते थे।

एसडीपीओ ने बताया कि आरोपित लालू यादव और सूरज मंडल को आपराधिक इतिहास रहा है। सूरज पर इसी वर्ष मई महीने में पहले भी जामताड़ा साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। वहीं लालू यादव पर वर्ष 2021 में प्राथमिकी की गई है। इसके अलावा एक और केस इसी वर्ष मार्च में दर्ज किया गया है। अब लालू यादव पर तीसरी बार प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## जिले में पल्स पोलियो अभियान 8 से, डीसी ने दिए निर्देश

**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो जिले में तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान 8 दिसंबर से शुरू होगा. अभियान को सफल बनाने को लेकर डीसी विजया जाधव ने शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जिला टास्क फोर्स की बैठक कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने शत प्रतिशत बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य पूरा करने को कहा.



डीपीएम दीपक कुमार ने अभियान को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी दी. जिले में कुल 2005 पोलियो बूथ बनाए गए हैं, जहां पहले दिन बच्चों को दवा पिलाई जाएगी. जबकि छूटे हुए बच्चों को 9 व 10 दिसंबर को डोर टू डोर जाकर खुराक पिलाई जाएगी. डीसी ने कहा कि सभी प्रखंडों व शहरी क्षेत्र में अभियान की मानिटरिंग व इसे सफल बनाने के लिए जिले के वरीय पदाधिकारियों को टैग किया जाएगा. आम जनों को अभियान की तिथि व बूथ की जानकारी देने के लिए जिले के महत्वपूर्ण चौक-चौराहों पर माइकिंग व पोस्टर-बैनर के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने को कहा.

अभियान के तहत जिले के करीब 353551 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है. बैठक में सिविल सर्जन डॉ एबी प्रसाद, नोडल पदाधिकारी एनपी सिंह, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक अरविंद कुमार, नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सभी प्रखंड चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारी व प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित थे.

## कला शिक्षक अजय अंतरराष्ट्रीय सैंड आर्ट फेस्टिवल में भाग लेने ओडिशा रवाना

**बोकारो, एजेंसी।** रवि महतो स्मारक बीएड कॉलेज, महुदा के कला शिक्षक अजय शंकर महतो अंतरराष्ट्रीय सैंड आर्ट फेस्टिवल में भाग लेने शुक्रवार को ओडिशा के लिए रवाना हुए. वहां चंद्रभागा, पुरी में एक से पांच दिसंबर तक आयोजित सैंड आर्ट फिस्टिवल में वह अपनी कला का जौहर दिखाएंगे. आर्ट फेस्टिवल में देश-विदेश के नामी सैंड आर्टिस्ट भाग लेंगे. अजय शंकर महतो बोकारो जिले के चंदनकियारी के सुईयाडीह गांव के मूल निवासी हैं.



शुक्रवार को वह अपनी पत्नी उषा देवी व बच्चों के साथ बोकारो रेलवे स्टेशन से पुरुषोत्तम एक्सप्रेस ट्रेन से ओडिशा के लिए रवाना हुए. उन्हें झारखंड का पहला सैंड आर्टिस्ट होने का गौरव प्राप्त है.

अजय शंकर महतो पिछले डेढ़ दशक से दामोदर नदी तट पर झारखंड की संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण, मतदाता जागरूकता, सामाजिक मुद्दों तथा झारखंड व देश के महापुरुषों के त्याग व बलिदान की गाथा रेत पर उकेर कर समाज को संदेश देने का काम कर रहे हैं. इसी को देखते हुए उनका चयन विश्व स्तरीय सैंड आर्ट फेस्टिवल के लिए हुआ है. अजय कुमार ने बताया कि अपने चयन से वह गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं. इस फेस्टिवल में वह चंदनकियारी सहित झारखंड व अपने देश का नाम रोशन करेंगे.

## महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल एसएनएमएमसीएच में भरे जायेंगे स्थायी चिकित्सकों के रिक्त पद

**धनबाद, एजेंसी।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) में चिकित्सकों के रिक्त पद भरे जायेंगे. इसके लिए स्वास्थ्य चिकित्सा, शिक्षा व परिवार कल्याण विभाग की ओर से मंजूरी प्रदान कर दी गयी है. मेडिकल कॉलेज के विभिन्न विभाग अंतर्गत प्राध्यापक, सह प्राध्यापक व सहायक प्राध्यापक के पद पर स्थायी रूप से चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए स्वास्थ्य मुख्यालय ने बहाली निकाली है.

पांच व छह दिसंबर को रांची स्थित स्वास्थ्य मुख्यालय में चिकित्सकों का साक्षात्कार होगा. एनाटोमी, फिजियोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, पैथोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, फार्माकोलॉजी, पीएसएम, औषधि, शिशु रोग, सर्जरी, अस्थी, स्त्री व प्रसव, निश्चेतना, दंत, मनोरोग व फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन विभाग में चिकित्सकों की नियुक्ति की जायेगी. बता दें कि एसएनएमएमसीएच समेत राज्य के पांचों मेडिकल कॉलेज में रिक्त पदों को भरने के लिए स्वास्थ्य मुख्यालय की ओर से कुल 167 पदों पर चिकित्सकों को बहाल किया जायेगा. नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने के बाद जरूरत अनुसार सभी मेडिकल कॉलेजों में चिकित्सकों को पदस्थापित किया जायेगा.




केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा है कि धनबाद में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की मौजूदा चिकित्सा ढांचे को उन्नत करने की योजना बनायी गयी है. स्वास्थ्य मंत्रालय ने धनबाद के सांसद ढुलू महतो के लिखित सवाल जे जवाब में यह जानकारी दी है. कहा कि प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक स्थापित किया जायेगा. यह सुविधा झारखंड में चिकित्सा के उन्नयन के लिए एक बड़ा कदम होगा. सांसद ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का उन्नयन हमारा प्राथमिक एजेंडा है. धनबाद और आसपास के जिलों में बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के माध्यम से क्षेत्रवासियों को लाभ मिलेगा.

# विचार-मंथन

संपादकीय

## प्रदूषण पर सख्ती का नहीं दिख रहा असर

पिछले कई दिनों से राजधानी दिल्ली की हवा कैसी है, यह जगजाहिर है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि प्रदूषण में लगातार बढ़ोतरी की वजह से यहां प्रतिबंधों के स्तर को और ज्यादा सख्त करने की जरूरत पड़ रही है। इसके बावजूद दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कोई राहत मिलती नहीं दिख रही। हवा में घुले धुएं और धुंध की वजह से लोगों की परेशानियां कम नहीं हो रहीं हैं, सेहत के सामने कई तरह की मुश्किलें गहरा रही हैं। इस मसले पर शीर्ष अदालत तक को सख्ती बरतने का आदेश जारी करना पड़ा है और उसने प्रदूषण पर काबू पाने के लिए लागू किए गए उपायों की निगरानी करने की भी जरूरत बताई है। लगातार बढ़ती मुश्किलों के मद्देनजर इस उम्मीद में दिल्ली में ग्रैप-4 के नियम लागू किए जा चुके हैं कि प्रदूषण से उपजी स्थिति में कुछ सुधार होगा। मगर सरकार की ओर से तमाम उपायों को सख्ती से लागू करने के दावे के बरक्स हकीकत यह है कि राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक चार सौ से ऊपर दर्ज किया गया। गौरतलब है कि ग्रैप-4 के तहत दिल्ली में बाहर से आने वाले वाहनों के सीमित प्रवेश को लेकर जो नियम लागू किए गए हैं, उनके सख्ती से पालन को लेकर कई सवाल उठे हैं। वाहनों के दिल्ली में दाखिल होने की जगहों पर सख्त निगरानी लागू करने पर जोर देने से लेकर कृत्रिम बारिश कराने तक पर विचार किया जा रहा है। मगर इस क्रम में नियमों के असर और उनके विरोधाभास को लेकर भी ऊहापोह की स्थिति बन रही है। प्रदूषण की रोकथाम के मद्देनजर पहले ही दिल्ली में पेट्रोल और डीजल से चलने वाली कारों के लिए क्रमशः पंद्रह और दस वर्ष की सीमा तय की गई है। मगर फिलहाल बाहर से दिल्ली में प्रवेश करने वाली गाड़ियों को जिस तरह प्रतिबंधित किया गया है, उसमें इससे कम अवधि वाले वाहन भी प्रभावित हो रहे हैं। दिल्ली में आवाजाही के लिए सार्वजनिक परिवहन की हालत यह है कि बसों से गंतव्य तक सही समय पर पहुंचना संभव नहीं रह गया है। वहीं मेट्रो भी अब समय और जरूरत के तकाजे के बोझ से दब रही है।

## शांति, संवाद और कूटनीति से ही निकलेगा युद्ध का समाधान

युद्ध का मैदान अंतिम तौर पर किसी ठोस समाधान की ओर नहीं ले जाता। इसका दूरगामी प्रभाव आसपास के देशों पर ही नहीं, पूरे विश्व पर पड़ता है। इतनी प्रगति का क्या फायदा, जब कोई देश युद्ध को लेकर अत्यधिक आक्रामक होकर दूसरे देशों के लोगों और यहां तक कि अपने नागरिकों का भी भविष्य रसातल में ले जाए। यह दुखद है कि दुनिया आज भी युद्ध के भयावह मंजर देख रही है। एक दूसरे पर महीनों से हमले कर रहे देशों को रोक पाने में संयुक्त राष्ट्र भी असहाय है। हैरत की बात है कि संवाद और कूटनीति के इस दौर में आज चंद देश प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से युद्ध कर रहे हैं, बिना यह सोचे कि उनकी पीढ़ियां दशकों पीछे चली जाएंगी। विश्व में लगातार बढ़ते संघर्ष के बीच भारत ने एक बार फिर शांति के प्रति अपना सरोकार जाहिर किया है। उसने याद दिलाया है कि युद्ध से कोई ठोस हल नहीं निकलता। रोम में 'एमईडी मेडिटेरेनियन संवाद' के दसवें संस्करण में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पश्चिम एशिया में द्वि-राष्ट्र का समर्थन करते हुए स्पष्ट किया है कि सैन्य अभियानों में बड़े पैमाने पर नागरिकों की मौत को भारत अस्वीकार्य मानता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानूनों की अवहेलना नहीं की जा सकती। इजराइल-फिलस्तीन संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध में हजारों नागरिक मारे जा चुके हैं। भारी तबाही के दृश्यों ने पूरे विश्व को विचलित कर दिया है। पश्चिम एशिया लंबे समय से संघर्ष का दौर देख रहा है। इससे किसी पक्ष का पलड़ा भारी होता दिखा हो सकता है, लेकिन इससे जन-धन की भारी क्षति हुई। खासतौर पर कमजोर पड़ने वाले देश की वर्षों और दशकों के विकास की उपलब्धियां बर्बाद हो गईं। ऐसे में युद्धविराम की आवश्यकता हर कोई महसूस कर रहा है। भारत ने इसकी पुरजोर हिमायत की है, क्योंकि संयम बरत कर और परस्पर संवाद को आगे बढ़ाते हुए ही युद्ध क्षेत्र से बाहर समस्या का समाधान निकाला जा सकता है। भारत ने संकेत दिया है कि वह अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक प्रयास के लिए सार्थक योगदान देने के लिए तैयार है।

## कनाडा एवं अमेरिका से भारत में रिवर्स ब्रेन ड्रेन की सम्भावना बढ़ रही है

(प्रह्लाद सबनानी)

> विकसित देशों के नागरिकों ने भौतिक विकास तो अधिक किया है परंतु मानसिक शांति खोई है। जबकि इस धरा पर जन्म लेने का उद्देश्य ही सुखी जीवन व्यतीत करना है न कि अपने आप को मानसिक बीमारियों से ग्रसित कर देना। इन्हीं कारणों के चलते आज विश्व के कई देशों के नागरिक हिंदू सनातन संस्कृति को अपनाने की ओर लालायित दिखाई दे रहे हैं।

भारत में बहुत लम्बे समय से मजबूत लोकतंत्र बना हुआ है एवं केंद्र में एक मजबूत सरकार, उद्योग एवं व्यापार को भारत में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उद्योग एवं व्यापार के मित्रवत आर्थिक नीतियों को सफलतापूर्वक लागू कर रही है। वैश्विक स्तर पर लगातार कुछ इस प्रकार की परिस्थितियां निर्मित होती दिखाई दे रही हैं, जिससे विशेष रूप से कनाडा एवं अमेरिका से भारत की ओर रिवर्स ब्रेन ड्रेन की सम्भावना बढ़ती जा रही है। कनाडा में खालिस्तानियों द्वारा चलाए जा रहे भारत विरोधी आंदोलन के चलते वहां निवासरत भारतीयों एवं मंदिरों पर लगातार हमले हो रहे हैं एवं भारतीयों एवं मंदिरों पर हो रहे इन हमलों पर लगाम लगाने में कनाडा की वर्तमान सरकार असफल सिद्ध हो रही है एवं इन हमलों को, राजनैतिक कारणों के चलते, रोकने की इच्छा शक्ति का अभाव भी दिखाई दे रहा है। इसके चलते भारत एवं कनाडा के राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक रिश्तों पर अत्यधिक विपरीत प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। स्थिति तो यहां तक पहुंच गई है कि भारत ने कनाडा में अपने दूतावास में प्रतिनिधियों की संख्या को कम कर दिया है तथा भारत ने कनाडा को निर्देशित किया था कि वह भी भारत में अपने दूतावास में प्रतिनिधियों की संख्या को कम करे। भारत एवं कनाडा के बीच आज कूटनीतिक रिश्ते आज तक के सबसे निचले स्तर पर आ गए हैं। साथ ही, कनाडा में आज सुरक्षा की दृष्टि से भी स्थितियां तेजी से बदल रही हैं तथा इसका कनाडा के आर्थिक विकास पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। जिसके चलते भारतीय आज कनाडा में अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और भारत की ओर रूख कर रहे हैं। दूसरी ओर, अमेरिका में डोनल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति पद का चुनाव जीतने के पश्चात वहां पर अवैध रूप से रह रहे अन्य देशों के नागरिकों को अमेरिका से निकाले जाने की सम्भावनाएं बढ़ गई हैं। हालांकि अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीयों की संख्या लगभग नगण्य सी ही है परंतु ट्रम्प प्रशासन द्वारा अब वीजा, एच1बी सहित, जारी करने वाले नियमों को और अधिक कठोर बनाया जा सकता है। अमेरिका में प्रतिवर्ष जारी किए जाने वाले कुल एच1बी वीजा में से 60 प्रतिशत से अधिक वीजा भारतीय मूल के नागरिकों को जारी किए जाते हैं। यदि इस संख्या में भारी कमी दृष्टिगोचर होती है तो अमेरिका में पढ़ रहे भारतीय छात्रों को, उनकी पढ़ाई सम्पन्न करने के पश्चात यदि एच1बी वीजा जारी नहीं होता है तो उन्हें भारत वापिस आने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इस प्रकार अमेरिका से भी भारतीयों का रिवर्स ब्रेन ड्रेन दिखाई पड़ सकता है। भारत आज पूरे विश्व में सबसे अधिक तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है, अतः भारत में तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास के कारण सूचना प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, उच्च तकनीकी क्षेत्रों, वाहन विनिर्माण उद्योग, फार्मा उद्योग, चिप विनिर्माण उद्योग, स्टार्ट अप, आदि क्षेत्रों में भारी मात्रा में रोजगार के नए अवसर निर्मित हो रहे हैं और भारत को इन क्षेत्रों में उच्च टेलेंट की आवश्यकता भी है। यदि कनाडा एवं अमेरिका से उच्च शिक्षा प्राप्त एवं उक्त क्षेत्रों में प्रशिक्षित इंजीनीयर्स भारत को प्राप्त होते हैं तो यह स्थिति भारत के लिए बहुत फायदेमंद होने जा रही है। उक्त कारणों के अतिरिक्त आज अन्य देशों से भारत की ओर रिवर्स ब्रेन ड्रेन इसलिए भी होता दिखाई दे रहा है क्योंकि, भारत में आज मूलभूत सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। किसी भी दृष्टि से भारत का आधारभूत ढांचा आज किसी भी विकसित देश की तुलना में कम नहीं है। साथ ही, भारत में, विकसित देशों की तुलना में, मुद्रा स्फीति की दर कम होने से, सामान्य रहन सहन की लागत तुलनात्मक रूप से भारत में बहुत कम है। अतः भारत में अमेरिका एवं कनाडा की तुलना में शुद्ध बचत दर भी अधिक है। हाल ही के समय में भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में भी पर्याप्त सुधार हुआ है। आज बैंगलोर, मुंबई, हैदराबाद जैसे शहरों में बहुत ही कम लागत पर अमेरिकी अस्पतालों की तुलना में (अमेरिका की तुलना में तो 1/10 लागत पर) अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हैं। भारत के ग्रामीण इलाकों में तो शुद्ध हवा एवं शुद्ध पानी, जो स्वास्थ्य को ठीक बनाए रखने में सहायक होता है, पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। वरना, महानगरीय इलाकों में तो आज सांस लेना भी बहुत मुश्किल हो रहा है। विभिन्न देशों से उच्च शिक्षा प्राप्त एवं टेलेंटेड भारतीय जो भारत वापिस लौटे हैं, उन्होंने अपने नए प्रारम्भ किए गए स्टार्ट अप के कार्यालय दक्षिण भारत के ग्रामीण इलाकों में स्थापित किए हैं। भारत में बहुत लम्बे समय से मजबूत लोकतंत्र बना हुआ है एवं केंद्र में एक मजबूत सरकार, उद्योग एवं व्यापार को भारत में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उद्योग एवं व्यापार के मित्रवत आर्थिक नीतियों को सफलतापूर्वक लागू कर रही है। इससे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की मात्रा में अपार वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है। विकसित देशों में नागरिकों की औसत आयु 50 वर्ष से अधिक हो रही है जिससे श्रमिकों की संख्या इन देशों में लगातार कम हो रही है एवं श्रम लागत में भी भारी मात्रा में वृद्धि हुई है जिसके कारण इन देशों में उत्पादन लागत बहुत अधिक बढ़ गई है। हाल ही के समय में चीन भी इस समस्या से ग्रसित पाया जा रहा है। केवल भारत एवं दक्षिणी अफ्रीकी देशों में ही श्रम लागत तुलनात्मक रूप से बहुत कम है। इसके कारण विश्व की कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियां अपनी विनिर्माण इकाईयों की स्थापना भारत में करना चाहते हैं। भारत में उत्पादों का निर्माण कर इन उत्पादों को विश्व के अन्य देशों को निर्यात किया जा रहा है। भारत में आटोमोबाईल उद्योग, मोबाइल उद्योग एवं फार्मा उद्योग इसके जीते जागते प्रमाण हैं। इन्हीं कारणों से आज भारत से कई उत्पादों का निर्यात बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है एवं भारत का विदेशी व्यापार घाटा लगातार कम हो रहा है। विदेशी व्यापार घाटे में सुधार होने के चलते भारत में विदेशी मुद्रा भंडार में भी वृद्धि दृष्टिगोचर है जो हाल ही के समय में 70,000 अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को भी पार कर गया था। हालांकि, इसके बाद से इसमें कुछ गिरावट देखी गई है। आज विश्व के कई विकसित देशों में सामाजिक तानाबाना छिन्न भिन्न हो गया है एवं इन देशों के नागरिकों में मानसिक असंतोष की भावना लगातार बढ़ रही है एवं इन देशों की आधे से अधिक आबादी आज मानसिक बीमारीयों से ग्रसित है।

## उदास लोगों का देश बनना भारत की एक त्रासदी

(ललित गर्ग)

भारत के मानव-स्वभाव में उग्र हो रही उदासी एवं निराशा का बड़ा कारण प्रदूषित हवा एवं पर्यावरण है। शुद्ध वायु में ही जीवन है और उसी में जीवन की सकारात्मकता एवं जीवन-ऊर्जा समाहित है। यही हमारी अराजक जीवन शैली को संयमित कर सकती है। भारत उदास, निराश एवं थके हुए लोगों का देश बनता जा रहा है। हम प्रसन्न समाजों की सूची में अव्वल नहीं आ पा रहे हैं। आज अक्सर लोग थके हुए, उदास, निराश नज़र आते हैं, बहुत से लोग हैं जो रोज़मर्रा के काम करने में ही थक जाते हैं। उनका कुछ करने का ही मन नहीं होता। छोटे-मोटे काम भी थकाऊ और उबाऊ लगते हैं। विडम्बना तो यह है कि लम्बे विश्राम एवं लम्बी छुट्टियों के बाद भी हम खुद को तरोताजा नहीं बना पा रहे हैं। भारत में ऐसे लोगों का प्रतिशत लगभग 48 तक पहुंच गया है, जो चिन्ता का बड़ा सबब है। ऐसे थके एवं निराश लोगों के बल पर हम कैसे विकसित भारत एवं नये भारत का सपना साकार कर पायेंगे? यह सवाल सत्ता के शीर्ष नेतृत्व को आत्ममंथन करने का अवसर दे रहा है, वहीं नीति-निर्माताओं को भी सोचना होगा कि कहां समाज निर्माण में त्रुटि हो रही है कि हम लगातार थके हुए लोगों के देश के रूप में पहचाने जा रहे है। खुशहाल देशों की सूची में भी हम सम्मानजनक स्थान नहीं बना पा रहे हैं। हर साल जारी होने वाली वर्ल्ड हैपिनेस रिपोर्ट, जो संयुक्त राष्ट्र सस्टेनेबल डेवलपमेंट सॉल्यूशंस नेटवर्क की प्रस्तुति है, बताती है कि कौन देश सबसे ज्यादा खुश और कौन से देश सबसे ज्यादा दुखी हैं? वैश्विक स्तर पर खुशी का स्तर तय करने के कई पैमाने है, जिनमें लोगों की आजादी, स्वास्थ्य, भ्रष्टाचार, आय जैसी बातें शामिल होती हैं। सबसे अधिक दुखी देशों की लिस्ट में पहला नाम अफगानिस्तान का आता है। इस लिस्ट में भारत की रैंकिंग भी बेहद निराश करने वाली है। भारत में उदास एवं निराश लोगों की स्थिति के कई कारण हो सकते हैं-जनसंख्या वृद्धि दर ज्यादा होना, कृषि पर ज्यादा निर्भरता, आर्थिक विकास की दर कम होना, बेरोज़गारी, अशिक्षा, आय में असमानता, भ्रष्टाचार, आंतरिक द्वेष, कमज़ोर आर्थिक नीतियां एवं जटिल प्रशासनिक प्रक्रिया। दुःख जीवन के उतार-चढ़ाव का एक अभिन्न अंग है। जिस तरह इंसान ख़ुशी, निराशा, उदासी, गुस्सा, गर्व आदि भावनाओं को महसूस करता है, उसी तरह हर कोई समय-समय पर दुःख महसूस करता है। दुःख कभी-कभी इंसान को मोटीवेट करने में भी मदद कर सकता है, लेकिन यह जिजीविषा, खुशहाली, सक्रियता, जोश को भी कम करता है। दुनिया की खुशहाल देशों की सूची में भारत इस वर्ष 143 देशों में 126वें स्थान पर है। यह रैंक पिछले साल के मुकाबले बिल्कुल वही रही है। भारत के पड़ोसी देशों में चीन 60वें, नेपाल 93वें, पाकिस्तान 108वें, म्यांमार 118वें, श्रीलंका 128वें और बांग्लादेश 129वें स्थान पर है। भारत दुनिया का सबसे उदास देश है। शोधों के निष्कर्ष बताते हैं कि जलवायु परिवर्तन एवं अत्यधिक गर्मी के कारण 2100 तक भारत में हर साल 15 लाख लोगों की मौत हो सकती है? इसी कारण उदास लोगों की संख्या भी बढ़ सकती है। 2018 की एक रिपोर्ट कहती है कि भारत सबसे अधिक अवसादग्रस्त देशों की सूची में सबसे ऊपर है। भले ही भारतीयों को स्वभाव से समायोजित और संतुष्ट लोगों के रूप में जाना जाता है, लेकिन यह पता चला है कि वे सबसे अधिक उदास भी हैं। एक तरफ हम खुद को किसी भी चीज़ में आसानी से समायोजित कर लेते हैं, चाहे वह कम पैसा हो, खराब सड़कें हों, बुनियादी ढाँचे की कमी हो या कुछ भी हो। नेशनल केयर ऑफ मेडिकल हेल्थ के एक अध्ययन के अनुसार लगभग 6.5 प्रतिशत भारतीय गंभीर मानसिक स्थितियों से पीड़ित हैं, चाहे वे ग्रामीण हों या शहरी। सरकार जागरूकता कार्यक्रम चला रही है लेकिन मनोवैज्ञानिकों और मनोचिकित्सकों के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य डॉक्टरों की भी कमी है। भारत के मानव-स्वभाव में उग्र हो रही उदासी एवं निराशा का बड़ा कारण प्रदूषित हवा एवं पर्यावरण है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5568

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | 4 | | 6 | | |
| 9 | | | | | | | | 3 |
| 1 | | | | | 3 | | 4 | 5 |
| 5 | 6 | | | 7 | | 1 | | |
| | | 4 | 8 | | 5 | 9 | | |
| | | 1 | | 6 | | | 5 | 2 |
| 6 | 9 | | 5 | | | | | 1 |
| 4 | | | | | | | | 9 |
| | | 8 | | 9 | 6 | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5567

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 5 | 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 6 | 5 |
| 2 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 |
| 8 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 1 | 2 | 9 |

## वर्ग पहेली 5568




**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 9 जुलाई 1900 को मध्यप्रदेश के इस पूर्व राज्यपाल व भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनेता ने जन्म लिया था (8)
6. पहर-पहर पर घंटा बजने का शब्द, बहुत सबेरे समय का घंटा (3)
7. बिहार स्थित विश्व का प्राचीनतम ज्ञान केंद्र (3)
9. किसी चौपाये के स्तन (2)
12. पकाकर गाढ़ा किया हुआ गन्ने का रस (2)
13. अभिलाषा, आरजू, मन्नत (3)
15. नरक निवासी, दो जखी, नारक (4)
17. न्यायाधीश को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
19. उद्यान, वाटिका वर्तमान दौर के एक प्रसिद्ध गीतकार (4)
23. प्रतिष्ठा, इज्जत, कीर्ति, नेमनामी (3)
24. वह जो प्रत्येक कार्य बाएं हाथ से करता हो (4)

**ऊपर से नीचे**

1. विष्णु भगवान का एक नाम जिनके नाम से एक कथा बहुत अधिक प्रचलित है (6)
2. मध्यप्रदेश का एक छोटा शहर जो एक लिंगी से कुछ पहले स्थित है (3)
3. रहस्य, भेद, कोई गूढ बात (2)
4. भय कंपित होना, डर से कांपना, दहलना (5)
5. अतिरिक्त, अधिक, रहित (2)
8. किसी रेखा पर सीधी और खड़ी गिरने वाली रेखा (2)
10. नदी तटवर्ती, तीरवर्ती (3)
11. क्रीडा लक्ष्य प्राप्ति, सफलता, जीत (3)
14. भगतसिंह के साथ इन्हें भी फांसी पर लटकाया गया था (4)
16. ख्याति, प्रसिद्धि, यश (2)
18. पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र, स्थान, तीर, आब (2)
20. इंडोनेशिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला द्वीप (2)
21. झूमने का भाव (2)
22. अस्तित्व, वजूद, हाथी (2)

### वर्ग पहेली 5567 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जा | पा | न | | | अ | स | म |
| ब | ल | भ | द्र | | म | न | न |
| जा | ना | | व | न | ज | | क |
| | पो | ष | ण | | द | स्तू | र |
| को | स | | | | अ | प | ना |
| स | ना | थ | | जा | ली | | |
| | | प | ता | | खां | स | ना |
| | व | की | ल | | | भा | ल |

## आज का राशिफल

### मेष
आज आर्थिक मामलों किस्मत का साथ मिलेगा। तकदीर आपका साथ देगी। स्थापित कारोबार का विस्तार होगा। त्रिपक्षीय साझेदारी करने से बचें और अपने काम पर फोकस करें। निजी संबंधों के मामले में त्रिपक्षीय रिश्ते अनुकूल साबित नहीं होंगे। एक नया दोस्त आपके प्रति आकर्षित होगा लेकिन वह अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति नहीं कर पाएगा।

### वृष
आज करियर के मामले में दिन सफलता से भरा होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपका भाग्य साथ देगा और आपकी तरक्की होगी। दिन आपके लिए अच्छा व्यतीत होगा। लोगों की भावनाएं आपके प्रति अच्छी होंगी और उनके साथ आपको दिन बिताने का मन करेगा। दोपहर तक आर्थिक संकोच भी खत्म होंगे परन्तु कार्यक्षेत्र की धीमी गति से मानसिक तनाव पैदा हो सकता है।

### कर्क
आज रचनात्मक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। इस राशि के जो छात्र उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने का सपना देख रहे हैं, तो आज यह इच्छा पूरी होने की संभावना बन रही है। पिताजी की मदद से आपको किसी संपत्ति प्राप्ति की अभिलाषा पूरी होगी व्यापारियों को अच्छा खासा लाभ कमाने के साथ साथ बिजनस में नई डील करने के भी मौके मिलेंगे।

### सिंह
आज आपको सहकर्मियों और वरिष्ठ अधिकारियों का पूरा सहयोग मिलेगा, जिससे आप सफलता पा सकते हैं। नए विचारों के लिए खुले रहें और दूसरों की बातों को ध्यान से सुनें। लंबे समय से आप जिस काम में अधिक मेहनत कर रहे थे, तो अब उसमें फल मिल सकता है। अनुशासित रहें और प्रियजनों के साथ समय बिताना न भूलें। इससे आपको काफी सुकून मिल सकता है।

### मिथुन
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपको प्रतियोगी परीक्षा में भाग लेने से सफलता प्राप्त होगी। आप अपने व्यवसाय या कारोबार से संबंधित कोई लिखापढ़ी करने के बारे में सोच सकते हैं और उसको करने में आपको खुशी होगी। दिन के समय आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### कन्या
आज का दिन सपने देखने और कल्पना में खोने का है। समस्याओं का समाधान रचनात्मक सोच से करें और प्रक्रिया पर भरोसा रखें। करियर के क्षेत्र में भी आपको लाभ मिल सकता है। व्यापार में मुनाफा मिलने के योग नजर आ रहे हैं। लंबी समय से चली आ रही बीमारी अब थोड़ी ठीक हो सकती है।

### तुला
आज करियर में तरक्की हासिल होगी और आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। अपनी प्रतिभा पर भरोसा रखें और यह याद रखें कि कुछ कर दिखाने के लिए आपको थोड़ा फोकस बढ़ाने की जरूरत है। मेहनत से काम करें तो आपको सफलता प्राप्त होगीह। आपको न चाहते हुए भी आपको कुछ ऐसा काम करना पड़ता है जो दूसरों के लिए असुविधाजनक हो सकता है।

### वृश्चिक
आज करियर के मामले में ठीकठाक परिणाम देने वाला रहेगा। आपके लिए कारोबार की स्थिति भी सुधरती जा रही है। किसी बड़े अधिकारी से आपको हर प्रकार का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में भी आपकी स्थिति मजबूत रहेगी और आपको लाभ होगा। विरोधियों और आलोचना करने वालों से आपको नुकसान हो सकता है। आपको परेशानियों और समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### मकर
आज भाग्य साथ दे रहा है और आपके जीवन में तरक्की के योग बन रहे हैं। आपकी योजनाएं लाभ से भरी होंगी और आपके जीवन में तरक्की के योग बन रहे हैं। आपका दिन मिश्रित फलदायक रहेगा और आपको कुछ मामलों में अच्छा तो कुछ में बुरा परिणाम मिल सकता है। आपके मनसंताप कम होंगे और किसी अच्छे समाचार मिलने से निराशा भी खत्म होगी।

### कुंभ
आज करियर के मामले में अचानक से बड़ा लाभ होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपको खुशी होगी। आपका मन अशांत रह सकता है। दोपहर बाद कुछ भागदौड़ करने से आपको छिटपुट लाभ हो सकते हैं। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और कारोबार में भाग्य का साथ मिलेगा। रुकी हुई योजनाएं पूर्ण होंगी और आपको तरक्की हासिल होगी। कोई मिलने आपके घर आ सकता है। खर्च पर कंट्रोल करें।

### धनु
आज दिन परेशानियों में बीतेगा और आपका किसी काम में मन नहीं लगेगा। आपके लिए आज का दिन सुबह से ही प्रतिकूल स्थिति वाला रहेगा और आपका कोई काम करने का मन नहीं करेगा। आपको सेहत के मामले में किसी बड़ी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। आपके लिए दिन के पहले हिस्से में डॉक्टर से मिलना बेहतर रहेगा उसके बाद आप अपने रूटीन काम करें।

### मीन
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। जो लोग आपके साथ काम कर रहे हैं वे आपसे खुश रहेंगे और आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आप जब अच्छे मूड में रहते हैं तो अपने चहेतों का भला करने में पीछे नहीं रहते हैं। लोग आपकी बातों का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। आज आपका समय व्यतीत होगा। जो सही पात्र हो उसका ही कल्याण करें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

# गुरुग्राम में 3 लाख से अधिक अवैध निर्माण वालों पर होगा ऐक्शन; तीन गुना लगेगा प्रॉपर्टी टैक्स

**गुरुग्राम , एजेंसी।**
गुरुग्राम शहर में अवैध रूप से भवनों का निर्माण करने वाले व रिहायशी क्षेत्र में भवन का व्यावसायिक प्रयोग करने वालों पर अब निगम की तरफ से भवन में तोड़फोड़ के साथ उसे आर्थिक रूप से भी जुर्माना लगाया जाएगा। इसको लेकर नगर निगम ने हरियाणा नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2021 को लागू कर दिया है। इसके तहत अवैध निर्माण करने वाले भवन मालिक को भवन तोड़ने के नोटिस के साथ ही संपत्ति आईडी के साथ नोटिस को अटैच कर दिया जाएगा। अवैध निर्माण करने वाले भवन मालिकों को संपत्तिकर का तीन गुना यानी एक हजार से सीधा तीन हजा रुपये संपत्तिकर निगम में देना होगा।

बता दें कि नगर निगम गुरुग्राम के दायरे में तीन लाख से अधिक भवन निगम से बिना नक्शा पास करवाए ही बने हुए हैं। फिलहाल भी शहर में 1500 से अधिक अवैध भवन निर्माणों का कार्य चल रहा है। भवन मालिक किराए की लालच में बिना नक्शा पास करवाए ही पांच से छह मंजिला तक भवनों का निर्माण शुरू कर लेते हैं। इस



कारण हादसे होने का डर तो रहता ही है साथ में नगर निगम के राजस्व का भी काफी नुकसान होता है। इसको देखते हुए हरियाणा सरकार व शहरी स्थानीय निकाय के तत्कालीन मंत्री अनिल विज ने इस हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 में और संशोधन कर हरियाणा नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2021 को लागू कर दिया है। इसमें अधिनियम की धारा 87, 87डी और 87ई बनाया गया है। जिसमें अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ संपत्तिकर को तीन गुना वसूलने का प्रावधान किया गया है। निगम की तरफ से अभी तक अवैध निर्माण करने वालों को पहले कारण बताओ नोटिस दिया जाता है। इसके बाद उसे सीलिंग और तोड़ने के आदेश जारी होते हैं। पांच मंजिला अवैध ईमारत को तोड़ने के लिए निगम के पास कोई संसाधन नहीं है। इस कारण निगम द्वारा हल्की तोड़फोड़ करके उसे सील कर दिया जाता है, लेकिन बाद में फिर से सील तोड़कर भवन मालिक अवैध इमारत बना लेता है। इसकी अगर कोई शिकायत कर देता है तो निगम द्वारा भवन मालिक के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करवा दिया जाता है। इसके बाद निगम की तरफ अवैध निर्माण पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

हरियाणा नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2021 के अधिनियम की धारा 87, 87डी और 87ई में अगर नगर निगम के दायरे में कोई भवन मालिक निगम की बिना अनुमति या निगम से बिना नक्शा पास करवाए भवन का निर्माण करता है, बने हुए मकान के ऊपर नया निर्माण किया जा रहा है या फिर रिहायशी क्षेत्र में संपत्ति का व्यावसायिक प्रयोग में लाया जा रहा है, ऐसी स्थिति में निगम की तरफ से इस अधिनियम के तहत भवन मालिक के संपत्तिकर तीन गुना वसूल किया जाएगा। अगर संपत्ति मालिक निगम को सालाना एक हजार रुपये का भुगतान करता है तो अवैध निर्माण करने पर निगम की तरफ से उससे हर साल तीन हजार रुपये का संपत्तिकर वसूल किया जाएगा। यह संपत्तिकर तब तक वसूल किया जाएगा जब तक भवन मालिक भवन को तोड़ नहीं देगा या फिर जो भी नियमों का उल्लंघन किया है उसे सहीं नहीं करता है। भवन मालिक को भी इसी तरह से तीन गुना संपत्तिकर वसूल किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कपिल सिब्बल करेंगे अब्बास अंसारी की जमानत पर बहस, 11 दिसंबर को होगी सुनवाई

**प्रयागराज, एजेंसी।** माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे और विधायक अब्बास अंसारी की जमानत पर नामी वकील कपिल सिब्बल बहस करेंगे. अब्बास ने गैंगस्टर एक्ट में दर्ज मुकदमे में जमानत के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की है. अब्बास अंसारी के वकील की ओर से मामले की सुनवाई स्थगित करने के अनुरोध को स्वीकार करते हुए कोर्ट ने अगली तिथि 11 दिसंबर नियत की है. ज़मानत अर्जी पर न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकल पीठ सुनवाई कर रही है. अब्बास अंसारी पर चित्रकूट के कर्वी थाने में दर्ज मुकदमे के आधार पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है. अब्बास के अधिवक्ता उपेन्द्र उपाध्याय ने कोर्ट को बताया कि वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मामले में बहस करना चाहते है. उनके बहस करने की अनुमति देने की मांग की गई. इसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया. कोर्ट ने याची के अधिवक्ताओं को याद दिलाया कि शीर्ष अदालत के आदेश पर जमानत अर्जी पर सुनवाई तेज कर दी गई है. साथ यह भी कहा कि जमानत आवेदन आदेश के 18 दिनों के बाद दायर किया गया है. गुरुवार को आवेदक के वकील की सुनवाई स्थगित करने की प्रार्थना को न्यायालय ने स्वीकार करते हुए अगली तिथि नियत कर दी. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अब्बास अंसारी के वकील की ओर से मामले की सुनवाई स्थगित करने के अनुरोध को स्वीकार कर अगली तिथि 11 दिसंबर नियत की है. न्यायमूर्ति समित गोपाल की अदालत मामले की सुनवाई कर रही है.

### दक्षिण पूर्व रेलवे ने स्वचालित लॉन्ड्री सुविधाओं से यात्री अनुभव में सुधार के लिए उठाए कदम

**कोलकाता (वि.सं.)।** दक्षिण पूर्व रेलवे ने अपने यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने और स्वच्छता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। रेलवे ने यात्रियों को उच्च गुणवत्ता वाले, स्वच्छ और ताजे लिनेन की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए स्वचालित लॉन्ड्री सुविधाओं की स्थापना की है। यह कदम न केवल रेलवे द्वारा दी जा रही सेवाओं को बेहतर बनाने का हिस्सा है, बल्कि यात्री अनुभव को अधिक आरामदायक और सुखद बनाने के लिए एक जरुरी प्रयास है। दक्षिण पूर्व रेलवे के चार प्रमुख स्थानों—संतरागाछी, रांची, चक्रधरपुर और टाटानगर में ये स्वचालित लॉन्ड्री सुविधाएं स्थापित की गई हैं। इन डिपो में हर दिन औसतन 19 टन लिनेन धोने की क्षमता है, और यह क्षमता बढ़ाने की योजना भी बनाई गई है। इन लॉन्ड्री डिपो से करीब 19,000 पैकेट लिनेन की आपूर्ति की जाती है, जो यात्रियों को ताजे, स्वच्छ और उच्च गुणवत्ता वाले बेडरोल, बेडशीट, तौलिया और अन्य लिनेन सामग्री उपलब्ध कराते हैं। रेलवे ने यह सुनिश्चित करने के लिए स्वचालित मशीनों और मानक रसायनों का इस्तेमाल किया है कि लिनेन धोने की प्रक्रिया पूरी तरह से स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण हो। इससे यात्रियों को यात्रा के दौरान केवल ताजे और स्वच्छ लिनेन का ही उपयोग मिल पाता है।

### सड़क निर्माण घोटाले में सीएम योगी का बड़ा ऐक्शन, एक एसई, दो एक्सईएन समेत 16 अभियंता सस्पेंड

**लखनऊ, एजेंसी।** सड़क निर्माण घोटाले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ी कार्रवाई की है। घटिया सामग्री का प्रयोग तथा मानकों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर शासन ने गुरुवार की देर शाम एक अधीक्षण अभियंता, दो अधिशासी अभियंता, चार सहायक अभियंता और सात अवर अभियंता को निलंबित कर दिया है। कुछ अन्य जिलों में भी इस तरह की खामियां मिलने की सूचना है जल्द ही कुछ और अभियंताओं पर निलंबन की गाज गिर सकती है। बतादें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में बनाई गई सड़कों के निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराई गई। जांच में हरदोई जिले की चार सड़कों में कई अनियमितताएं पाई गई, जिसके बाद ये कार्रवाई की गई। पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने विभागीय समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि प्रदेश में जो सड़कें बनाई जा रही हैं उसे शासन स्तर से टीमें भेजकर जांच कराई जाए। मुख्यमंत्री के इस आदेश के बाद पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव अजय चौहान, विभागाध्यक्ष योगेश पवार के नेतृत्व में जांच टीम करीब दस दिनों पहले हरदोई गई थी। जांच की गई। मौके से निर्माण सामग्री के नमूने भी लिए गए। जांच में ये सभी नमूने फेल निकले। निर्माण में मानकों का उल्लंघन नहीं किए जाने का मामला पुष्ट होने पर शासन स्तर से कार्रवाई के लिए फाइल मुख्यमंत्री के पास भेजी गई थी।

# हाई कोर्ट का बड़ा आदेश: 1978 से सेना के कब्जे में थी जमीन, अब देना होगा 46 साल का किराया

**जम्मू-कश्मीर , एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट ने एक फैसला सुनाया जिसमें याचिकाकर्ता को बड़ी राहत देते हुए भारतीय सेना को 46 साल का किराया चुकाने का आदेश दिया। आपको बता दें कि याचिकाकर्ता की जमीन 1978 से सेना के कब्जे में थी। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि संपत्ति का अधिकार न केवल संवैधानिक और वैधानिक अधिकार है बल्कि यह मानव अधिकारों के दायरे में भी आता है। आपको बता दें कि कुपवाड़ा जिले के तंगधार क्षेत्र के निवासी अब्दुल मजीद लोन ने सेना द्वारा उनकी भूमि का किराया अदा न किए जाने के खिलाफ याचिका दायर की थी। हाई कोर्ट की बेंच में जस्टिस वसीम सादिक नरगल शामिल थे। इस बेंच ने 11 नवंबर को यह आदेश जारी किया। यह भूमि 12 कनाल और 14 मरला में फैली हुई है और सेना कथित रूप से इस पर 1978 से कब्जा किए हुए है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा, मानव अधिकारों को व्यक्ति के अधिकारों जैसे कि आवास, आजीविका, स्वास्थ्य और रोजगार के दायरे में माना गया है। समय के साथ इन अधिकारों का बहुआयामी विस्तार हुआ है। आदेश में यह भी कहा गया कि सेना ने बिना किसी कानूनी प्रक्रिया का पालन किए याचिकाकर्ता की भूमि पर कब्जा किया और किराया भी नहीं दिया है। यह याचिकाकर्ता के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। केंद्र सरकार और सेना द्वारा यह दावा किया गया था कि उन्होंने भूमि पर कब्जा नहीं किया है। कोर्ट ने इस दावे को कानून की कसौटी पर खरा न मानते हुए खारिज कर दिया। इसके बाद कोर्ट ने कुपवाड़ा के उपायुक्त को निर्देश दिया कि वह दो सप्ताह के भीतर संबंधित तहसीलदार की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की एक टीम गठित करें। यह टीम भूमि पर कब्जे के लिए किराए का आकलन करेगी। आकलन रिपोर्ट के आधार पर, सेना को एक महीने के भीतर याचिकाकर्ता को किराया चुकाने का निर्देश दिया गया है। आदेश में कहा गया कि सरकार और उसकी एजेंसियां किसी भी नागरिक की संपत्ति पर कानूनन प्रक्रिया के बिना कब्जा नहीं कर सकती हैं।

## अमृतधारी सिख को दिल्ली मेट्रो में रोके जाने पर सियासी हंगामा, कृपाण के साथ ऐंट्री की कोशिश

**अमृतसर, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के झिलमिल मेट्रो स्टेशन पर सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) के जवान पर कथित तौर पर एक अमृतधारी सिख को सफर करने से रोकने के आरोप लगे हैं। बताया जाता है कि अमृतधारी सिख कृपाण के साथ मेट्रो में सवारी करना चाहता था। अब इस पूरे प्रकरण को लेकर सियासी माहौल गरमा गया है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने इस प्रकरण पर कहा है कि यह देश के संविधान का उल्लंघन है। वहीं युवा अकाली दल के अध्यक्ष सरबजीत झिंजर ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह हमारी आस्था का पालन करने के हमारे लोकतांत्रिक अधिकार का उल्लंघन है। कृपाण (श्री साहिब) हमारे लिए बहुत पवित्र है। यह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी की ओर से हमें दिए गए 5 ककारों में से एक है। यह केवल हमारी आस्था का प्रतीक नहीं है, वरन यह न्याय और निर्दोषों की सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की भी याद दिलाता है।

युवा अकाली दल के अध्यक्ष सरबजीत झिंजर ने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार और भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार दोषी अधिकारियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। ऐसी घटनायें सिख समुदाय के लोगों के बीच अलगाव की भावना पैदा कर सकती हैं। ऐसी घटनायें दोबारा ना हों, यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। हमारा संविधान हमारे विश्वास का पालन करने और आचरण करने के हमारे अधिकार की रक्षा करता है। इस तरह की हरकतें उन धार्मिक स्वतंत्रताओं की पूरी तरह से उपेक्षा करती हैं। वहीं शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि देश में सिखों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के मामले बार-बार सामने आ रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकारें ऐसा करने वालों के खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई नहीं कर रही हैं। संविधान के तहत हर नागरिक को अपनी धार्मिक मान्यताओं की रक्षा करने की आजादी है।

## आईटीआई की छात्राओं को पीरियड के दौरान मिलेगी 2 दिन की छुट्टी, केरल सरकार ने लिया फैसला

**तिरूअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल के इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट्स (आईटीआई) में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए अच्छी खबर है। राज्य सरकार ने हर महीने उन्हें पीरियड के दौरान 2 दिन की छुट्टी देने का फैसला लिया है। स्टेट जनरल एजुकेशन मिनिस्टर वी शिवनकुट्टी की ओर से यह फैसला लिया गया। स्किल-ट्रेनिंग कार्यक्रमों के दौरान शारीरिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया, जहां छात्राएं लगातार बेहतर प्रदर्शन करती रही हैं। शिक्षा मंत्री की ओर से इसे लेकर गुरुवार को बयान जारी किया गया, जिसमें इस फैसले के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। मजबूत शारीरिक जरूरत वाले कौशल-प्रशिक्षण में भी अच्छा कर रही हैं। इसे ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने आईटीआई में पढ़ने वाली छात्राओं को हर महीने 2 दिन की मासिक धर्म छुट्टी देने का फैसला लिया है। अधिकारियों ने बताया कि केरल में 100 से अधिक आईटीआई सेंटर हैं। इनमें पढ़ने वाली छात्राओं को निश्चित तौर पर लाभ मिलेगा। केरल सरकार के फैसले से कितनी लड़कियों को सुविधा मिलेगी, इसका पूरा आंकड़ा इकट्ठा किया जा रहा है। मालूम हो कि पिछले साल केरल उच्च शिक्षा विभाग की ओर से छात्रों को बड़ी राहत दी गई थी। हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट के तहत राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए मासिक धर्म छुट्टी की घोषणा हुई। इस बीच, केरल सरकार ने आईटीआई छात्रों के लिए हर एक शनिवार को छुट्टी करने का फैसला लिया है।

## नोएडा एयरपोर्ट के पास मिलेगा घर बसाने का मौका, बनेंगे 40 हजार फ्लैट

**नोएडा , एजेंसी।**
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास 40 हजार फ्लैट बनेंगे। प्राधिकरण ने इसके लिए तीन सेक्टर में 20 भूखंडों की ग्रुप हाउसिंग योजना लॉन्च की है। योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई, जो 18 दिसंबर तक चलेगी।

यमुना प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अप्रैल अंत में विमानों की उड़ानें प्रस्तावित हैं। इसको लेकर प्रक्रिया तेजी से चल रही है। दावा है कि उड़ानें शुरू होने के बाद यमुना सिटी में तेजी से आबादी बढ़ेगी। यहां पर देश-विदेश की अंतरराष्ट्रीय कंपनियां अपनी यूनिट शुरू करेंगी, जिससे हजारों की संख्या में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

उन्होंने बताया कि नौकरी करने आने वाले लोगों को रहने में दिक्कत न हो, इसके लिए ग्रुप हाउसिंग योजना शुरू की गई है। इनके 20 भूखंड सेक्टर-17, 18 और 22डी में हैं। इनमें भी



सेक्टर-17 में छह भूखंड, सेक्टर-18 में पांच और सेक्टर-22डी में नौ भूखंड रहेंगे। छोटे से लेकर बड़े भूखंडों को योजना में शामिल किया गया है। आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। यीडा ने अपनी ऑफिशियल वेबसाइट पर योजना का ब्रॉशर भी अपलोड कर दिया है। 20 जनवरी को योजना के तहत ई-नीलामी प्रक्रिया होगी, जो भी बिल्डर सबसे ऊंची बोली लगाएगा, उसे ही आवंटन कर दिया जाएगा।

प्लॉट की योजना जारी = एयरपोर्ट के पास सेक्टर-24 में आवासीय भूखंड योजना जारी है। 30 नवंबर तक आवेदन प्रक्रिया चलनी है। इस योजना के तहत अभी तक 62 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। दिसंबर में योजना के तहत ड्रॉ होगा।

यमुना प्राधिकरण ने ग्रुप हाउसिंग की आवंटन नीति में बदलाव किया है। अब ग्रुप हाउसिंग समेत अन्य सभी योजनाओं में ई-नीलामी के जरिए प्रत्येक भूखंड के लिए कम से कम तीन आवेदन प्राप्त होने जरूरी होंगे। वहीं, जब तक पहला भूखंड नहीं बिकता है, तब तक प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। किसी भूखंड पर तीन से कम आवेदन होंगे तो उस भूखंड का किसी भी बिल्डर को आवंटन नहीं होगा। योजना के तहत 10 हजार से लेकर 90 हजार वर्ग मीटर तक के भूखंडों पर फ्लैट बनेंगे।

# बीएमसी चुनाव से पहले भाजपा ने कर दी मांग: मुंबई में उर्दू भवन नहीं, आईटीआई बनाओ

**मुंबई , एजेंसी।**
महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बाद अब बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव की आहट सुनाई देने लगी है। भाजपा ने बायकुला में प्रस्तावित उर्दू भवन के निर्माण का विरोध तेज कर दिया है। पूर्व नगरसेवक भालचंद्र शिरसाट ने बीएमसी आयुक्त को पत्र लिखकर उर्दू भाषा अध्ययन केंद्र के प्रस्ताव को रद्द करने की मांग की। शिरसाट ने अपने पत्र में कहा कि बायकुला क्षेत्र में पहले से ही 12 उर्दू स्कूल मौजूद हैं, इसलिए उर्दू भाषा केंद्र की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने इस जमीन पर एक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) स्थापित करने का आग्रह किया है।

डीसीपीआर 2034 के अनुसार, बायकुला का की यह जमीन शिक्षण संस्थानों के लिए आरक्षित है। इससे पहले इसे बेघर लोगों के आश्रय के लिए आरक्षित किया गया था। 2011 में इस जमीन पर एक आईटीआई बनाने का प्रस्ताव पेश किया गया था, जिसे विभिन्न सरकारी स्तरों से मंजूरी भी मिली थी। हालांकि, 2021 में कोरोना महामारी के दौरान बीएमसी की ऑनलाइन बैठक में आईटीआई के प्रस्ताव को रद्द कर दिया गया था।



शिरसाट ने आरोप लगाया कि यह निर्णय बिना उचित कानूनी प्रक्रिया के लिया गया। उन्होंने कहा, बीएमसी द्वारा लीज रद्द करने की प्रक्रिया में लिखित स्पष्टीकरण, सुनवाई और सुधार समिति की मंजूरी की आवश्यकता होती है। लेकिन यहां ऐसा कुछ नहीं हुआ।

इसके बाद उर्दू भाषा केंद्र के निर्माण का प्रस्ताव आया, जिसे बीएमसी के ई-वॉर्ड के सहायक आयुक्त ने मंजूरी दी। लेकिन स्थानीय निवासियों ने इसका विरोध किया और बीएमसी के आईटीआई प्रस्ताव को रद्द करने के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई। आपको बता दें कि उर्दू भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है और ग्राउंड प्लस एक मंजिल का ढांचा बन चुका है। हालांकि, वर्तमान में यह निर्माण रोक दिया गया है क्योंकि मामला अदालत में लंबित है।

भालचंद्र शिरसाट ने कहा, हम भवन निर्माण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन उर्दू भाषा केंद्र के निर्माण का विरोध करते हैं। इस क्षेत्र में युवाओं के कौशल विकास के लिए एक तकनीकी संस्थान बनाया जाना चाहिए। इस पूरे मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए बीएमसी आयुक्त भूषण गगरानी ने कहा, उर्दू भवन पर काम कुछ महीने पहले रोक दिया गया है। हम सभी पक्षों से चर्चा के बाद ही कोई निर्णय लेंगे। आपको बता दें कि पिछले साल भी विधानसभा सत्र के दौरान विधायक मिहिर कोटेचा ने उर्दू केंद्र के निर्माण का विरोध किया था। इस विवाद के बीच आगामी बीएमसी चुनावों से पहले यह मुद्दा फिर से राजनीतिक रंग ले रहा है।

## गाजियाबाद में नए साल से लागू होगा नया मास्टर प्लान; रोजगार भी बढ़ेगा



**गाजियाबाद एजेंसी।**
गाजियाबाद में नए साल से नया मास्टर प्लान 2031 लागू हो जाएगा। इसकी तैयारी शासन स्तर पर चल रही है। जीडीए अधिकारियों का कहना है कि 31 दिसंबर 2024 को वर्तमान मास्टर प्लान की समयसीमा खत्म हो जाएगी। ऐसे में दिसंबर महीने में ही नई महायोजना 2031 लागू होगी। गाजियाबाद का पहली बार जियोग्राफिक इंफोरमेशन सिस्टम (जीआईएस) बेस्ड केंद्रीयकृत मास्टर प्लान-2031 तैयार किया गया है। इसे तैयार करने की प्रक्रिया वर्ष 2018 से शुरू कर दी गई थी। केंद्र सरकार की एजेंसी डीडीएफ कंसल्टेंट ने इसे तैयार किया है। अब मास्टर प्लान 2031 शासकीय समिति के पास है, जो इसे वैरिफाई कर रही है। जीडीए अधिकारी बताते हैं कि शासकीय समिति ने मास्टर प्लान में जो संशोधन कराए थे, उन्हें कर दिया गया है। साथ ही विस्तृत जानकारी भी भेजी जा चुकी है। ऐसे में अब दिसंबर में मास्टर प्लान की प्रजेंटेशन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने हो सकती है, जिसके बाद इसे लागू किया जाएगा। अधिकारी बताते हैं कि 31 दिसंबर 2024 को वर्तमान मास्टर प्लान की समयसीमा खत्म हो रही है। ऐसे में नए मास्टर प्लान को लागू करने की प्रक्रिया दिसंबर महीने में पूरी करनी होगा, ताकि नए साल से इसे लागू किया जा सके। इसके बाद शहर के विकास की रफ्तार बढ़ने की संभावना है।

नया मास्टर प्लान लागू होने से गाजियाबाद, डासना, मुरादनगर, मोदीनगर और लोनी क्षेत्र में करीब 130 हेक्टेयर जमीन का भू-उपयोग बदल जाएगा। इसमें गाजियाबाद, डासना में 50 हेक्टेयर, मोदीनगर, मुरादनगर में 60 हेक्टेयर, लोनी में 20 हेक्टेयर जमीन का भू-उपयोग बदल जाएगा। मास्टर प्लान 2031 लागू होने से जनपद में निवेश बढ़ेगा। नए मास्टर प्लान में रियल एस्टेट सेक्टर के लिए संभावनाएं सबसे अधिक है। साथ ही उद्यम स्थापित हो सकेंगे। इसके साथ ही अन्य कई क्षेत्रों में निवेश के रास्ते होगा, जिससे जनपद में रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

# शोरूम के सामने इलेक्ट्रिक स्कूटर को लगा दी आग, बार-बार खराब होने से गुस्साया था शख्स

**चेन्नई , एजेंसी।**
चेन्नई में एक शोरूम के बाहर इलेक्ट्रिक स्कूटर को आग लगाने का मामला सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक, अंबत्तूर में एक शख्स अपना स्कूटर लेकर शोरूम पहुंचा और उसमें लगा दी। बताया जा रहा है कि कंपनी की सर्विस को लेकर वह काफी भड़का हुआ था। इस शख्स का नाम पार्थसारथी है जो थिरुमुल्लईवायल का रहने वाला है। उसने कहा, मैंने 1.80 लाख रुपये में एथर स्कूटर खरीद था। इसे घर से जाने के बाद से ही दिक्कतें शुरू हो गई। स्कूटर में बार-बार खराबी आ जाती थी। उसे ठीक कराने में लिए मुझे सर्विस सेंटर के चक्कर लगाने पड़े। शोरूम की



ओर से मुझे अच्छी सर्विस नहीं मिल रही थी। पार्थसारथी ने कहा कि मैंने कई बार अपना इलेक्ट्रिक स्टूकर रिपेयर करवाया, मगर उसकी समस्याएं खत्म ही नहीं हो रही थीं। उन्होंने कहा कि शोरूम के कर्मचारियों के रवैये को लेकर वह काफी निराश थे, उनकी ओर से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिल रही थी। इसी गुस्से में वह अपना स्कूटर शोरूम के सामने लेकर आए और उसमें आ लगा दी। इससे सड़क के आसपास जमा लोग काफी घबरा गए और तुरंत आग को बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। इस तरह कुछ देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

**सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो:** इलेक्ट्रिक स्कूटर को आग लगाने का वीडियो सामने आया है जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इसमें दिख रहा है कि कैसे एक व्यक्ति स्कूटर की समस्याओं को लेकर अपने गुस्से का इजहार कर रहा है। इस दौरान एक महिला उसे शांत कराने की कोशिश करते देखी जा सकती है। वीडियो में कुछ पुलिसकर्मी भी नजर आ रहे हैं जिनसे पार्थसारथी अपनी समस्याएं बता रहा है। उन्होंने कहा कि किस तरह से सर्विस सेंटर की ओर से उनकी शिकायतों को अनदेखा किया जा रहा था। वह इसे लेकर बहुत परेशान हो गए थे। आखिर उन्होंने अपने स्कूटर को शोरूम के सामने ही आग लगाना सही समझा। इस घटना के बाद शोरूम के कर्मचारियों का बयान आया है। इसमें कहा गया कि पार्थसारथी के साथ मामले को जल्द सुलझा लिया जाएगा।

## ढाका टोपी पहनकर नेपाल पहुंचे शिखर धवन



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अपने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट करियर को विराम देने के बाद पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन नई पारी शुरू करने के लिए शुक्रवार को काठमांडू पहुंचे। धवन यहां नेपाल प्रीमियर लीग (एनपीएल) में भाग लेने के पहुंचे हैं। उन्हें करनाली याक्स ने अपने साथ जोड़ा है। उत्साही भीड़ द्वारा स्वागत किए जाने पर धवन, जिन्हें प्यार से गब्बर के नाम से जाना जाता है, ने त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वीआईपी टर्मिनल से बाहर निकलते समय पारंपरिक ढाका टोपी पहनी थी। नेपाल की अपनी पहली यात्रा को चिह्नित करते हुए धवन ने आगामी एनपीएल सीजन के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया और स्थानीय और राष्ट्रीय नेपाली खिलाड़ियों के साथ खेलने के अवसर पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मैं यहां आकर न केवल प्रतिस्पर्धा करने के लिए बल्कि पशुपतिनाथ मंदिर और माउंट एवरेस्ट जैसे नेपाल के प्रसिद्ध स्थलों का पता लगाने के लिए भी रोमांचित हूं। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद धवन कर्णाली याक्स से जुड़े हैं, क्योंकि आईपीएल मेगा नीलामी से पहले पंजाब किंग्स ने उनसे नाता तोड़ लिया था।

एक दशक से अधिक के करियर में धवन ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां अर्जित कीं हैं। वह एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय में 167 मैचों में 6,793 रन बना चुके हैं। उनके टेस्ट करियर में सात शतक शामिल हैं, जबकि टी20ई प्रारूप में उन्होंने 68 मैचों में 1,759 रन बनाए। घरेलू मोर्चे पर, धवन ने 122 प्रथम श्रेणी खेल खेले, जिसमें 8,499 रन बनाए और अपने प्रभावशाली रिकॉर्ड में 25 शतक जोड़े।

## दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीम के कोच होंगे मंडला माशिम्बी



**जोहान्सबर्ग, एजेंसी।** क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने मंडला माशिम्बी को दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा की है। वह डिलन डु प्रीज की जगह लेंगे जिन्होंने अंतरिम कोच के तौर पर इस साल महिला टी20 विश्व कप में टीम को फाइनल तक पहुंचाया। इससे पहले हिल्टन मोरेंग एक दशक तक टीम के मुख्य कोच रहे थे।

माशिम्बी ने एक बयान में कहा, मैं बहुत सम्मान के साथ प्रोटियाज महिला टीम के कोच के रूप में नियुक्ति को स्वीकार करता हूं। मैं इस प्रतिष्ठित पद से जुड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों और अपेक्षाओं से पूरी तरह वाकिफ हूं। कोच के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान टाइटन्स क्रिकेट से मिले अवसर के लिए बहुत आभारी हूं। पिछले 11 वर्षों में उनका अटूट समर्थन मेरे पेशेवर विकास में सहायक रहा है।

मैं प्रोटियाज महिलाओं की निरंतर सफलता और विश्व क्रिकेट में एक मजबूत शक्ति के रूप में उनकी स्थिति को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। माशिम्बी ने टाइटन्स, नाइट्स और ग्रिक्वास के लिए पेशेवर क्रिकेट खेला है। हालांकि 2010 में घुटने की लगातार चोटों के कारण उनका खेल करियर जल्दी खत्म हो गया।

## कोहली-रूट को छोड़ा पीछे

# केन विलियमसन ने टेस्ट क्रिकेट में रचा इतिहास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज और पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने इंग्लैंड के खिलाफ क्राइस्टचर्च में इतिहास रच दिया है. वह न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम की ओर से टेस्ट क्रिकेट में 9000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं. 34 साल के विलियमसन ने ये कारनामा 103 टेस्ट मैच की 182 पारियों में किया है.

इस मैच के पहले विलियमसन ने 180 पारियों में 8881 रन बनाए थे. फिर क्राइस्टचर्च टेस्ट पहली पारी में उन्होंने 93 रन बनाए और इसके बाद दूसरी पारी में 26 रन बनाते ही उन्होंने ये अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया. इतना ही नहीं विलियमसन ने सबसे तेज 9000 टेस्ट रन बनाने के मामले में जो रूट और विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है.

इतिहास के पन्नों में दर्ज हुए विलियमसन 9000 रन बनाने के साथ ही विलियमसन का नाम टेस्ट क्रिकेट के इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है. ऐसा करने वाले वो दुनिया के सिर्फ 19वें बल्लेबाज हैं. इतना ही नहीं उन्होंने इस उपलब्धि के साथ एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया. दरअसल, विलियमसन 9000 रन बनाने वाले संयुक्त रूप से तीसरे सबसे तेज बल्लेबाज भी बन गए हैं.

उन्होंने श्रीलंका के कुमार संगाकारा और पाकिस्तान के यूनिस खान जैसे दिग्गज बल्लेबाजों की बराबरी की. इन दोनों ने भी 103 टेस्ट मुकाबलों में ये उपलब्धि हासिल की थी. विलियमसन ने सबसे तेज 9000 टेस्ट रन बनाने के मामले में जो रूट और विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है. रूट ने इसके लिए 196 और कोहली ने 197 पारियां खेली थीं. वहीं ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ इस रिकॉर्ड को हासिल करने वाले सबसे तेज बल्लेबाज हैं. उन्होंने 99 टेस्ट की 174 पारियों में ये कारनामा किया था, जबकि ब्रायन लारा ने 100 टेस्ट मैच में ये कारनामा किया था.



### दूसरे नंबर पर ये किवी खिलाड़ी

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड विलियमसन के नाम है. वह 103 टेस्ट मैचों में 54 की औसत से 9000 से ज्यादा रन बना चुके हैं. इस दौरान विलियमसन ने 32 शतक लगाने के साथ 35 अर्धशतक भी जड़े. उनके बाद इस फॉर्मेट में न्यूजीलैंड के लिए सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड पूर्व दिग्गज बल्लेबाज रॉस टेलर के नाम दर्ज है. टेलर ने 112 टेस्ट मैचों की 196 पारियों में 44.66 की औसत से 7683 रन बनाए थे.

## एडिलेड टेस्ट में पैट कमिंस का ब्रह्मास्त्र बनेगा 30 साल के ये गेंदबाज?

### इंडिया ए को चटा चुका है धूल

**एडिलेट, एजेंसी।** एडिलेड टेस्ट से पहले कप्तान पैट कमिंस ने टीम में एक नए तेज गेंदबाज को ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया है. कमिंस ने ये फैसला जॉश हेजलवुड के चोटिल होकर दूसरे टेस्ट से बाहर होने के बाद लिया है. अब उनकी जगह 30 साल के ब्रेंडन डॉगेट ने ली है, जो पिंक-बॉल टेस्ट के दौरान भारत के खिलाफ डेब्यू कर सकते हैं. हालांकि, हेजलवुड के बाहर होने से ऑस्ट्रेलिया को झटका जरूर लगा है लेकिन टीम इंडिया इससे चैन की सांस नहीं ले सकती. इसके पीछे वजह है डॉगेट की घातक गेंदबाजी और घरेलू क्रिकेट में उनका अनुभव. उन्होंने हाल ही में इंडिया ए की टीम को भी घुटने टेकने पर मजबूर किया था.

**इंडिया ए पर बरपाया था कहर:** ब्रेंडन डॉगेट को ऑस्ट्रेलिया ए और इंडिया ए के बीच हुए 2 अनऑफिशियल टेस्ट के दौरान रिप्लेसमेंट के तौर पर बुलाया गया था. तब उन्होंने मकाय में हुए मुकाबले में 11 ओवर गेंदबाजी की थी और महज 15 रन देकर 6 विकेट चटकाए थे. उनकी इस घातक बॉलिंग के कारण इंडिया ए की पूरी टीम सिर्फ 107 रन पर ऑल आउट हो गई थी. दूसरी पारी में भी उन्होंने 1 विकेट अपने नाम किया था. हालांकि, दूसरे मुकाबले में उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला था.

अब टीम इंडिया के खिलाफ भी वह हेजलवुड के रिप्लेसमेंट के तौर पर बुलाए गए हैं. बता दें ये दूसरी बार है जब डॉगेट को टीम में शामिल किया गया है. इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने उन्हें 2018 में पाकिस्तान के खिलाफ यूएई में हुए टेस्ट सीरीज में बुलाया था लेकिन डेब्यू करने का मौका नहीं दिया था.



**घरेलू क्रिकेट में 7 साल का अनुभव:** हालांकि, 30 साल के डॉगेट को अभी तक ऑस्ट्रेलिया के लिए डेब्यू का मौका नहीं मिला है. लेकिन घरेलू क्रिकेट में उन्हें अच्छा अनुभव है.

वह 2017 से ही फर्स्ट क्लास मुकाबले खेल रहे हैं. इन 7 सालों में डॉगेट 40 मैच खेल चुके हैं, जिसमें 28.63 की औसत से उन्होंने 142 विकेट हासिल किए हैं. एडिलेड टेस्ट में उनका सामना करने में टीम इंडिया के बल्लेबाजों को परेशानी आ सकती है. क्योंकि इससे किसी भी बल्लेबाज ने उनके खिलाफ नहीं खेला है. ऐसे में वह कप्तान पैट कमिंस के लिए डे-नाइट टेस्ट में ब्रह्मास्त्र साबित हो सकते हैं.

**दो ऑल राउंडर्स को भी बुलाया:** पैट कमिंस ने डॉगेट के दो ऑल राउंडर ब्यू वेब्स्टर और सीन एबॉट को भी टीम में शामिल किया है. इन दोनों ने भी अभी तक ऑस्ट्रेलिया के लिए डेब्यू नहीं किया है.

## दर्द से हुआ बुरा हाल, आनन फानन में बीच मैदान पहुंची मेडिकल टीम

# शमी फिर हुए चोटिल!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी पिछले 1 साल से टीम इंडिया का हिस्सा नहीं बन सके हैं. वनडे वर्ल्ड कप 2023 के दौरान उन्हें चोट लगी थी. टखने की चोट के कारण शमी ने फरवरी 2024 में सर्जरी कराई थी. ऐसे में उन्होंने हाल ही में रणजी ट्रॉफी से मैदान पर वापसी की थी और अब वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 में खेल रहे हैं. इस टूर्नामेंट के बीच शमी के फैंस के लिए एक बुरी खबर सामने आई है. शमी बंगाल और मध्य प्रदेश के बीच खेले गए मुकाबले के दौरान दर्द से कराहते हुए दिखाई दिए. जिसके बाद मेडिकल टीम को बीच मैदान उनकी जांच करनी पड़ी. मोहम्मद शमी शुक्रवार को निरंजन शाह स्टेडियम ग्राउंड सी पर मध्य प्रदेश के खिलाफ बंगाल के सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मैच के दौरान चोटिल हो गए. दरअसल, वह इस मुकाबले के दौरान पीठ की चोट के कारण काफी दर्द में दिखे. उन्हें गेंदबाजी करते समय पीठ में दिक्कत महसूस हुई. वह गेंदबाजी के दौरान नीचे गिर गए थे, इसके बाद शमी को असहज लग रहा था और वह अपनी पीठ के निचले हिस्से को पकड़कर जमीन पर लेट गए. जिसने हर किसी के दिलों की धड़कन बढ़ा थी. मोहम्मद शमी को दर्द में देखकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की मेडिकल टीम ने उनकी जांच की, इस दौरान सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के मेडिकल पैनल के प्रमुख नितिन पटेल भी मैदान पर मौजूद रहे. हालांकि थोड़े समय के उपचार के बाद शमी ने फिर से गेंदबाजी की और अपना ओवर पूरा किया. मीडिया रिपोर्ट्स के मुकाबिक, शमी को गिरने पर हल्का झटका लगा होगा, लेकिन इससे कोई गंभीर चोट नहीं आई है. ऐसे में वह टूर्नामेंट में आगे भी खेलते हुए नजर आएंगे.



### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में हो सकती है एंट्री

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया फिलहाल ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर है.

# पाकिस्तान ने भारत को 44 रन से हराया, शाहजेब खान ने जड़ा शतक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप अंडर-19 टूर्नामेंट में भारत को पाकिस्तान ने 44 रन से हरा दिया। दुबई के दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शनिवार (30 नवंबर) को पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। दोनों टीमों का टूर्नामेंट में पहला मैच था। पाकिस्तान ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 281 रन बनाए। शाहजेब खान ने 147 गेंद पर 159 रन बनाए।

उस्मान खान ने 60 और मोहम्मद रियाजुल्लाह ने 27 रन बनाए। भारत के लिए समर्थ नागराज ने 3 और आयुष म्हात्रे ने 2 विकेट लिए। युद्धजीत गुहा और किरण चोरमले ने 1-1 विकेट लिए। भारतीय टीम 47.1 ओवर में 237 रन बनाए। भारत के लिए निखिल कुमार ने सबसे ज्यादा 67 रन बनाए। इसके अलावा हरवंश सिंह ने 26 और किरण चोरमले और आयुष म्हात्रे ने 20-20 रन बनाए। मोहम्मद अमान ने 16, आदे सिद्धार्थ सी ने 15, हार्दिक राज ने 10 और वैभव सूर्यवंशी ने 1 रन बनाए। समर्थ नागराज खाता नहीं खोल पाए। युद्धजीत गुहा और मोहम्मद इनान ने आखिरी विकेट के लिए 47 रन की साझेदारी की और पाकिस्तान की जीत की अंतर को कम किया। इनान 30 रन बनाकर रन आउट हुए। युद्धजीत गुहा 12 रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान के लिए अली रजा ने 3, अब्दुल सुभान और फहम उल हक ने 2-2 विकेट लिए। नवीद अहमद खान और उस्मान खान ने 1-1 विकेट लिए।




**पाकिस्तान की प्लेइंग 11:** शाहजेब खान, उस्मान खान, साद बेग (विकेटकीपर/कप्तान), फरहान यूसुफ, फहम-उल-हक, मोहम्मद रियाजुल्लाह, हारून अरशद, अब्दुल सुभान, अली रजा, उमर जैब, नवीद अहमद खान।

**भारत की प्लेइंग 11:** आयुष म्हात्रे, वैभव सूर्यवंशी, आंद्रे सिद्धार्थ सी, मोहम्मद अमान (कप्तान), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), निखिल कुमार, किरण चोरमले, हार्दिक राज, मोहम्मद एनान, समर्थ नागराज, युधाजीत गुहा।

### विश्व कैडेट शतरंज चैंपियनशिप 2024



## भारत का शानदार प्रदर्शन, दिविथ रेड्डी बने विश्व अंडर-8 चैंपियन, सात्विक नें जीता रजत पदक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विश्व कैडेट शतरंज चैंपियनशिप 2024 का समापन भारतीय शतरंज के लिए ऐतिहासिक क्षणों के साथ हुआ।

दिविथ रेड्डी ने अंडर-8 ओपन वर्ग में विश्व चैंपियन का खिताब जीतकर भारत को गर्व महसूस कराया। उनके अलावा, सत्त्विक स्वैन ने इसी वर्ग में रजत पदक जीतकर भारत की ताकत और गहराई को और मजबूत किया।

भारत के दोनों ही खिलाड़ी 9 अंक बनाकर सयुंक्त पहले स्थान पर रहे पर टाईब्रेक के आधार पर दिविथ विश्व अंडर 10 शतरंज चैम्पियन बन गए । आखिरी राउंड में दिविथ रेड्डी ने निर्णायक अंतिम मुकाबले में यूएसए के ली एडेन को हराकर 8.5 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता तो सत्तविक स्वैन ने उज्बेकिस्तान के राजाबोव अब्दुर्रहमान को हराकर 8.5 अंक के साथ रजत पदक प्राप्त किया।

इस चैंपियनशिप में कजाकिस्तान को सर्वश्रेष्ठ फेडरेशन घोषित किया गया। चीन ने दूसरा और भारत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### विभिन्न आयु वर्गों में विजेता और भारत का प्रदर्शन:

**अंडर-8 ओपन**
- स्वर्ण- दिविथ रेड्डी (भारत) - 8.5 अंक
- रजत- सत्तविक स्वैन (भारत) - 8.5 अंक
- कांस्य- राजाबोव अब्दुर्रहमान (उज्बेकिस्तान) - 8 अंक

**अंडर-8 बालिका:**
- स्वर्ण-चेन झिहान (चीन) - 9.5 अंक
- रजत-झोउ अबीगैल (अमेरिका) - 8.5 अंक
- कांस्य- जिन स्टेला (अमेरिका) - 8.5 अंक

# दूरदर्शन हॉकी इंडिया लीग 2024-25 सत्र का प्रसारण करेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के राष्ट्रीय प्रसारक दूरदर्शन (डीडी) ने हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के साथ साझेदारी की है, ताकि देश भर के लाखों दर्शकों तक रोमांचक टूर्नामेंट का प्रसारण किया जा सके। एचआईएल 28 दिसंबर से शुरू होने वाला है। इस साल का संस्करण ऐतिहासिक है क्योंकि यह महिला हॉकी इंडिया लीग के उद्घाटन सत्र के साथ-साथ बहुप्रतीक्षित पुरुष प्रतियोगिता का भी प्रतीक है। इस लीग में आठ पुरुष टीमें और चार महिला टीमें भाग लेंगी, जो राउरकेला और रांची में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें भारत और दुनिया भर से शीर्ष स्तर की प्रतिभाएं दिखाई देंगी। महिलाओं की लीग को शामिल करना खेलों में लैंगिक समावेशिता को बढ़ावा देने और बड़े स्तर पर महिला हॉकी को बढ़ावा देने की हॉकी इंडिया की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

प्रसार भारती के चेयरमैन नवनीत सहगल ने कहा, प्रसार भारती को हॉकी इंडिया लीग के साथ साझेदारी करने का सौभाग्य मिला है।

## इंजरी के कारण जोश हेजलवुड एडिलेड टेस्ट से बाहर



### ● सीन एबॉट और ब्रेंडन डोगेट को स्क्वॉड में शामिल किया, 6 दिसंबर से मुकाबला

**एडिलेड, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड एडिलेड में 6 दिसंबर से शुरू हो रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उन्हें लो ग्रेड लेफ्ट साइड इंजरी (पेट के निचले हिस्से में दर्द) है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार रात को बताया कि हेजलवुड की जगह सीन एबॉट और ब्रेंडन डॉगेट को स्क्वॉड में शामिल किया गया है। हेजलवुड ने पर्थ टेस्ट में 5 विकेट लिए थे। उन्होंने पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में एक विकेट लिया था।

## दक्षिण अफ्रीका के 3 क्रिकेटर गिरफ्तार

# क्रिकेट में फिर निकला मैच फिक्सिंग का जिन्न

**जोहानसबर्ग, एजेंसी।** क्रिकेट जैसे खेल में मैच फिक्सिंग करना बहुत बड़ा अपराध है. इसका खुलासा होने के बाद इस अपराध को करने वाले खिलाड़ियों को जेल भी हो जाती है. ऐसा ही एक मामला दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट में देखने को मिला है. जहां 8 साल पुराने मैच फिक्सिंग कांड का खुलासा हुआ है, जिसके लिए तीन खिलाड़ियों को गिरफ्तार किया गया है. इस कांड के लिए थामी सोलेकिल, लोनावो त्सोटोबे और एथी मबालाती को गिरफ्तार किया गया है. इन तीनों क्रिकेटरों को 18, 28 और 29 नवंबर को गिरफ्तार किया गया. इन पर 2015-16 टी20 रैम स्लैम चैलेंज टूर्नामेंट में मैच फिक्सिंग में शामिल होने का आरोप है. यह गिरफ्तारी डीपीसीआई की सीरियस करप्शन इन्वेस्टिगेशन यूनिट द्वारा की गई. यह जांच 2016 में व्हिसलब्लोअर द्वारा किए गए खुलासे पर आधारित थी. क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के एंटी-करप्शन अधिकारी द्वारा गुलाम बोदी की संदिग्ध गतिविधियों का पता चलने के बाद जांच शुरू की गई थी.




थामी सोलेकिल और लोनावो त्सोटोबे पर प्रिवेंशन एंड कंट्रोल ऑफ करप्शन एक्ट, 2004 के तहत 5 आरोप लगाए गए हैं.

## न्यूज बाइट्स

### संविधान दिवस पर सात दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** कथरूआ इंग्लिश फॉर्म के डॉक्टर राम मनोहर लोहिया सभागार मे हर साल की भांति इस वर्ष भी संविधान दिवस के अवसर पर सात दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के चौथे दिन मुख्य अतिथि के रूप में डॉ0उमेश यादव पूर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा (जाप), जगनारायण सिंह यादव बार एसोसिएशन सेक्रेटरी औरंगाबाद, अधिवक्ता शिवकुमार,ललन सिंह, वासुदेव यादव उपस्थित हुए। जिसमें मुख्य अतिथि द्वारा पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को इंग्लिश फॉर्म के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने हाथों से बनाए हुए पेंटिंग एवं संविधान की उद्देशिका भेंट कर सम्मानित किया गया।

### शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में योजनाओं पर विस्तृत चर्चा, कई निर्देश जारी

# निजी विद्यालय में गरीब परिवार के बच्चों का नामांकन नहीं होने पर की जाएगी कार्रवाई

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



शनिवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत में गत बैठकों के अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। इसमें जिले में संचालित योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी दयाशंकर ने विभिन्न योजनाओं और उनकी प्रगति की जानकारी दी। बैठक में यह पाया गया कि जिले के आठ नवसृजित प्राथमिक विद्यालयों के भवन निर्माण में भूमि की अनुपलब्धता बाधा बनी हुई है। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि इन विद्यालयों की भौतिक स्थिति की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। साथ ही, भूमि की समस्या के समाधान के लिए अंचलाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सुझाव लेने की बात कही। शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी विद्यालयों में पहली कक्षा में कमजोर एवं अलाभकारी वर्गों के छात्रों का 25% नामांकन अनिवार्य है। हालांकि, अधिकांश विद्यालय इसका पालन नहीं कर रहे हैं। जिला पदाधिकारी ने इस संदर्भ में सभी निजी विद्यालयों की जांच कर अगली बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत सभी जिला और प्रखंड स्तरीय अधिकारी एवं संभाग प्रभारी उपस्थित रहे। जिला पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों से योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस समीक्षा बैठक के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने और योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने के प्रयासों को नया आयाम दिया गया।

#### दिव्यांग बच्चों के लिए समावेशी शिक्षा पर जोर

दिव्यांग बच्चों की शिक्षा को लेकर विशेष ध्यान देने के लिए जिला पदाधिकारी ने एक जांच टीम गठित करने का आदेश दिया। टीम जिले के सभी दिव्यांग बच्चों की पहचान करेगी और उनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड जारी किया जाएगा।

#### आधार कार्ड निर्माण में तेजी लाने का निर्देश

छात्र-छात्राओं के आधार कार्ड निर्माण की प्रक्रिया धीमी पाई गई, जिसे लेकर जिला पदाधिकारी ने इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग के तहत संचालित अन्य योजनाओं पर भी चर्चा की गई। योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

# विशेष स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी भीड़, लोगों ने उठाया मुफ्त चिकित्सा सेवाओं का लाभ



- शिविर में 100 से ज्यादा मरीजों ने उठाया स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को सदर अस्पताल के रेडक्रॉस भवन के सभागार में विशेष दूरस्थ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन जिला स्वास्थ्य समिति औरंगाबाद के तत्वावधान में किया गया था, जिसमें नगर परिषद और भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी का सहयोग मिला। शिविर का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को मुफ्त और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस कार्यक्रम का उद्घाटन नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता, रेडक्रॉस चेयरमैन सतीश कुमार सिंह, सचिव दीपक कुमार, सीएस डॉ. रवि भूषण श्रीवास्तव, डीपीएम मो. अनवर आलम, एसीएमओ डॉ. किशोर कुमार, आरबीएस की मैनेजर नीलम रानी, डीसीएम कुमार आनंद, और डॉ. रवि रंजन सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने दीप जलाकर किया। उद्घाटन समारोह में सभी ने स्वास्थ्य सेवाओं को समाज के हर तबके तक पहुंचाने का संकल्प लिया। सीएस डॉ. रवि भूषण श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और हर व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने डॉक्टरों और कर्मियों को प्रेरित करते हुए कहा कि समाज के सबसे कमजोर तबके को भी गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि आगे आने वाले समय में इस तरह के स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगाए जाएंगे, ताकि गांव के लोग भी इन सेवाओं का लाभ उठा सकें। इस शिविर की जानकारी आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से लोगों तक पहुंचाई गई थी। शिविर में आए लोगों ने इस पहल की जमकर सराहना की। मरीजों का कहना था कि उन्हें एक ही जगह पर कई प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं मिल गईं, जो आमतौर पर मुश्किल होती हैं। इस शिविर की सफलता ने जिला स्वास्थ्य समिति और संबंधित अधिकारियों को और प्रेरित किया है। भविष्य में इसे बड़े पैमाने पर गांव और कस्बों तक पहुंचाने की योजना बनाई जा रही है, जिससे हर जरूरतमंद को चिकित्सा सेवाएं मिल सकें। औरंगाबाद में इस स्वास्थ्य शिविर ने न केवल मरीजों को राहत पहुंचाई, बल्कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक नई दिशा भी दी है।

#### शिविर में स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत व्यवस्था

इस शिविर में कई महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान की गईं, जिनमें पोषण परामर्श केंद्र, नेत्र जांच, टीबी, कुष्ठ रोग, परिवार नियोजन, खून जांच, बीपी, शुगर, और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की जांच और इलाज शामिल था। शिविर में आए मरीजों को डॉक्टरों द्वारा न केवल परामर्श दिया गया, बल्कि निशुल्क दवा वितरण भी किया गया। 100 से अधिक मरीजों ने इस शिविर का लाभ उठाया और अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान पाया। खासतौर पर गरीब और वंचित वर्ग के लोगों के लिए यह शिविर एक बड़ी राहत लेकर आया।

# एनटीपीसी में हुआ मिलेट्स मेले का आयोजन

**निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)**



नवीनगर में केन्द्रिय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की एनएसटीपीएस इकाई द्वारा आम नागरिकों में 'श्री अन्न' के प्रति जागरूकता फैलाने और उसे प्रोत्साहित करने के लिए एक भव्य 'मिलेट्स मेला' का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्घाटन एनटीपीसी नबीनगर के परियोजना प्रमुख सह मुख्य महाप्रबंधक चन्दन कुमार सामंता और सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट श्री राघवेन्द्र सिंह के द्वारा किया गया। इस मेले में न केवल स्थानीय लोग, बल्कि केन्द्रिय विद्यालय और बाल भारती स्कूल के बच्चे और शिक्षक भी शामिल हुए। इस अवसर पर सीआईएसएफ द्वारा बच्चों और स्टाफ के लिए मिलेट्स से संबंधित जागरूकता कक्षाएं आयोजित की गईं। ये कक्षाएं बच्चों को श्री अन्न के लाभों और उसे अपने आहार में शामिल करने के तरीके के बारे में बताने का एक महत्वपूर्ण कदम थी। मेले में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन प्रस्तुत किए गए थे, जो विशेष रूप से मिलेट्स (मोटे अनाज) से बनाए गए थे। इन स्टॉल्स पर इडली डोसा, रागी के लड्डू, बाजरे की रोटी, चूरमा, मिलेट्स गुलाब जामुन, खस्ता कचौड़ी, सावा पुलाव, खिचड़ी आदि स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध थे। इस आयोजन ने खाने के साथ-साथ शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए कई प्रकार के खेल और फिटनेस चैलेंज भी आयोजित किए, जिससे मेले का माहौल और भी जीवंत हो गया। बच्चों के लिए विभिन्न आकर्षणों की व्यवस्था की गई थी, जिनमें उन्होंने भरपूर आनंद लिया। यह आयोजन न केवल नबीनगर के आस-पास के क्षेत्र के नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण था, बल्कि इससे पूरे इलाके में मिलेट्स के बारे में जागरूकता बढ़ी और लोगों को इसके स्वास्थ्य लाभ के बारे में बताया गया। मिलेट्स या 'श्री अन्न' के रूप में ज्वार, बाजरा, रागी, कगनी, सावा, कुटकी जैसे अनाज न केवल मानवता के लिए पुराने खाद्य पदार्थों में से हैं, बल्कि यह कम पानी और कम मिट्टी में उगने वाली जलवायु अनुकूल फसले हैं। इन अनाजों में भरपूर मात्रा में फाइबर, विटामिन बी, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, जिंक, पोटेशियम और सेलेनियम जैसे आवश्यक पोषक तत्व होते हैं। इसके अलावा, श्री अन्न शुगर कंट्रोल, कोलेस्ट्रॉल कम करने, आंतों के स्वास्थ्य, रक्तचाप नियंत्रण, इड्डी और मांसपेशियों के लिए भी लाभकारी होते हैं। कृषि और स्वास्थ्य दोनों दृष्टियों से श्री अन्न महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह मानव और मिट्टी दोनों की रक्षा करता है। यही कारण है कि इसे 'सुपर फूड, 'न्यूट्री अनाज' और 'क्लाइमेट स्मार्ट अनाज' की उपाधियों से नवाजा गया है। इस मेला के आयोजन के जरिए सीआईएसएफ के एनएसटीपीएस नबीनगर ने मिलेट्स की उपज और घरेलू खपत को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया है। यह कदम न केवल क्षेत्रीय स्वास्थ्य को बढ़ावा देगा, बल्कि भारत की ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित रखने में भी महत्वपूर्ण साबित होगा।

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत सुरेंद्र पासवान को दो लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान



**निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)**

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत सुरेंद्र पासवान को दो लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। यह सहायता राशि दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक की चौथी बिगहा शाखा में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दी गई। सुरेंद्र पासवान, ग्राम गोपालपुर, पोस्ट सिंघाड़ी के निवासी हैं। बैंक की ओर से बताया गया कि उनकी पत्नी बेलमंती देवी का बीमा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत कराया गया था। दुर्भाग्यवश, किसी दुर्घटना के कारण उनकी मृत्यु हो गई। बीमा योजना के तहत सुरेंद्र पासवान को दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। चौथी बिगहा शाखा के प्रबंधक कुमार शैलेश ने सुरेंद्र पासवान को सहायता राशि का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाएं आम जनता के लिए बेहद लाभदायक हैं। सभी नागरिकों को इन योजनाओं से जुड़कर अपने और अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित बनाना चाहिए।

## औरंगाबाद में आज बाधित रहेगी बिजली



**औरंगाबाद (एसवीवी सं.)।** आज लाइन मेंटेनेंस हेतु कर्मा रोड पीएसएस से निकलने वाली 11 केवी टाउन-1 एंड टाउन-2 फीडर सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक एवं बियाडा पीएसएस से निकलने वाले सभी 11 केवीफीडर प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक बंद रहेगा। इसकी जानकारी कनीय विद्युत अभियंता शहरी 2 औरंगाबाद राजू प्रसाद गुप्ता के द्वारा दी गई। उन्होंने सभी उपभोक्ता से अनुरोध किया है कि अपना सभी काम ससमय निपटा लें।

# पैसेंजर स्पेशल ट्रेन परिचालन से औरंगाबाद के यात्रियों को सुविधा

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

गया जंक्शन का पुनर्विकास कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी के मद्देनजर गया जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या 6 और 7 पर 24 नवंबर से 7 दिसंबर यानि कि 45 दिनों का ब्लॉक लिया गया है। जिसके कारण कई ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गया जंक्शन से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के लिए 5 तक दो पैसेंजर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। सप्ताह के प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार और रविवार को एक वन-वे मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन 03699 और गया-डीडीयू मेमू पैसेंजर स्पेशल का परिचालन किया जाएगा। इस दौरान स्पेशल ट्रेन का गया समेत 7 स्टेशनों पर ठहराव सुनिश्चित किया गया है। जिसमें औरंगाबाद जिले के दो रेलवे स्टेशन रफीगंज और अनुग्रह नारायण रोड रेलवे पर ठहराव सुनिश्चित किया गया है। इस ट्रेन से छात्र, मजदूर के साथ अन्य यात्रियों को गया रेलवे स्टेशन से आने में सुविधा मिलेगी। रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्या 13243 पटना-गया-भभुआ रोड एक्सप्रेस और 13244 भभुआ रोड पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन 24 नवंबर से 07 जनवरी तक परिवर्तित मार्ग वाया पटना-आरा-सासाराम के रास्ते परिचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 14223 और 14224 राजगीर-वाराणसी बुद्धपूर्णिमा एक्सप्रेस का परिचालन 06 जनवरी तक पटना-बक्सर-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते किया जाएगा। ट्रेन संख्या 03381 गया-डेहरी ऑन सोन मेमू व 03382 डेहरी ऑन सोन-गया मेमू को रद्द कर दिया गया है। ट्रेन संख्या 14260 और 14262 लखनऊ-गया एकात्मता एक्सप्रेस का आंशिक समापन गया के बदले पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से किया जाएगा। 4 जनवरी तक गाड़ी संख्या 22409 और 22410 आनंद विहार गरीब रथ एक्सप्रेस का आंशिक समापन गया के बदले पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन में किया जाएगा।

# पैक्स चुनाव : तीसरे चरण का मतदान संपन्न, दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे, कई घायल, दो गंभीर

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

प्राथमिक कृषि साख सहयोग समितियों(पैक्स) के चुनाव में लोकसभा-विधानसभा चुनाव जैसी चुनावी रंजिश की खबरे सामने आ रही है। चुनावी रंजिश में दो पक्षों में हिंसक झड़प का एक ऐसा ही मामला औरंगाबाद में सामने आया है। घटना औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के भरथौली गांव की है, जहां पैक्स चुनाव के दूसरे चरण का मतदान संपन्न होने के बाद खैराबिंद पैक्स के दो प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में जमकर हिंसक झड़प हुई। दोनो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले है। झड़प में कई लोग घायल हुए है, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों का औरंगाबाद सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। मामले को लेकर दोनों पक्षों द्वारा स्थानीय थाना में एक-दूसरे के खिलाफ दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। औरंगाबाद मुफ्फसिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया है कि भरथौली गांव में पैक्स चुनाव को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हुई है। मामले में दोनों पक्षों से 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों में पैक्स अध्यक्ष प्रत्याशी स्वर्णजीत सिंह, उसका भाई मंजीत सिंह एवं अन्य शामिल है। मौके से पुलिस ने तीन खोखा बरामद किया है। साथ ही एक स्कोर्पियों से शराब की एक बोतल बरामद की गई है। पुलिस ने स्कोर्पियो को जब्त कर लिया है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## रफीगंज में 10 पैक्सों के चुनाव परिणाम आए चार नये चेहरे जीत



**निज सं. | रफीगंज(औरंगाबाद)**

रफीगंज प्रखंड के पैक्स चुनाव 10 परिणाम आये है। अरथूआ पंचायत से धीरेन्द्र गुप्ता उर्फ साधू जी को 482 एवं नन्दू कुमार को 425 मत मिला। पुनः धीरेन्द्र गुप्ता 57 मत से विजयी हुये। केराप पंचायत से बसंत यादव को 1044 मत मिला।दूसरे स्थान पर पुनम देवी को 526 मत मिला। पुनः बसंत यादव 528 मत से विजयी हुये। ईटार पंचायत से संजय यादव को 535 दूसरे स्थान पर पुनम देवी को 416 मत मिला। संजय यादव पुनः119 मत से विजयी हुये। गोरडीहा पंचायत से लालमोहन यादव 442 दूसरे स्थान पर सत्येंद्र यादव को 338 मत मिला। पुन; लालमोहन यादव 104 मत से विजयी हुये। ढोसिला पंचायत से मनीष कुमार 911 दूसरे स्थान पर सच्चिदानंद सिंह 797 को मत मिला ।

## हसपुरा प्रखण्ड के पैक्स चुनाव का रिजल्ट घोषित



**निज सं. | हसपुरा (औरंगाबाद)**

हसपुरा प्रखंड में 14 पंचायत में हुये पैक्स चुनाव का परिणाम शनिवार को घोषित किया गया। सुबह आठ बजे से हसपुरा गौतम बुद्ध भवन में मतगणना का कार्य प्रारंभ किया गया। बीडीओ सह निर्वाचन पदाधिकारी प्रदीप कुमार चौधरी एवं अंचलाधिकारी कौशल्या कुमारी के नेतृत्व में पंचायत वार पंचायत मतगणना किया गया। हसपुरा पंचायत से ओमप्रकाश चौधरी ने 876 मत लाकर दूसरे स्थान पर रहें शमीम अहमद 677 मत को 199 मत से पराजित किया। वहीं अमझर शरीफ पंचायत से शब्या देवी ने अपने प्रतिद्वंदी राकेश कुमार को 231 मत से जीत दर्ज किया। इस दौरान दाउदनगर एसडीएम मनोज कुमार एवं एसडीपीओ कुमार ऋषिराज निरीक्षण करते रहें। हसपुरा पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रही।

जय जवान... जय किसान...
ग्राम पंचायत सोनहुली से पैक्स अध्यक्ष पद के लिए
सुयोग्य, कर्मठ, संघर्षशील एवं शिक्षित उम्मीदवार
राकेश सिंह

राकेश सिंह
को चुनाव चिन्ह क्र.सं. 03 किताब छाप
पर मुहर लगाकर भारी से भारी मतों से विजयी बनायें।
निवेदक - ग्राम पंचायत सोनहुली के समस्त जनता।

# शादियों में दिखावे के लिए किए जा रहे हैं अनावश्यक खर्च विषय पर विचार गोष्ठी



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जिला मुख्यालय औरंगाबाद के महाराणा प्रताप चौक के समीप सिद्धपीठ प्रक्षेत्र में समकालीन जवाबदेही परिवार के तत्वावधान में 'शादियों में की जा रही दिखावे के लिए अनावश्यक खर्च विषय पर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता सेवानिवृत्ति सीआईडी अधिकारी अर्जुन सिंह उर्फ संत जी तथा इसका कुशल संचालन शिव शिष्य पुरुषोत्तम पाठक ने किया। इस अवसर पर सबने एक स्वर से इस बात की वकालत की कि शादी विवाह में फिजूल खर्ची कतई जायज नहीं मानी जा सकती।हम सब मितव्ययिता की दुहाई देते हैं पर इसे अमल में ना ला पाते हैं ।यही कारण है कि आज तथाकथित मध्य वर्ग क्रमशः गरीब होते जा रहा है ।जरूरत इस बात की है कि लोग इसे समझें और शादी को एक अनुष्ठान,एक संस्कार मानकर विधि सम्मत ढंग से संपन्न करायें, इसे संस्कारगत स्वरूप दें।फिजूल खर्ची से बचें।उत्सव तो दीपक के प्रकाश में भी मनायें जा सकते हैं फिर इतना तामझाम क्यों। मौके पर प्रोफेसर सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह,डॉ शिवपूजन सिंह,डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, नारायण सिंह, इंजीनियर अर्जुन सिंह, कवि लवकुश प्रसाद सिंह, प्रो रामविलास प्रसाद, अलख देव सिंह, पूर्व मुखिया अशोक सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से उद्योगों की मांग पूरी होगी : श्रम संसाधन मंत्री

**निज संवाददाता | पटना**



श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा है कि उद्योगों और प्रशिक्षण संस्थानों के बीच मजबूत साझेदारी से राज्य में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से उत्कृष्टता केन्द्र (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) की स्थापना की गयी है। यह पहल आधुनिक और पारम्परिक व्यवसायों के लिए विशेष प्रशिक्षण प्रदान करने, उद्योग की जरूरतों को पूरा करने और अर्थव्यवस्था को गति देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। शनिवार को नियोजन भवन परिसर से राज्य के सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण के लिए टाटा टेक की ओर से प्रदान किए गए 22 नए इलेक्ट्रिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए मंत्री ने कहा कि उद्योगों की मांग के अनुसार बहू-कौशल मॉड्यूलर पाठ्यक्रम लागू किए जाएंगे। भवन, उपकरण और अन्य आधारभूत सुविधाओं को उन्नत किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रमों के नियोजन और कार्यान्वयन में उद्योगों और अन्य हितधारकों की भागीदारी सुनिश्चित होगी। अकादमिक, प्रशासनिक, वित्तीय और प्रबंधन मामलों में संस्थानों को पर्याप्त स्वायत्तता दी जाएगी। संस्थानों के विकास के लिए आय उत्पन्न करने की योजनाएं बनाई जाएंगी। औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों के कर्मियों की जरूरतों के अनुसार विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। पूरी तरह उद्योग-केन्द्रित प्रशिक्षण के लिए निकट साझेदारी में संस्थान प्रबंधन समितियों की स्थापना होगी।

# विधानसभा चुनाव के लिए सचेत रहने की हैं जरूरत : उपेन्द्र कुशवाहा



**पटना(नि.सं.)।** आगामी बिहार विधानसभा को लेकर सभी को सचेत रहने की जरूरत है। कुछ लोग साजिश में लगे हुए हैं कि केन्द्र और राज्य की एनडीए सरकार को अस्थिर किया जाए। ये बातें रालोमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद उपेन्द्र कुशवाहा ने कही। शनिवार को वे दारोगा राय पथ स्थित पटेल सेवा संघ भवन में भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल की 149वीं जयंती समारोह का उद्घाटन करने के बाद उसे संबोधित कर रहे थे। अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा की ओर से आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बार-बार कहा है कि इस बार 225 विधानसभा सीट पर जीत हासिल करनी है। इसलिए यह जीत की संख्या 226 हो जाए, कम न हो। समय कम है इसलिए एकजुटता को कायम रखने और मजबूत बनाने का काम हमलोग करेंगे।

बिहार सरकार
संदेश
महामोग्लान दिवस
अग्रहायण अमावस्या : 01 दिसम्बर, 2024
मुख्य मंत्री
बिहार
महामोग्लान के महापरिनिर्वाण दिवस "अग्रहायण अमावस्या" को महामोग्लान दिवस के पावन अवसर पर हम शांतिदूत महामोग्लान का पुण्य स्मरण करते हैं।
महामोग्लान भगवान गौतम बुद्ध के प्रमुख शिष्य थे। भगवान बुद्ध की शिक्षा को प्रसारित करने में धम्मसेनापति महामोग्लान का अद्वितीय योगदान रहा है जो हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।
आइये, हम सब महामोग्लान के द्वारा बताए गये मार्ग पर चलकर विश्व में शांति तथा भाईचारे का संदेश फैलायें।
(नीतीश कुमार)
PR No.- 012454 (Youth, Art & Culture)D. 2024-25